॥ श्री ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

२०९

श्रीवामनाचार्यविरचिततदुपज्ञवृत्तिक-

काव्यालङ्कारसूत्राणि

श्रीगोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपालविरचित-

'काव्यालङ्कारकामधेनु'-टीकया हिन्दीव्याख्यया चोपेतानि

हिन्दीव्याख्याकार

डॉ० बेचन झा

(अध्यक्ष संस्कृत विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना)

प्रस्तावनालेखक

डॉ० रेवाप्रसाद द्विवेदी

(अध्यक्ष साहित्यविद्याविभाग, प्राच्य विद्या धर्मविज्ञान सकाय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

१९७१

THE

KASHI SANSKRIT SERIES

209

****

KĀVYĀLANKĀRA SŪTRA

OF

ĀCHĀRYA VĀMANA

With the

Kāvyālankārakāmadhenu Sanskrit commentary

OF

ŚRĪ GOPENDRA TRIPURAHARA BHŪPĀLA

Edited With Hindi Translation

BY

DR BECHANA JHĀ

Prof of Sanskrit Patna University Patna

INTRODUCTION

BY

Dr REWĀPRASĀDA DWIVEDĪ

Head of Sahityavidya B H U Varanasi

THE

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

VARANASI-1

1971

प्रस्तावना

'उन्मीलत्प्रतिभानकन्दमुदयत्सन्दर्भनाल लस
च्छ्लेषव्याकुलशब्दपत्रमतुल बन्धारविन्द सदा।
अभ्यासीनमलद्विक्रियापरिलसद्गन्ध वचोदैवत
वन्दे रीतिविकासमाशु विगलन्माधुर्यपुष्पासवम् ॥ —कामधेनु ।

प्रस्तुत ग्रन्थ 'काव्यालकारसूत्रवृत्ति' १२०० वर्ष प्राचीन ग्रन्थ है। इसका निर्माण ८०० ई० मे हुआ था। इसके रचयिता हैं आचार्य वामन। इनके समय तक भारतीय काव्यसमीक्षा का इतिहास अपने कम से कम १००० वर्ष बिता चुका था[1]। इस अवधि मे काव्य को अकाव्य से भिन्न करने वाले जिन तत्त्वो की पहचान की गई थी वे थे—

१ रस तत्त्व
२ अलकार तत्त्व[2] और
३ गुण तत्त्व

ये तत्त्व सग्राह्य तत्त्व थे। इनके अतिरिक्त काव्यात्मक अभिव्यक्ति में परित्याज्य तत्त्वो के रूप मे दोषो का भी विचार किया गया था।

वामन तक इन तत्त्वो का निरूपण जिन जिन आचार्यों ने किया था वे ये हैं—

१ भरत[3] [ई पू २०० से ई २००]

---

१ कम से कम इसलिए कि—

(क) भरत के जिस नाट्यशास्त्र को प्रथम ग्रन्थ माना जाता है उसका रचनाकाल निश्चित नहीं है तथा

(ख) 'का ते अस्त्यलकृति सूक्तैः' इत्यादि वचनों में अलंकृतितत्त्व पर ऋग्वेद का द्रष्टा ऋषि भी ध्यान देता दिखाई देता है। ऋग्वेद की उपलब्ध सहिता का सकलनकाल १२०० ई० पू० से कम नहीं माना जाता।

२ भरत ने लक्षणनामक भूषण तत्त्व को भी काव्यतत्त्व के रूप मे अपनाया है, किन्तु उसका अन्तर्भाव अलकार तथा गुणो मे ही हो जाता है।

३ भरत का ग्रन्थ नाट्यशास्त्र, चौखम्बा, बडौदा तथा एशियाटिक सो० कलकत्ता से प्रकाशित।

२ दण्डी[1] [ई० ६६० से ६८०]
३ भामह[2] [ई० ७०० से ७२५]
४ उद्भट[3] [ई० ७५० से ८०० प्राय समकालीन]

इनमे से उद्भट ने अपने ग्रन्थ 'काव्यालकारसारसग्रह' मे केवल उपमा आदि अलंकारो का निरूपण किया है। शेष सभी आचार्यों मे उक्त सभी तत्त्वो पर विचार मिलता है। सभी तत्त्वों पर विचार करने पर भी इन आचार्यों ने एक एक तत्त्व को महत्त्व दिया है। भरत का कहना है 'रस काव्यार्थं' अर्थात् 'रस ही काव्य का प्रधान तत्त्व है'। दण्डी की मान्यता है 'काव्यशोभाकरान् धर्मानलकारान् प्रचक्षते—' काव्य मे शोभा की उत्पत्ति अलकारो से होती है [फलत सभी काव्यतत्त्वो मे वे ही प्रधान हैं] भामह अलकार को वक्रोक्तिस्वरूप मानते और कहते है—

सैषा सर्वत्र वक्रोक्तिरनयार्थो विभाव्यते।
यत्नोऽस्यां कविना कार्यं कोऽलकारोऽनया विना[6] ॥

—'सातिशय उक्ति ही वक्रोक्ति है। यही वह तत्त्व है जिससे काव्यार्थ विभावित होता है। कवि को चाहिए कि वह अपनी प्रतिभा इसी पर केंद्रित रखे और काव्य मे इसी की निष्पत्ति का प्रयत्न करता रहे। ऐसा कोई अलकार नही जो इसके बिना सभव हो।'

वे अपने ग्रन्थ का 'काव्यालकार' नाम देते हैं। इससे स्पष्ट है कि वे भी काव्य तत्त्वो मे अलकार को प्रमुख मानते हैं। उद्भट के ग्रन्थ का नाम 'काव्यालकारसार-

---

१ दण्डी का ग्रन्थ काव्यादर्श, अनेक बार प्रकाशित, उत्तम सस्करण शोधसस्थान पूना से श्री रगाचार्य रड्डीकी सस्कृत टीका के साथ १९३८ म प्रकाशित। दण्डी को बहुत से गवेषक भामह के बाद का मानते हैं। हमे यह मान्य नहीं है। द्र० हमारे 'अलकार-सर्वस्व' की भूमिका, चौखम्बा, वाराणसी १९७१।

२ भामह का ग्रन्थ 'काव्यालकार' चौखम्बा, वाराणसी से प्रकाशित।

३ उद्भट के ग्रन्थ का नाम 'काव्यालकारसार' और काव्यालकारसारसग्रह भी है। उत्तम सस्करण प्रतीहारेन्दुराज की लघुविवृति के साथ निर्णयसागर से प्रकाशित। श्रीवनहट्टी के अंग्रेजी अनुवाद तथा डॉ० राममूर्त्ति त्रिपाठी के हिन्दी अनुवाद के साथ इसके दो अन्य सस्करण भी प्रकाशित हैं।

४ नाट्यशास्त्र अध्याय ६, यद्यपि इसमे उपलब्ध रसनिरूपण प्रक्षिप्त है तथापि यह अश १० वी शती तक नाट्यशास्त्र में जुड चुका था, क्योंकि इस पर अभिनव गुप्त की व्याख्या मिलती है।

५ काव्यादर्श २।१

६ काव्यालकार

सग्रह' है और वे केवल अलकारो का निरूपण करते हैं, इसलिए अवश्य ही उन्हें भी अलकार मे भी अतिशय दिखाई देता है[1]। इससे स्पष्ट है कि भरत, दण्डी और भामह गुणतत्त्व से परिचित है किन्तु वे उसे महत्त्व नही देते, प्रधान नही मानते। भामह ने तो गुणो की सख्या मे कटौती की है। भरत तथा दण्डी ने गुणो की सख्या १० मानी थी। भामह ने उन्हें केवल ३ माना और उनका भी निरूपण मन मे नहीं किया[2]। दण्डी और भामह ने गुण के लक्षण पर भी ध्यान नही दिया। भरत ने ध्यान दिया था किन्तु उन्हे अभावात्मक माना था यह कहते हुए कि वे दोषविपर्यय हैं। अर्थ यह कि भरतने गुणों को भावात्मक तत्त्व स्वीकार नही किया था। इस प्रकार वामन के पहले तक काव्यशास्त्र के—

तथाकथित[4]—१ रससप्रदाय
२ अलकार सप्रदाय
३ गुण या रीति सप्रदाय
४ ध्वनि सप्रदाय
५ वक्रोक्ति-सप्रदाय तथा
६ औचित्य सप्रदाय

इन छ सप्रदायो म से केवल दो सप्रदायो की स्थापना हुई थी—

१ रससप्रदाय
२ अलकार-सप्रदाय

इनमे से रससप्रदाय को दण्डी और भामह ने अलकारसप्रदाय मे ही अन्तर्भूत मानना चाहा था। रसवदलकार की कल्पना कर इन आचार्यो ने रस को भी काव्य धम और अलकारात्मक काव्यधम मानना चाहा[5] था। इस प्रकार वामन के समय एक ही सप्रदाय का बोलबाला था—'अलकारसप्रदाय' का। एक विशेषता और थी। यह कि इस अवधि में अलकारतत्त्व भी बहुत ही स्थूल रूप और अत्यन्त संकीर्ण क्षेत्र तक सीमित कर दिया गया था। यह क्षेत्र था सादृश्य, आरोप, सभावन, सशय,

---

१ उद्भट ने भामह के काव्यालकार पर कोई टीका भी लिखी थी कदाचित् उसका विवरण नाम था।

२ काव्यालकार

३ नाट्यशास्त्र१७।९५ चौखम्बा स०। यदि दोषो को अभाव माना जाए तो भरत के अनुसार गुण अभावाभावात्मक होगे।

४ तथाकथित इसलिए कि शुद्ध सप्रदाय केवल ही दो हैं १ अलकार सम्प्रदाय २ ध्वनि सप्रदाय। इन ६ सप्रदायो की चर्चा सप्रदाय नाम से प्राचीन काव्यशास्त्र मे नहीं मिलती। द्र० हमारा ग्रन्थ 'आनन्दवधन'।

५ काव्यादर्श तथा काव्यालकार

विरोध आदि उक्तिप्रकारों का, जिन्हें उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, सदेह और विरोध आदि नामो से पुकारा जाता था। अलकारतत्त्व का जो महामहिम और विराट्, सवव्यापी, सर्वग्राही और विभुत्वमय स्वरूप नाट्यशास्त्र के पहले निरुक्त युग में या उसके भी पहले संहितायुग में था वह इस अवधि में उपेक्षित था[1]।

इस युग की एक कमी थी। यह कि इस युग मे जिस काव्य पर विचार किया जा रहा था उसका स्वरूप, उसको विजातीय तथा सजातीय तत्त्वो से पृथक् करने वाली उसकी मौलिकता का निरूपण नहीं हो सका था। भरत ने काव्य का कोई ऐसा स्वरूप प्रस्तुत किया ही नही। दण्डी ने कुछ कहा तो उनका वह कथन अपने आप मे एक कविता बन कर रह गया। उनने कहा था—'शरीर तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावलि'[2]—'काव्यशरीर है इष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली'। अर्थगत इष्टत्व और इष्ट अर्थ मे पदावली की अवच्छिन्नता इस उक्ति मे एक पहेली थी। उसका निर्वचन भाषाशास्त्र[3] के आधार पर किसी प्रकार कर भी लिया जाय तो इस उक्ति से निकलने वाले प्रतिबिम्ब को केवल काव्य का प्रतिबिम्ब नही कहा जा सकेगा। इसका बिम्ब काव्येतर वाङ्मय भी हो सकता है। यह परछाई जल पर पडी परछाई है जिसे देवदत्त का ही नही कहा जा सकता, वह यज्ञदत्त की भी हो सकती है। शास्त्रीय भाषा मे इसे हम अतिव्याप्ति दोष से दूषित कहेंगे। भामह ने भी इस दिशा में गभीरतापूर्वक विचार नही किया। वे बोले—'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्'[4] यानी 'शब्द और अर्थ मिलकर काव्य होते हैं'। क्या है यह मिलना? बडी खीचतान की गई। 'सहित शब्द की व्याख्या ने अपनी एक सुविशाल और युगों तक चलने वाली विचार परम्परा को जन्म दिया[5]। [ले देकर आना वही पडा जहाँ वामन खडे थे]

---

१ एतदर्थं द्रष्टव्य हमारे १९७१ में चौखम्बा से प्रकाशित हिन्दी अलकार सर्वस्व की भूमिका का 'अलकारतत्त्व' नामक अनुच्छेद।

२ काव्यादर्श १।१०

३ भाषाशास्त्र का अर्थ यहाँ वह नही है जो 'फायलालॉजी' शब्द से लिया जाता है। यहाँ इसका अर्थ व्याकरणशास्त्र की वह इकाई है जिसमे अर्थविचार किया जाता है। जो व्याकरण शास्त्र सस्कृत म चल रहा है उसकी वास्तविक सीमा शब्द रचना तक सीमित है।

४ भामह काव्यालकार १।१६। इधर कुछ विद्वान् भामह के इस वाक्य को उनका काव्यलक्षण न मानकर उनके 'वक्राभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलङ्कृति' इस वाक्य को काव्यलक्षण मानने लगे है। द्र० डॉ० देवेन्द्र नाथ शर्मा की हिन्दी-काव्यालकार भूमिका। वस्तुत यह परम्परा और तर्क दोनो के विरुद्ध है।

५ सहितशब्द से आनन्दवर्धन ने साहित्य शब्द निकाला, राजशेखर ने उसे

वामन के पूवतक काव्यशरीर और उसके तब तक आविष्कृत असाधारण तत्त्व रस, अलकार तथा गुणो में से किसी एक का भी स्वरूप इस प्रकार तय नही हुआ था कि उसे 'सिद्धान्त' कहा जा सके।

दोषो के निरूपण में भी कोई गभीर अध्ययन तब तक नहीं हुआ था। भरत से लेकर भामह तक दोषो की सख्या १० ही मानी जा रही थी। इनमे भी शब्द और अर्थ को लेकर वर्गीकरण को स्थान नही दिया गया था। एक सामान्य चर्चा द्वारा ही इन आचार्यों ने दोषो पर अपना विचार पर्याप्त समझ लिया था[1]। इस प्रकार—

भरत से भामह तक काव्यचिन्तन जिन जिन स्कन्धो मे विभक्त हो पाया था उन सबके विषय में हुआ मन्थन पूर्ण स्वस्थता और सिद्धान्तित वैज्ञानिकता तक नही पहुच पाया था। दूसरे शब्दो में यह युग, यह अवधि, यह अन्तराल सर्वथा धूमाच्छन्न और अविशद अन्तराल था। यह भाद्र और आश्विन का सन्धिकाल था, समीक्षा की प्रौढा शरत् या उसकी कार्तिकश्री, उसकी शापमोचिनी[2] प्रबोधिनी अभी दूर थी, यद्यपि वह अभिव्यक्ति के गर्भ मे पक चुकी थी और उसका प्रसव आसन्न था। प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता वामन ने आप्त भिषक्[3] का काय किया और अपनी सूक्ष्मेक्षिका रूपी सुदक्षिणा के गर्भ मे आए काव्यबोध के दिलीप को गतिमान् रघु या 'पूर्ण मानव' बना[4] दिया, माना कि वह 'परात्पर पुरुषोत्तम' कुछ बाद बना, जो वह न भी बनता तो अपूर्ण न रहता, उसमे केवल महिमा की ही कुछ कमी रहती। वामन के इस 'काव्यालकारसूत्रवृत्ति' ग्रन्थ से विदित होगा कि उनने भारतीय काव्यचिन्तन को कितना प्राञ्जल किया और उनकी उस चिन्तन को क्या देन है।

साहित्यविद्या बनाया। भोजने उससे द्वादशविध सम्बन्धो की रचना की, कुन्तकने उसमें बराबरी के साथ शोभाजनकता के दर्शन किए और साहित्यमीमांसाकार ने अष्टविध सम्बन्धवाद के। शारदातनय ने पुन भोज के मत को दोहराया। इस प्रकार ९ वी शतीसे १३ वीं शती तक 'साहित्य' पर विचार होता रहा। इस पर द्रष्टव्य हमारा ग्रन्थ 'साहित्यतत्त्वविमर्श'। इसका सक्षिप्त निरूपण डॉ० राघवन् ने भी अपने अंग्रेजी 'शृङ्गार प्रकाश' मे किया है।

१ इन सबका निरूपण आगे होगा।

२ मेघदूत के यक्षका शाप प्रबोधनी को ही छूटा था।

३ 'भिषग्भिराप्तै'० रघुवश सर्ग ३।१२

४ हमारा सिद्धान्त है कि रघुवश काव्यका नायक रघु ही था, भगवान् राम नही। द्र० हमारी आकाशवार्ता 'रघुवश या राजतन्त्र'। इस रूपक का अभिप्राय रघुवश द्वितीय तथा तृतीय सर्ग से समझ मे आ सकता है।

विरोध आदि उक्तिप्रकारों का, जिन्हें उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, संदेह और विरोध आदि नामों से पुकारा जाता था। अलंकारतत्त्व का जो महामहिम और विराट्, सर्वव्यापी, सर्वग्राही और विभुत्वमय स्वरूप नाट्यशास्त्र के पहले निरुक्त युग में या उसके भी पहले संहितायुग में था वह इस अवधि में उपेक्षित था[1]।

इस युग की एक कमी थी। यह कि इस युग में जिस काव्य पर विचार किया जा रहा था उसका स्वरूप, उसको विजातीय तथा सजातीय तत्त्वों से पृथक् करने वाली उसकी मौलिकता का निरूपण नहीं हो सका था। भरत ने काव्य का कोई ऐसा स्वरूप प्रस्तुत किया ही नहीं। दण्डी ने कुछ कहा तो उनका वह कथन अपने आप में एक कविता बन कर रह गया। उनने कहा था—'शरीरं तावदिष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली'—'काव्यशरीर है इष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावली'[2]। अभगत इष्टत्व और इष्ट अर्थ से पदावली की अवच्छिन्नता इस उक्ति में एक पहेली थी। उसका निर्वचन भाषाशास्त्र[3] के आधार पर किसी प्रकार कर भी लिया जाय तो इस उक्ति से निकलने वाले प्रतिबिम्ब को केवल काव्य का प्रतिबिम्ब नहीं कहा जा सकेगा। इसका बिम्ब काव्येतर वाङ्मय भी हो सकता है। यह परछाईं जल पर पड़ी परछाईं है जिसे देवदत्त का ही नहीं कहा जा सकता, वह यज्ञदत्त की भी हो सकती है। शास्त्रीय भाषा में इसे हम अतिव्याप्ति दोष से दूषित कहेंगे। भामह ने भी इस दिशा में गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया। वे बोले—'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्'[4] यानी 'शब्द और अर्थ मिलकर काव्य होते हैं'। क्या है यह मिलना? बड़ी खींचतान की गई। 'सहित' शब्द की व्याख्या ने अपनी एक सुविशाल और युगों तक चलने वाली विचार परम्परा को जन्म दिया[5]। [ले देकर आना वहीं पड़ा जहाँ वामन खड़े थे]

---

१ एतदर्थ द्रष्टव्य हमारे १९७१ में चौखम्बा से प्रकाशित हिन्दी अलंकार सर्वस्व की भूमिका का 'अलंकारतत्त्व' नामक अनुच्छेद।

२ काव्यादर्श १।१०

३ भाषाशास्त्र का अर्थ यहाँ वह नहीं है जो 'फायलालॉजी' शब्द से लिया जाता है। यहाँ इसका अर्थ व्याकरणशास्त्र की वह इकाई है जिसमें अर्थविचार किया जाता है। जो व्याकरण शास्त्र संस्कृत में चल रहा है उसकी वास्तविक सीमा शब्द रचना तक सीमित है।

४ भामह काव्यालंकार १।१६। इधर कुछ विद्वान् भामह के इस वाक्य को उनका काव्यलक्षण न मानकर उनके 'वक्राभिधेयशब्दोक्तिरिष्टा वाचामलंकृतिः' इस वाक्य को काव्यलक्षण मानने लगे हैं। द्र० डॉ० देवेन्द्र नाथ शर्मा की हिन्दी काव्यालंकार भूमिका। वस्तुतः यह परम्परा और तर्क दोनों के विरुद्ध है।

५ सहितशब्द से आनन्दवर्धन ने साहित्य शब्द निकाला, राजशेखर ने उसे

वामन के पूर्वतक काव्यशरीर और उसके तब तक आविष्कृत असाधारण तत्त्व रस, अलकार तथा गुणो में से किसी एक का भी स्वरूप इस प्रकार तय नहीं हुआ था कि उसे 'सिद्धान्त' कहा जा सके ।

दोषो के निरूपण में भी कोई गभीर अध्ययन तब तक नहीं हुआ था । भरत से लेकर भामह तक दोषो की सख्या १० ही मानी जा रही थी । इनमे भी शब्द और अर्थ को लेकर वर्गीकरण को स्थान नही दिया गया था । एक सामान्य चर्चा द्वारा ही इन आचार्यों ने दोषो पर अपना विचार पर्याप्त समझ लिया था[1] । इस प्रकार—

भरत से भामह तक काव्यचिन्तन जिन जिन स्कन्धो मे विभक्त हो पाया था उन सबके विषय में हुआ मन्थन पूर्ण स्वस्थता और सिद्धान्तित वैज्ञानिकता तक नही पहुच पाया था । दूसरे शब्दों मे यह युग, यह अवधि, यह अन्तराल सर्वथा धूमाच्छन्न और अविशद अन्तराल था । यह भाद्र और आश्विन का सन्धिकाल था, समीक्षा की प्रौढा शरद् या उसकी कार्त्तिकश्री, उसकी शापमोचिनी[2] प्रबोधिनी अभी दूर थी यद्यपि वह अभिव्यक्ति के गर्भ मे पक चुकी थी और उसका प्रसव आसन्न था । प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता वामन ने आप्त भिषक्[3] का कार्य किया और अपनी सूक्ष्मेक्षिका रूपी सुदक्षिणा के गर्भ मे आए काव्यबोध के दिलीप को गतिमान् रघु या 'पूर्ण मानव' बना दिया, माना कि वह 'परात्पर पुरुषोत्तम' कुछ बाद बना, जो वह न भी बनता तो अपूर्ण न रहता, उसमें केवल महिमा की ही कुछ कमी रहती । वामन के इस 'काव्यालकारसूत्रवृत्ति' ग्रन्थ से विदित होगा कि उनने भारतीय काव्यचिन्तन को कितना प्राञ्जल किया और उनकी उस चिन्तन को क्या देन है ।

साहित्यविद्या बनाया । भोजने उससे द्वादशविध सम्बन्धो की रचना की, कुन्तकने उसमें बराबरी के साथ शोभाजनकता के दर्शन किए और साहित्यमीमासाकार ने अष्टविध सम्बन्धवाद के । शारदातनय ने पुन भोज के मत को दोहराया । इस प्रकार ९ वी शतीसे १३ वीं शती तक 'साहित्य' पर विचार होता रहा । इस पर द्रष्टव्य हमारा ग्रन्थ 'साहित्यतत्त्वविमर्श' । इसका सक्षिप्त निरूपण डॉ० राघवन् ने भी अपने अग्रेजी 'शृङ्गार प्रकाश' मे किया है ।

१ इन सबका निरूपण आगे होगा ।

२ मेघदूत मे यक्षका शाप प्रबोधनी को ही छूटा था ।

३ 'भिषग्भिराप्तै'० रघुवश सर्ग ३।१२

४ हमारा सिद्धान्त है कि रघुवश काव्यका नायक रघु ही था, भगवान् राम नही । द्र० हमारी आकाशवार्त्ता 'रघुवश का राजतन्त्र' । इस रूपक का अभिप्राय रघुवश द्वितीय तथा तृतीय सर्ग से समझ मे आ सकता है ।

वामन की काव्यचिन्तन को देन

वामन ने अपने इस ग्रंथ में उक्त प्रत्येक विषय पर क्रान्तिकारी चिन्तन प्रस्तुत किया। हम उक्त विषयों में से एक एक विषय को अपनाएँ और उसपर वामन के विचारों तक पहुँचें। वामन के अव्यवहितपूर्व अलंकारों का चिन्तन चल रहा था अतः पहले हम अलंकारों को ही लें—

१ अलंकार

[क] वामन ने 'अलंकार' शब्द को उपमा, रूपक, दीपक आदि की सकोण सीमा और बाह्य सतह से ऊपर उठ व्याप्ति की अतिभूमि तक पहुँचे आयाम में और काव्य के अन्तस्तम तक निविष्ट तत्त्व के रूप मे देखा। यह तत्त्व था सौन्दर्य तत्त्व। संस्कृत के संपूर्ण काव्यशास्त्र में पहली घोषणा वामन की है कि—'काव्य का सर्वस्व सौन्दर्य है'। दुःख की बात है कि वामन ने सौन्दर्य के विषय में इससे अधिक कुछ नहीं लिखता, किन्तु पूर्ववर्ती आचार्यों ने तो इतना भी नहीं लिखा था। वामन ने अलंकार शब्द का प्रयोग उपमा आदि के लिये भी स्वीकार किया, किन्तु अमुख्य रूप में। उनका कहना है—

[सू०] 'सौन्दर्यमलंकार[1]।

[वृ०] अलंकृतिरलंकार, करणव्युत्पत्त्या पुनः अलंकारशब्दोऽयमुपमादिषु वर्तते।'

अर्थात् 'वस्तुतः तो अलंकारसंज्ञा सौन्दर्य को ही दी जा सकती है, उपमा आदि जो अलंकार कहा जाता है वह सौन्दर्योत्पत्ति में सहायक होने के कारण।' अभिप्राय यह कि अलंकारतत्त्व फलतत्त्व है, उपेयतत्त्व है, साधन और उपाय नहीं। साधन या उपाय के लिए अलंकार शब्द का प्रयोग मूर्ति या अर्चावतार के लिए भगवान् शब्द के प्रयोग के समान है। अर्चावतार या मूर्ति भगवत्तत्त्व का अभिव्यञ्जक एक कल्पित साधनमात्र है। वस्तुतः अलंकारसंज्ञा एक समग्र सत्ता है, ठीक वैसी है जैसी ब्रह्मसत्ता। 'ब्रह्म' ही 'अलं' है और 'अलं' ही 'ब्रह्म'। शब्द सृष्टि में 'अ' से लेकर 'ल्' तक की जो प्रत्याहार[2]—प्रक्रिया है वह यदि वाग्विश्व की समग्रता के लिए सक्षम शास्त्रीय परिभाषा[3] है, तो कोई

---

१ का० सू० १.२

२ प्रत्याहार प्रक्रिया अर्थात् वर्णसमाम्नाय में प्रथम और अन्तिम वर्ण को लेकर रची संज्ञा जो अपने अन्तिम वर्ण को छोड़ शेष सभी वर्णों की ज्ञापिका होती है यथा 'अण्' प्रत्याहार का अर्थ है 'अ इ उ' क्योंकि वर्णसमाम्नाय है 'अइउण्'। 'ण्' आदि केवल प्रत्येक अनुच्छेद के पृथक् उच्चारण के लिए है, क्योंकि उसके बिना 'अइउ' का अनुच्छेद ऋलृ के अनुच्छेद में पृथक् समझ में नहीं आ सकता।

३ व्याकरण के अइउण् आदि १४ महेश्वर सूत्र का प्रत्येक वर्ण 'अ' और 'ल्' से बने 'अल्' प्रत्याहार में आ जाता है।

कारण नहीं कि उसे ब्रह्मतत्त्व से भिन्न माना जाए, क्योंकि शब्द और अर्थ दोनों सारस्वत समुद्र की दो ऊर्मियाँ हैं, जो परस्पर मे अभिन्न हैं क्योंकि दोनों ही अपने मूलरूप मे समुद्र[१] हैं। इस प्रकार ब्रह्मदेव की सृष्टि मे जो तत्त्व ब्रह्मतत्त्व के रूप मे अभिव्यक्ति पाता है वही तत्त्व कवि की सृष्टि में 'अल' तत्त्व के रूप म। यदि कवि-सृष्टि ब्रह्मसृष्टि का प्रतिबिम्ब है, और यदि वह बिम्ब से अभिन्न है तो दोनो बिम्बो से व्यग्य वस्तु मे भी अभेद होगा और अ ततः यही स्वीकार करना होगा कि 'अलम्' और 'ब्रह्मन्' मे मूलत अद्वैत है।

इस महत्, इस विभु और इस निरतिशय[२] तत्त्व से अलकार तत्त्व का अभेद वामन का ही दर्शन है। सचमुच यह वामन का आचार्यत्व है, ऋषित्व है। दृष्टि की यह समग्रता वामन के चिन्तन को काव्यक्षेत्र में परा भूमिका पर प्रतिष्ठित कर रही है। काव्यक्षेत्र का भावुक यात्री कदाचित् धृष्टता समझे, किन्तु यह कहे बिना रहा नही जाता कि आनन्दवर्धन[३] और अभिनवगुप्त की भी दृष्टि खण्डदृष्टि थी। काव्यसौन्दर्य को समग्रता मे वे भी देख नही सके, और यदि देख भी सके तो कह नही सके। उनका ध्वनिवाद या रसवाद सौन्दर्यरूपी शरत्पूर्णिमा के निरभ्र महाव्योम का एक 'एकल' है, महातारक है, वह सौन्दर्य की महती व्याप्ति का कृत्स्न परिवेष, पूर्ण अवच्छेदक नही कहा जा सकता। इस दिशा मे वक्रोक्तिसम्प्रदाय कुछ आगे बढा माना जा सकता है। किन्तु सौन्दर्यतरंग एक महातरंग है। उसकी समेपकता और सम्प्रेषणीयता की होड नहीं। रस, ध्वनि और ऐसे ही अन्य शब्द सौन्दर्य के सामने फीके है। कदाचित् इसलिए महिमभट्ट की लेखनी से भी निकल गया था 'कवि सौन्दर्य के लिए काव्यकर्म म प्रवृत्त होता है—'सौन्दर्यातिरेकनिष्पत्तये कवे काव्यक्रियारम्भ'। जिसे संस्कृत भाषा के सतत गतिमान् अच्छिन्न प्रवाह का रस प्राप्त होगा वह बड़भागी सौन्दर्य शब्द सुनते ही स्मरण करेगा और सुन्दर के अपभ्रंश मे छिपे ऋग्वेद के सूनर शब्द तक जा पहुँचेगा और तब सूनरी उषा की मधुमय चूनरी का दर्शन कर वह अवश्य ही अलतत्त्व तक जा पहुँचेगा, किसी महान् रस मे डूब जायगा। उषा का स्मरण उसके लिए सौन्दर्यतत्त्व की व्याख्या की अपेक्षा न रहने देगा।

---

१ स्मरणीय—'अभिधानात्मकप्रपञ्चोत्पादनानुकूलशक्त्यवच्छिन्न संविदानन्द' शब्द और 'अभिधेयात्मकप्रपञ्चोत्पादनानुकूलशक्त्यवच्छिन्न सदानन्द' अर्थ माना जाता है। ये दोनों 'तदभिन्नाभिन्ने तदभिन्नत्वम्' के अनुसार एक ही है।

२ अतिशयहीन अर्थात् अतिशय की चरम और परम स्थिति को प्राप्त। अर्थात् जिसमे अब और अतिशय सभव नही है।

३ आनन्दवर्धन का चिन्तन सौन्दर्योपादानो की व्यवस्था तक सीमित है। उनकी 'ध्वनि' सौन्दर्य नहीं सौन्दर्यसाधन है। जहाँ तक रस का सबध है वह काव्य-तत्त्व नहीं, सहृदयगत धर्म है। हमने अपने अनेक लेखो मे यह स्पष्ट कर रखा है।

वामन के इस सौंदयतत्त्व के विषय मे यह जान लेना आवश्यक है, कि यह एक वस्तु निष्ठ धर्म है इसलिए रस से भिन्न है, क्योंकि रस प्रमातृनिष्ठ यानी व्यक्तिनिष्ठ तत्त्व है। वामन का चिंतन एक ऐसे वैज्ञानिक का चिन्तन है जो वस्तु का विश्लेषण स्वनिरपेक्ष होकर करता है यानी जो प्रतिबिम्ब को नही, उसके आधार पर बिम्ब को आंकता है।

[ख] वामन ने अलकार शब्द का प्रयोग उपमा आदि के लिए भी किया और उनका निरूपण एक स्वतन्त्र अधिकरण मे किया 'चतुथ अधिकरण' मे। इस अधिकरण मे पहले उनने अलकारो को शब्द और अथ के दो भागो मे विभक्त किया। ऐसा विभाजन भरत दण्डी और भामह ने नहीं किया था। उद्भट मे यह विभाजन मिलता है, किन्तु उद्भट वामन के लगभग समकालीन आचार्य हैं, जिनका वामन को ज्ञान नहीं है। विभाजन के साथ शब्द तथा अर्थ के अलकारो की सख्या मे भी वामन ने काफी छँटनी की। उनके समय तक अलकारों की सख्या ४२ थी।

इनमे से

दण्डी ने—

१ स्वभावोक्ति	२ उपमा	३ रूपक
४ दीपक	५ आवृत्ति	६ आक्षेप
७ अर्थान्तरन्यास	८ व्यतिरेक	९ विभावना
१० समासोक्ति	११ अतिशयोक्ति	१२ उत्प्रेक्षा
१३ हेतु	१४ सूक्ष्म	१५ लेश
१६ क्रम	१७ प्रेय	१८ रसवत्
१९ ऊर्जस्वि	२० पर्यायोक्ति	२१ समाहित
२२ उदात्त	२३ अपह्नुति	२४ श्लेष
२५ विशेषोक्ति	२७ तुल्ययोगिता	२६ विरोध
२८ अप्रस्तुतप्रशसा	२९ व्याजस्तुति	३० निदर्शना
३१ सहोक्ति	३२ परिवृत्ति	३३ आशी
३४ ससृष्टि	३५ भाविक	३६ यमक
३७ चित्र		

इन ३७ अलकारों की निष्पत्ति भरत के उपमा, रूपक, दीपक तथा यमक इन ४ अलकारों, ३६ लक्षणो और स्वचिन्तन के आधार पर की थी। इसके अतिरिक्त—

भामह ने—

१ अनुप्रास	२ उपमारूपक
३ उत्प्रेक्षावयव	४ उपमेयोपमा[1]
५ सन्देह	६ अनन्वय

१ भामह ने प्रतिवस्तूपमा का भी उल्लेख किया है किन्तु दण्डी के समान पृथक् रूप म नहीं।

इन ६ अलकारो की कल्पना की । यद्यपि इनमें अनुप्रास का स्वरूप दण्डी के काव्यादश मे ही स्पष्ट किया जा चुका था, किन्तु दण्डी ने अनुप्रास को अलकारो मे गिनाया नही था। अलकारो मे उसकी गणना का श्रेय भामह को ही है। इस प्रकार भामह तक अलकारो की सख्या ४३ हो चुकी थी। यद्यपि भामह स्वय ने इनमे से केवल ३८ अलकारो को ही अलकार माना है शेष—

१ आवृत्ति   २ हेतु   ३ सूक्ष्म
४ लेश   ५ चित्र

इन पाँच अलकारो को उनने अलकार स्वीकार नही किया। इनमे से आवृत्ति और चित्र पर वे मौन हैं। किन्तु हेतु सूक्ष्म और लेश का तो उनने खण्डन[1] भी किया है।

वामन ने केवल ३१ अलकार ही स्वीकार किए जिनमे ३ उनके स्वकल्पित है और शेष २८ प्राचीन। इनका विवरण—

१ प्राचीन–

(क) अमान्य—	दण्डी के—	स्वभावोक्ति, आवृत्ति, हेतु, सूक्ष्म, लेश, रसवत्, प्रेय, ऊर्जस्वि, पर्यायोक्ति, उदात्त, भाविक, आशी तथा चित्र	१३
	भामह के—	उपमारूपक तथा उत्प्रेक्षावयव	२
(ख) मान्य—	दण्डी के—	उपमा, समासोक्ति, अप्रस्तुतप्रशसा, अपह्नुति, रूपक, श्लेष, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, विरोध, विभावना, परिवृत्ति, क्रम, दीपक, निदर्शना, अर्थान्तरन्यास, व्यतिरेक, विशेषोक्ति, व्याजस्तुति, तुल्ययोगिता, आक्षेप, सहोक्ति, समाहित, ससृष्टि तथा यमक	२४
	भामह के—	सन्देह, अनन्वय, अनुप्रास, उपमेयोपमा	४

२ स्वकल्पित—   १ वक्रोक्ति,   २ व्याजोक्ति   ३ प्रतिवस्तूपमा ३

इनम से प्रतिवस्तूपमा का निरूपण दण्डी और भामह मे भी मिलता है किन्तु स्वतन्त्र अलकार के रूप मे नही। स्वतन्त्र अलकार के रूप मे इसकी कल्पना आठवी शती की ही देन है, क्योकि इसे उद्भट ने भी स्वतन्त्र अलकार स्वीकार किया है।

वामन ने उक्त अलकारो मे शब्दालकार माना केवल (१) यमक और (२) अनुप्रास को। शेष सबको उनने अर्थालकार प्रकरण मे रखा।

---

१ 'हेतु' सूक्ष्मश्च लेशश्च नालकारतया मत ।
समुदायाभिधानाच्च वक्रोक्त्यनभिधानत ॥' काव्यालकार –

भामह के उपमारूपक[1] और उत्प्रेक्षावयव को वामन ने यह कहकर पृथक् अलकार नही माना कि इनका अन्तर्भाव ससृष्टि में हो जाएगा। परवर्ती सभी आचार्यों ने वामन के इस निर्णय को स्वीकार किया और इन दोनों अलकारो में सबने संसृष्टि के ही दर्शन किए, स्वतन्त्र अलकारत्व के नही। इस प्रकार वामन ने अलकार को दो रूपो मे देखा—

१ सौन्दर्य रूप मे तथा
२ उपमा आदि के रूप म।

२ रस

रसो के मे विषय वामन प्राय दण्डी के ही अनुयायी है। अन्तर इतना ही है कि दण्डी ने रसो को रसवत् अलंकार मे अन्तभूत माना था और वामन ने उन्हे कान्ति नामक अर्थगुण मे अन्तभूत माना। एक विशेषता और। दण्डी ने प्रत्येक रस का उदाहरण प्रस्तुत किया[2] था। भामह ने वैसा नहीं किया। उनने केवल शृङ्गार का उल्लेख किया और अन्य रसो को आदि कहकर[3] उसी के गर्भ में छिपा छोड दिया[3]। वामन ने इस विषय म दण्डी का अनुकरण न कर भामह का ही अनुकरण किया और उनने भी केवल शृंगार नाम लेकर शेष को स्वयमेव उत्प्रेक्षणीय बतलाया[4]। अब यह कि इन आचार्यों मे रस के विषय म दण्डी ही अधिक उदार ठहरते हैं, भामह और वामन नहीं। कारण हम पहले ही बतला चुके हैं। यह कि वामन का दृष्टिकोण शुद्ध वैज्ञानिक का दृष्टिकोण है, जो वस्तु का परीक्षण स्वतटस्थ होकर करता है। रस काव्यधम न होकर काव्यरसिक के धर्म हैं। काव्य तो रसिक को उन तक पहुँचाने का माध्यममात्र बनता है। आनन्दवर्धनाचार्य ने भी रस को रसिको मे ही स्वीकार किया है। उनका वाक्य है—

'वैकटिका एव हि रत्नतत्त्वविद
सहृदया एव हि काव्यानां रसज्ञा[5]।'

---

१ अलकारस्यालंकारयोनित्य ससृष्टि ॥ ४।३।३० ॥
तद्भेदावुपमारूपकोत्प्रेक्षावयवौ, ॥ ४।३।३१ ॥
उपमाजन्य रूपकमुपमारूपकम् ॥ ४।३।३२ ॥
उत्प्रेक्षाहेतुरुत्प्रेक्षावयव ॥ ४।३।३३ ॥

२ काव्यादर्श ९।२८१—९२ दण्डी ने यहाँ आठ ही रस माने हैं।

३ काव्यालकार ३।६

४ काव्यालकारसूत्र ३।२।१४

५ ध्वन्यालोक, वि० १९९७ चौखम्बा संस्करण पृ० ५१९ तृतीय उद्योत।

'रत्न के तत्त्वज जौहरी होते और काव्य के रसज्ञ सहृदय'। शृङ्गार प्रकाश मे भोज ने भी रस को काव्यधर्म स्वीकार न कर काव्यज्ञधर्म स्वीकार किया है[1]।

३ गुण

गुणो को सर्वाधिक महत्त्व देने वाले आचार्य वामन ही हैं। वैसे गुणो का निरूपण भरत मुनि से ही आरम्भ हो जाता है और दण्डी भी उनपर पर्याप्त ध्यान देते हैं। ये दोनो आचार्य गुणो की सख्या १० मानते हैं और दसो की सज्ञाएँ निम्नलिखित हैं—

१ श्लेष	२ प्रसाद
३ समता	४ माधुर्य
५ सुकुमारता	६ अर्थव्यक्ति
७ उदारता	८ ओज
९ कान्ति	१० समाधि।[2]

गुणो की गणना का यह क्रम दण्डी द्वारा स्वीकृत क्रम है। भरत इनकी गणना निम्नलिखित क्रम से करते हैं—

१ श्लेष	२ प्रसाद
३ समता	४ समाधि
५ माधुर्य	६ ओज
७ सौकुमार्य	८ अर्थव्यक्ति
९ उदारता	१० कान्ति[3]

उक्त दोनो आचार्य इन गुणो का स्वरूप विश्लेषण इस प्रकार करते हैं—

(१) श्लेष—

१ भरत—[क] 'विचार्यग्रहण वृत्त्या स्फुट चैव स्वभावत ।
स्वत सुप्रतिबद्धश्च श्लिष्ट तत् परिकीर्त्यते ॥ १७।९७

[ख] ईप्सितेनार्थजातेन सम्बद्धा नु परस्परम् ।
श्लिष्टता या पदानां हि श्लेष इत्यभिधीयते ॥ १७।९८

—[पाठान्तर]।

१ द्रष्टव्य हमारा 'भोजदेवस्य ध्वनिसम्बन्धिनो विचारा' साहित्यसन्दर्भ—लेख १

२ काव्यादर्श— श्लेष प्रसाद समता माधुर्य सुकुमारता ।
अर्थव्यक्तिरुदारत्वमोज कान्तिसमाधय ॥ ३।४१ ॥

३ भरतनाट्यशास्त्र—'श्लेष प्रसाद समता समाधिर्माधुर्यमोज पदसौकुमार्यम् ।
अर्थस्य च व्यक्तिरुदारता च कान्तिश्च काव्यस्य गुणा दशैते ॥
१७।९६ ॥

पदो की जो अभीष्ट अर्थ से सम्बद्ध तथा परस्पर में शिलष्टता वही कही जाती है श्लेष। प्रथम का आशय अस्पष्ट।

२ दण्डी—शिलष्टमस्पृष्टशैथिल्यमल्पप्राणाक्षरोत्तरम्।

अर्थात् अल्पप्राण अक्षरो का अशिथिल बन्ध है श्लेष।

जैसे—'मालतीदाम लघित भ्रमरै

नकि—'मालतीमाला लोलालिकलिता' ॥ का० अ० १।४३-४४।

इन दोनो मे बात एक ही कही गई है—'मालती की माला पर भौंरे टूट पडे' किन्तु प्रथम वाक्य मे कसावट है, जबकि दूसरे वाक्य मे ढीलापन। कवर्ग आदि वर्गों के अल्पप्राण माने जाने से प्रथम, तृतीय, पञ्चम वर्ण तथा य, र, ल वर्णों मे से ही यहाँ कुछ वर्णों का उपयोग किया गया है।

(२) प्रसाद—

१ भरत—'अप्यनुक्तो बुधैर्यत्र शब्दोऽर्थो वा प्रतीयते।

सुखशब्दार्थसम्बोधात् प्रसाद परिकीर्त्यते' ॥ १७।९९ ॥

जहाँ शब्द या अर्थ बिना बतलाए प्रतीत हो जाए वह प्रसाद, क्योकि इससे शब्द और अर्थ का बोध सुख से हो जाता है।

२ दण्डी—'प्रसादवत् प्रसिद्धार्थम्' ॥ १।४५ ॥

अर्थात् प्रसिद्ध अर्थवाला पद प्रसाद युक्त पद।

उदा० 'इन्दोरिन्दीवरद्युति लक्ष्म लक्ष्मी तनोति।

न कि—'अनत्यर्जुनाब्जन्मसदृक्षाङ्को वलक्षगु'

[अति अर्जुन = अति सफेद, तद्भिन्न अनत्यर्जुन जो अब्जन्म अब्ज = कमल उस जैसे कलक से युक्त है वलक्षगु = धवल किरण वाला चन्द्र]।

इस उदाहरण के सभी शब्द व्याकरण से शुद्ध हैं किन्तु उनसे अर्थ निकालने में कठिनाई हो रही है।

(३) समता—

१ भरत—

(क) अन्योन्यसमता यत्र तथा ह्यन्योन्यभूषणम्।

अलकारगुणाश्चैव समासात् समता यथा ॥ १७।१००।

(ख) 'नातिचूर्णपदैर्युक्ता न च व्यर्थाभिधायिभि ।

न दुर्बोधा तैश्च कृता समत्वात् समता मता ॥ पाठान्तर ॥

(क) जहाँ सभी म एव दूसरे की समता हो, एक दूसरे एक दूसरे के भूषण हों, और गुण भी हो वह समता, समास के कारण।

(ख) समता वह जिसमे चूणपद अधिक न हो, न निरर्थक पद ही हो, और न दुर्बोध पद । इस प्रकार जिसम समता रहे ।

२ दण्डी—'सम ब धेष्वविपमम्' ॥ काव्यादर्श १।४७॥

ब ध [पदरचना] म अविपमता है समता ।

यथा—'कोकिलालापवाचाला मामेति मलयानिल ॥

कोकिलालाप वाचाल मलयानिल मेरे पास आ रहा है । इस स दभ मे दण्डी ने ब ध को मृदु, स्फुट और मध्यम वर्णों पर निर्भर बतलाया है और तीनो के उदाहरण दिए हैं । उक्त उदाहरण मृदु ब ध का है ।

(४) माधुर्य—

१ भरत—'बहुशो यच्छ्रुत वाक्यमुक्त वापि पुन पुन' ।
नोद्वेजयति यस्माद्धि त माधुर्यमिति स्मृतम्' ॥ १७।१०२॥

जिससे वाक्य का बार बार सुनने पर भी चित्त मे उद्वेग न आए वह माधुय ।

२ दण्डी—'मधुर रसवद्वाचि वस्तुयपि रसस्थिति ।
येन माद्यन्ति धीमन्तो मधुनेव मधुव्रता ॥ १।५१॥

माधुय वह गुण है जिससे रसवत्ता आती है और नीरस वस्तु मे भी रस की प्रतीति होती है, उससे बुद्धिमान् जन वैसे ही प्रसन्न होते हैं जैसे वस त से भ्रमर ।

उदाहरण—कोई भी सानुप्रास वाक्य ?

दण्डी ने अनुप्रासो का विवेचन इसी सदभ मे किया है और उनकी त्याज्यता तथा अत्याज्यता पर भी विचार किया है ।

(५) सुकुमारता—

१ भरत—'सुखप्रयोज्यैयच्छब्दैर्युक्त सुश्लिष्टस धिभि ।
सुकुमारार्थसयुक्त सौकुमार्य तदुच्यते ॥ १७।१०४॥

सुख से उच्चार्य शब्दो से—जिनमे स धि अच्छी हो—युक्त वाक्य को सुकुमार कहेंगे और उसके गुण को सौकुमाय ।

२ दण्डी—'अनिष्ठुराक्षरप्राय सुकुमारमिहोच्यते' ॥ ६९ ॥

जिसमे अनिष्ठुर अक्षरो की बहुलता हो वह सुकुमार और उसका धर्म सौकुमार्य ।

उदाहरण—'मण्डलीकृत्य बर्हाणि कण्ठैर्मधुरगीतिभि ।
कलापिन प्रनृत्यन्ति काले जीमूतमालिनि' ॥ १।७०॥

इस मेघमालाओ वाले काल म कलापी बर्हों को मण्डलीकृत कर मधुरगीति वाले कण्ठो के साथ नृत्य कर रहे हैं ।

दण्डी का कहना है कि इस उक्ति मे न तो कोई अल्कार है और न रस या भाव । तथापि यह आकर्षक है, केवल सुकुमारता के कारण ।

(६) अर्थव्यक्ति—

१ भरत—(क) 'यस्यार्थानुप्रवेशेन मनसा परिकल्प्यते।
अनन्तरं प्रयोगस्य साथव्यक्तिरुदाहृता' ॥ १७।१०५॥
जिसका अर्थ इतने शीघ्र समझ में आ जाए कि वाक्य प्रयोग बाद में हुआ सा प्रतीत हो वह अर्थव्यक्ति।

(ख) सुप्रसिद्धा धातुना तु लोककर्मव्यवस्थिता।
या क्रिया क्रियते काव्ये अर्थव्यक्तिरुदाहृता ॥ पाठान्तर
जिस वाक्य में कारक तथा क्रिया के लिए प्रसिद्ध पदों का प्रयोग हो उसका गुण अर्थ व्यक्ति।

२ दण्डी—'अर्थव्यक्तिरमेयत्वमर्थस्य' ॥ का० १।७३॥
अर्थ की अदुरूहता अर्थव्यक्ति।

यथा—'हरिणोद्धृता भूः खुरक्षुण्णनागासृग्लोहितादुदधेः।'

श्रीभगवान् ने खुर से आहत नाग के रक्त से लाल समुद्र में से पृथिवी का उद्धार किया।'

यदि केवल इतना कह दिया जाता कि 'महावराह ने भूमि को लाल समुद्र से निकाला' तो अर्थ संगति के लिए शेष अर्थों की कल्पना करनी पड़ती अतः यह उक्ति अर्थव्यक्ति शून्य होती।

(७) उदारता—

१ भरत—[क] 'अनेकार्थविशेषैर्यत् सूक्तैः सौष्ठवसंयुतैः।
उपेतमतिचित्रार्थैरुदारं तच्च कीर्त्यते' ॥ १७।१०६॥

सौष्ठव युक्त अनेक विशिष्ट तथा विचित्र अर्थों से युक्त उक्ति उदार कहलाती है। और इसकी विशेषता है। उदारता। मूल में यहाँ उदार के स्थान पर उदात्त पाठ मिलता है।

[ख] 'दिव्यभावपरीतं यच्छृङ्गाराद्भुतप्रयोजितम्।
अनेकभावसंयुक्तमुदारं तत् प्रकीर्तितम् ॥—पाठान्तर॥

'दिव्य भाव से घिरा शृंगार तथा अद्भुत को लेकर निष्पन्न तथा अनेक भावों से युक्त वाक्य को उदार कहा जाता है।' यहाँ उदात्त पाठ नहीं है।

२ दण्डी—'उत्कर्षवान् गुणः कश्चिद् यस्मिन्नुक्ते प्रतीयते।
तदुदाराह्वयं तेन सनाथा काव्यपद्धतिः ॥ १।७६॥

जिसके कहने से कोई उत्कर्ष युक्त गुण प्रतीत हो वह वाक्य उदार नामक वाक्य होता है। काव्यमार्ग उसी से सनाथ होता है।

उदाहरण—'अर्थिना कृपणा दृष्टिस्त्वन्मुखे पतिता सकृत् ।
तदवस्था पुनर्देव नान्यस्य मुखमीक्षते' ॥ १।७७॥

हे स्वामिन्, याचकों की याचनापूर्ण दृष्टि जब तुम्हारे मुख पर पहुँच जाती है तो वहीं अटक जाती है, फिर वह दूसरे का मुख नहीं देखती। दण्डी का कहना है यहाँ त्याग का उत्कर्ष ठीक से लक्षित हो रहा है।

दण्डी ने श्लाघ्य विशेषणों से युक्त होने को भी उदार कहा है, किन्तु किन्हीं अन्य आचार्यों के मत में।

(८) ओज—

१ भरत—(क) अवगीतार्थविहीनोऽपि यद्युदात्तावभावक ।
यत्र शब्दार्थसम्पत्तिस्तदोज परिकीर्तितम् ॥ १७।१०२ ॥

अवगीत, अविहीन, उदात्तावभावक तथा शब्दार्थसम्पत्ति से युक्त होता है ओजस्वी बन्ध।

(ख) समासवद्भिर्विविधैर्विचित्रैश्च पदैर्युतम् ।
सा तु स्वरैरुदारैश्च तदोज परिकीर्त्यते ॥ पाठान्तर ॥

अनेक प्रकार के समासयुक्त पदों तथा उदार स्वरों से जो युक्त हो वह ओज कहा जाएगा।

२ दण्डी—'ओज समासभूयस्त्वम्'
'ओज गुण में समास की मात्रा अधिक रहती है।'

दण्डी के अनुसार गद्य का प्राण है, यद्यपि अदाक्षिणात्यों के पद्यों में भी वे यह गुण पाते हैं। इसके उदाहरण उन्होंने दिशाओं के भेद से अनेक दिए हैं। किसी भी समासबहुल और दीर्घसमासा रचना को उसके लिए चुना जा सकता है।

दूसरे आचार्यों के अनुसार दण्डी ने ओज में 'अनाकुलता' और 'दृढता' के भी दर्शन किए हैं।

(९) कान्ति—

१ भरत—(क) यो मन श्रोत्रविषय प्रसादजनको भवेत् ।
शब्दबन्ध प्रयोगेण स कान्त इति भण्यते ॥ १७।१०७ ॥

मन और श्रोत्र को जो अच्छा लगे, जिससे प्रसन्नता को जन्म मिले वह शब्दबन्ध कान्तियुक्त कहा जाता है।

(ख) य मन श्रोत्रविषयमाह्लादयति ह्रीन्दुवत् ।
लीलार्थोपपन्नां वा तां कान्ति कवयो विदु ॥ पाठान्तर ।

जो मन और श्रोत्र का विषय हो, जो चन्द्रमा के समान आह्लादक हो या लीला आदि अर्थों से समृद्ध हो उसे कविजन कान्ति कहते हैं।

२ दण्डी—'कान्तं सर्वजगत्कान्तं लौकिकार्थानतिक्रमात्' ।१।८५।

कान्तियुक्त वचन वह जो लौकिकता का अतिक्रमण न होने से सारे संसार को प्रिय लगे।

उदा०—'गृहाणि नाम तान्येव तपोराशिर्भवादृशः।
सभावयति यान्येव पावनैः पादपांसुभिः ॥ १।८६ ॥

वे ही घर घर हैं जिन्हें आप जैसे तपोराशि अपनी पावन पादपांसु से सभावित करते हैं।

(१०) दण्डी—

१ भरत—

भरत के समाधि गुण का जो लक्षण नाट्यशास्त्र के निर्णयसागर संस्करण में मूल में छपा है उसका अर्थ अव्यक्त है। वह यह है—

'उपमास्वियमिष्टाना (?) अर्थानां यत्नतस्तथा।
प्राप्तानां चातिसंयोगः समाधिः परिकीर्त्यते ॥ १७।१०१ ॥

पाठान्तर में जो लक्षण उस संस्करण में मिलता है वह यह है—

'अभियुक्तैर्विशेषस्तु योऽर्थस्यैवोपलभ्यते।
तेन चार्थेन सम्पन्नः समाधिः परिकीर्त्यते ॥

अभियुक्त पुरुषों को अर्थ की जो विशेषता दिखलाई देती है वही है समाधिगुण।

२. दण्डी—'अन्यधर्मस्ततोऽन्यत्र लोकसीमानुरोधिना।
सम्यगाधीयते यत्र स समाधिः स्मृतः, यथा ॥

उदा० कुमुदानि निमीलन्ति कमलान्युन्मिषन्ति च।

लोकसीमा देखते हुए जहाँ दूसरे की विशेषता का दूसरे पदार्थ में सम्यक् अर्थात् ठीक से आधान हो वह है समाधि। जैसे कुमुद मुँद रहे हैं और कमल खिल रहे हैं।

यहाँ मुँदना और खुलना आँखों का धर्म है। उसे कुसुम और कमलों पर आहित किया गया है, किन्तु बड़ी कुशलता के साथ, जिससे उसमें कोई अस्वाभाविकता प्रतीत नहीं होती।

उक्त १० गुणों में से ओज, माधुर्य और प्रसाद इन ३ गुणों का बहुत ही संक्षिप्त निरूपण इसी क्रम से भामह ने भी किया था। वह यह है—

१ ओज —केचिदोजोऽभिधित्सन्तः समस्यन्ति बहून्यपि।

यथा—मन्दारकुसुम—रेणुपिञ्जरितालका ॥ का० २।२।

ओज का कथन करना चाहने वाले कुछ विद्वान् बहुत से पदों का समास करते हैं। जैसे—

'नायिका के अलक मन्दाररेणुपिञ्जरित थे।'

२ माधुर्य—'श्रव्य नातिसमस्तार्थं काव्य मधुरमिष्यते' ॥ २।१ काव्या० ॥

अति समास से रहित और श्रव्य अर्थात् सुनने मे कर्णप्रिय जो काव्य वह माधुर्य-युक्त माना जाता है। उदाहरण नहीं दिया।

३ प्रसाद—'आविद्वदङ्गनाबालप्रतीतार्थं प्रसादवत् ॥ २।३॥

विद्वानो से लेकर स्त्रियो और बच्चो तक जिससे अर्थ स्पष्ट रहे वह वचन प्रसाद युक्त होता है॥ उदाहरण=नहीं दिया।

ओज मे माधुर्य और प्रसाद को पृथक् करने वाले तत्त्व का निरूपण करते हुए भी भामह ने लिखा—

'माधुर्यमभिवाञ्छन्त प्रसाद च सुमेधस ।
समासवन्ति भूयासि न पदानि प्रयुञ्जते ॥ २।१।

जो विद्वान् माधुर्य और प्रसाद की चाह रखते हैं वे ऐसे पदो का प्रयोग अधिक सख्या मे नही करते जिनमे समास हो।

स्पष्ट ही भामह की मान्यता भरत और दण्डी से अभिन्न है। भरत और दण्डी माधुर्य तथा प्रसाद मे समासाभाव की बात नहीं करते। वे समास को केवल ओजोगुण में याद करते हैं। दण्डी माधुर्य और प्रसाद मे उसके अभाव की चर्चा भी कर देते हैं। सच यह है कि गुणो पर भामह की बुद्धि की वैसी ही अरुचि है जैसी मालती को वसन्त पर हुआ करती है। कारण उन्होंने बतलाया नहीं।

गुणो के उक्त निरूपण से स्पष्ट है कि भरत और दण्डी के गुणो मे कुछ गुण शब्द गुण थे और कुछ अर्थ गुण, किन्तु उनमे इनके इस प्रकार के वर्गीकरण की चर्चा नहीं थी। वामन ने यह वर्गीकरण बडी कुशलता के साथ किया और—

१ प्रसाद   २ समाधि

को केवल अर्थ गुण,

१ श्लेष   २ ओज

को केवल शब्द गुण एव

१ समता   २ सुकुमारता   ३ अर्थव्यक्ति

को उभयगुण मान, निम्नलिखित ३ गुणो पर नए सिरे से प्रकाश डाला—

१ माधुर्य   २ उदारता तथा   ३ कान्ति।

यह वर्गीकरण एव विश्लेषण ग्रन्थ के गुणनिरूपणाध्याय से स्पष्ट है ही, निम्न-लिखित तालिका से भी स्पष्ट हो सकता है—

गुण संज्ञा	स्वरूप				
	भरत	दण्डी	भामह	वामन	
				शब्दगुण	अर्थगुण
१ श्लेष	सार्थक पदों का आश्लेष	अल्पप्राण अक्षरों वाले पदों का अशिथिल बन्ध	+	शब्दों की मसृणता जिससे अनेक पद एक प्रतीत हों।	क्रम और कुटिलता का विदित न होना
२ प्रसाद	शब्द से अर्थ का सुख पूर्वक बोध	अर्थ की स्पष्टता	अर्थ की स्पष्टता	ओजोमिश्रित शिथिलता	अर्थ की विमलता
३ समता	पदों की अन्योन्य समता	आरम्भ से अन्ततक एक सा बन्ध	+	आरम्भ से अन्त तक एक ही मार्ग	अविषम बन्ध
४ माधुर्य	अनुद्वेजक पदावली	अनुप्रास, यमक और ग्राम्यता से मुक्त सरस पदावली	पदों की अतिसमास हीनता तथा श्रव्यता	लम्बे समासों का अभाव यानी पदों की पृथक्ता अभिश्रितता	उक्ति- वैचित्र्य
५ सुकुमारता	सुकुमार अर्थ संयुक्त मिले हुए तथा सुख से बोले जाने योग्य पदों का प्रयोग	ऐसा बन्ध जिसमें अक्षर निष्ठुर न हों।	+	अपरुष शब्द	अपरुषता
६ अर्थव्यक्ति	अर्थ का अविलम्ब बोध	अर्थ का सीधे सीधे बोध	+	अर्थसमर्पकता में विलम्बाभाव	वस्तुस्वभाव की स्फुटता

७ उदारता	१ अति विचित्र अनेक प्रकार के अर्थोंवाले सौष्ठव युक्त सुन्दर उक्तियों का कथन २ दिव्यभाव, शृंगार, अद्भुतता से युक्त कथन	१ नायक में उत्कर्ष या उदात्तता का ज्ञापन २ श्लाघ्य विशेषणों से युक्त होना	+	अग्राम्यता	पदों का नृत्य सा करता हुआ प्रतीत होना।
८ ओज	१ शब्द और अर्थ की उदात्त सम्पत्ति २ समासयुक्त, उदार स्वर वाले विविध पद	समासाधिक्य	पदों की समास बहुलता	पदबन्ध की गाढता	प्रौढि० (१) पद के लिए वाक्य (२) वाक्य के लिए पद (३) विस्तार (४) संक्षेप तथा (५) साभिप्रायता
९ कान्ति	मन श्रोत्रप्रसादी शब्दबन्ध	अर्थ को लौकिक रूप में ही प्रस्तुत करना।	+	उज्ज्वलता	रसदीप्ति
१० समाधि	अर्थ की विशेषता	अन्य के गुण का अन्य में स्वाभाविक संक्रमण	+	आरोह तथा अवरोह से युक्त क्रम	वक्र य अर्थ का दर्शन

सन्दर्भ-१ श्लेष	भरत-नाट्यशास्त्र	१७।९७	दण्डी-काव्यादर्श	१।४३	वामन-काव्याल० सूत्र	३।१।२०	तथा ३।२।४	
२ प्रसाद	भरत ,,	१७।९९	दण्डी ,,	१।४५	वामन ,,	३।१।६-८	,, ३।२।३	भामह-काव्या० २।१,३
३ समता	भरत ,,	१७।१००	दण्डी ,,	१।४७	वामन ,,	३।१।११	,, ३।२।५	
४ माधुर्य	भरत ,,	१७।१०२	दण्डी ,,	१।५१	वामन ,,	३।१।२०	,, ३।२।१०	भामह काव्या० २।१,३
५ सुकुमारता	भरत ,,	१७।१०४	दण्डी ,,	१।७०	वामन ,,	३।१।२१	,, ३।२।११	
६ अर्थव्यक्ति	भरत ,,	१७।१०५	दण्डी ,,	१।७३	वामन ,,	३।१।२३	,, ३।२।१३	
७ उदारता	भरत ,,	१७।१०६	दण्डी ,,	१।७६,७९	वामन ,,	३।१।२२	, ३।२।१२	
८ ओज	भरत ,,	१७।१०३	दण्डी ,,	१।८०	वामन ,,	३।१।५	,, ३।२।२	भामह काव्या० २।२
९ कान्ति	भरत ,,	१७।१०७	दण्डी ,,	१।८५	वामन ,,	३।१।२४	,, ३।२।१४	
१० समाधि	भरत ,,	१७।१०१	दण्डी ,,	१।९३	वामन ,,	३।१।१२-१९,,	३।२।६-९	

कविपक्ष काव्य की उत्थानभूमिका का पक्ष है वह मुहानी या उत्स या स्रोत है। काव्य कवि के कविकर्म का शब्दार्थाश्रित परिणाम है और सहृदय है। अनुभविता। सौन्दर्य-सम्प्रदाय या रीतिवाद में भी ये सभी पक्ष चले आते हैं। उसका १ समाधिनामक अर्थ गुण कविपक्ष है, २ कान्तिनामक अर्थ गुण सहृदयपक्ष और ३ शेष गुण हैं शिल्पपक्ष या काव्यपक्ष। इस प्रकार वामन की विचार-यात्रा का क्रम भी वही है जो परवर्ती आनन्दवर्धन की यात्रा का है, भेद केवल आरम्भक भूमिका का है। आनन्दवर्धन रसकी भोगभूमिका से यात्रा आरम्भ करते हैं और वामन सौन्दर्य की चैतन्यभूमिका से। निर्वचन दोनो एक ही युवक का करते हैं—स्वस्थ युवक का, भूषित और सौभाग्य सम्पन्न उत्तम युवक का। एक अन्तर यह भी है कि आनन्दवर्धन शरीर और उसके यौवन को अधिक महत्त्व नहीं देते, जब कि वामन उन पर भी काफी ध्यान देते हैं। निष्कर्ष यह कि वृद्ध होते हुए भी वामन शरीर को एक युवक के दृष्टिकोण से देखते हैं जब कि आनन्दवर्धन नवीन होते हुए भी [उसी शरीर को] एक वृद्ध के दृष्टिकोण से। ठीक ही है पिता वश देखता है और पुत्र शरीर, किन्तु कुशल पिता और कुशल पुत्र दोनो देखते हैं। इस दृष्टि से वामन ही अधिक व्यावहारिक और लोकज्ञ सिद्ध होते हैं।

रीतिभेद—

दण्डी ने गुणो की कल्पना काव्यमार्ग की पृष्ठभूमि पर की थी और मार्गों को दो भेदो में विभक्त किया था—

१ वैदर्भ तथा

२ गौडीय

वैदर्भ मार्ग को उन्होंने दाक्षिणात्य मार्ग कहा था और गौडीय मार्ग को पौरस्त्य। दाक्षिणात्य या वैदर्भ मार्ग को उन्होंने सर्वगुणसम्पन्न और श्लाघ्य मार्ग माना था। गौडीय मार्ग पर वे अधिक आदरवान् नहीं थे। भामह ने दोनो को महत्त्व दिया और लिखा—

> वैदर्भमन्यदस्तीति मन्यन्ते सुधियोऽपरे।
> तदेव च किल ज्यायः सदर्थमपि नापरम् ॥
> गौडीयमिदमेतत् तु वैदर्भमिति किं पृथक्।
> गतानुगतिकन्यायान्नानाख्येयममेधसाम् ॥
> अलङ्कारवदग्राम्यमर्थ्यं न्याय्यमनाकुलम्।
> गौडीयमपि साधीयो वैदर्भमिति नान्यथा ॥ १।३१।३५ ॥

'कुछ सुधीजन वैदर्भ को गौडीय मार्ग से पृथक् मानते और कहते हैं कि वही अधिक अच्छा है, गौडीय नहीं। वस्तुत 'यह गौडीय है और यह वैदर्भ' इस प्रकार की कोई

पाथक्यरेखा खीची नही जा सकती। यह तो केवल नामभेद है [नाना आख्या इयम्] इससे वस्तु मे भेद वे ही करें जिनमे विवेक न हो। ० ० ०। वस्तुत अलकार-युक्तता ग्राम्यतारहितता, गभीरार्थकता, युक्तियुक्तता और विशदता गौडमार्ग मे भी रहती है तो उसे भी वैदभ और साधु माना जा सकता है, यदि ऐसी उक्त विशेषताएँ न हो तो उसे त्याज्य माना जा सकता है।'

वामन ने मार्गो को रीति नाम दिया और उनकी सख्या ३ मानी—

१ वैदर्भी २ गौडीया ३ पाञ्चाली

रीति नाम की निष्पत्ति परवर्ती भोज ने[1] गमनार्थक 'री' धातु से मानी है अत रीतिशब्द मार्गशब्द का ही पर्याय है, केवल स्त्रीलिंग होने से इसमे कोमलता आ रही है। मार्गशब्द दर्शनो के प्रस्थान शब्द के समान भयकरता लिए हुए है।

इनकी सज्ञाओ के साथ देशो के नाम जुडे हैं। उसका कारण बतलाते हुए वामन लिखते हैं—'ये रीतियाँ उन-उन देशों में अधिक प्रचलित[2] हैं,' [न कि उस देश मे इन्ही रीतियो को उत्पन्न करने की वैसी कोई विशेषता है जैसी कश्मीर देश में केशर को]।

इनमे से वामन ने भी दण्डी के ही समान वैदर्भी रीति को अधिक महत्त्व दिया। कहा 'इसमे सभी गुण होते हैं जब कि गौडीया रीति मे केवल ओज और कान्ति नामक दो ही गुण तथा पाञ्चाली मे केवल माधुर्य और सौकुमार्य[3]।' वामन ने खड्ग उठाया और भामह के रोकने पर भी गौडीया तथा पाञ्चाली रीति की सुमनोलताओ को काट ही डाला। कह दिया 'उक्त तीनो रीतियो में केवल वैदर्भी ही ग्राह्य है, शेष दो नही, क्योकि वैदर्भी मे सभी गुण मिलते हैं, शेष दो मे कम[4]।' पक्ष लेते हुए किसी ने कहा कि वैदर्भीभूमिका तक पहुँचने के लिए गौडीया और पाञ्चाली को सीढ़ी या अभ्यास की पूर्व दिशा मान लिया जाए' तो वामन ने उस पर भी तपाक से कह दिया—'भिन्न दिशा का अभ्यास भिन्न दिशा की भूमिका का लाभ नही करा सकता'। और उदाहरण दे दिया 'सन की रस्सी गूँथने का अभ्यासी त्रसर सूत्र का दुकूल नहीं बुन सकता[5]।'

वैदर्भी पर केन्द्रित वामन उसके शिल्प पर कुछ और टिके और बोले—'वैदर्भी मे यदि समास न रहे तो उसे शुद्ध वैदर्भी कहा जायगा'। अर्थ यह कि यदि समास रहे

---

१ सरस्वतीकण्ठाभरण

२ काव्यालका० सूत्र १।२।१०

३ काव्या० सूत्र १।२।११–१३॥

४–५ का० सू० १।२।१४–१८

तो मिश्र। आगे कहा 'इस प्रकार की शुद्ध वैदर्भी में अर्थ गुणों का आस्वाद मिलता है। इस भूमिका पर आरूढ व्यक्ति को अर्थ गुण की क्षीणतम मात्रा का भी अनुभव होगा, समग्र अर्थगुण संपत्ति की तो बात बहुत दूर है।'

वामन ने उक्त तीनों रीतियों के लक्षण कारिकाओं[1] में भी आबद्ध किए हैं। ये कारिकाएँ ये हैं—

गौडीया—'समस्तात्युद्भटपदामोज' कान्तिगुणान्विताम्।
गौडीयामिति गायन्ति रीतिं रीतिविचक्षणा ॥

—का० सू० १।२।१२ वृत्ति०

पाञ्चाली—'आश्लिष्टश्लथभावां तु पुराणच्छाययान्विताम्।
मधुरां सुकुमारां च पाञ्चालीं कवयो विदु ॥

—का० सू० १।२।१३ वृत्ति०

वैदर्भी—अस्पृष्टा दोषमात्राभि' समग्रगुणगुम्फिता।
विपञ्चीस्वरसौभाग्या वैदर्भी रीतिरिष्यते ॥

वैदर्भी की प्रशंसा में उन्होंने कवियों के प्राचीन वाक्य भी उद्धृत किये—

१ सति वक्तरि सत्यर्थे सति शब्दानुशासने।
अस्ति तन्न विना येन परिस्रवति वाङ्मधु ॥

का० सू० १।२।११ वृत्ति०

२ किं त्वस्ति काचिदपरैव पदानुपूर्वी
यस्या न किञ्चिदपि किञ्चिदिवावभाति।
आनन्दयत्यथ च कर्णपथं प्रयाता
चेत' सतामममृतवृष्टिरिव प्रविष्टा ॥

३ वचसि यमधिगम्य स्यन्दते वाचकश्री
वितथमवितथत्वं यत्र वस्तु प्रयाति।
उदयति हि स तादृक् क्वापि वैदर्भरीतौ
सहृदयहृदयानां रञ्जक' कोऽपि पाक' ॥

—का० सू० १।२।२१ वृत्ति०

भारत देश का सहृदय और शिष्ट, सरस और सुरुचिसम्पन्न सामाजिक अपनी भाषा में कितनी लोच और कितनी समग्रता देखना चाहता है यह इन वचनों से जाना जा सकता है। इस देश में कैसे ही शब्दों में कुछ भी बोल देने को वाग्मिता नहीं माना गया था। इसीलिए यहाँ सरस्वती को साधा जाता था, उसकी उपासना

---

१ का० सू० १।२।१९-२१

की जाती थी, तब मुँह खोला जाता था, लेखनी उठाई जाती थी और कवियो या शिष्टो मे बैठने का श्रमसाध्य सुदुर्लभ अधिकारपत्र पाया जाता और अपना भाग्य सराहा जाता था। गौडीया और पाञ्चाली को अग्राह्य घोषित करने से स्पष्ट है कि इस अधिकारपत्र की प्राप्ति एक दुर्लभ लाभ था, क्योंकि यह साधना की समग्रता पर ही प्राप्य था, खण्डित अनुष्ठान इसके लिए अकिंचित्कर था। ठीक भी है, स्वयवर सभा मे विकलाग या हीनाग को स्थान कैसे मिल सकता है, यद्यपि उन्हे भी किसी का सौभाग्य तो प्राप्त हो ही जाता है।

अलंकार और गुण का अन्तर—

वामन ने गुणो का यमक और उपमा आदि अलकारो से अन्तर किया और दण्डी के अलकारलक्षण को गुणलक्षण मानते हुए लिखा—

१ काव्यशोभाया कर्त्तारो धर्मा गुणा ।
२ तदतिशयहेतवस्त्वलकारा ॥

का० सू० ३।१।१,२॥

—गुण वे धर्म हैं जिनसे काव्यसौन्दर्य को जन्म मिलता है और अलकार वे जो उस उत्पन्न सौन्दर्य मे अतिशय का आधान करते हैं।

स्मरणीय है दण्डी ने अलकारो को माना था 'काव्यशोभाकर धर्म'—उनका वाक्य है—

'काव्यशोभाकरान् धर्मानलकारान् प्रचक्षते ।'

(४) दोष

कहा जा चुका है कि भरतमुनि ने गुणो को दोषो का विपर्यास माना था। इसलिए वे गुणो की सख्या भी १० ही मानने को बाध्य थे क्योंकि उन्होंने दोष भी १० ही माने थे। दोषो का विवेचन दण्डी ने भी किया और भामह ने भी। दण्डी का विवेचन १० सख्या से आगे नही बढ़ा। भामह ने आगे बढ़ना चाहा उन्होंने दोषो को अनेक वर्गों मे रखा किन्तु प्रत्येक वर्ग को वे भी १० सख्या मे ही प्रतिबद्ध रखते रहे। वामन ने भरत की भाषा मे उलट कर कहा—'दोष गुणो के विपर्यय हैं, और भामह के चिन्तन को वैज्ञानिकता दी तथा दोषो का वर्गीकरण भी गुणो के ही समान शब्द तथा अर्थ के दो भागो मे किया। शब्द के अन्तर्गत पद और वाक्य के दो अनुच्छेद उन्होंने अपनाए और अर्थ के अन्तर्गत भी पदार्थ तथा वाक्यार्थ इस प्रकार दो ही अनुच्छेद। किन्तु पद पदार्थ, और वाक्य वाक्यार्थ के दो युगो मे उन्होने भी दोषों को १०, १० की सख्या में ही आबद्ध रखा। निम्नलिखित तालिका से यह तथ्य स्पष्ट है—

भरत	दण्डी	भामह		वामन			
				पददोष	पदार्थदोष	वाक्यदोष	वाक्यार्थदोष
१ अगूढत्व	अपार्थत्व	नेयार्थत्व	हीनता	असाधुत्व	अन्यार्थत्व	वृत्तभेद	व्यर्थत्व
२ अर्थान्तरत्व	व्यर्थत्व	क्लिष्टत्व	असम्भव	कष्टत्व	नेयार्थत्व	यतिभ्रंश	एकार्थत्व
३ अर्थहीनता	एकार्थत्व	अन्यार्थत्व	लिंगभेद	ग्राम्यत्व	गूढार्थत्व	विसन्धित्व	सन्दिग्धत्व
४ भिन्नार्थत्व	ससंशयत्व	अवाचकत्व	वचनभेद	अप्रतीतत्व	अश्लीलत्व		अयुक्तत्व
५ एकार्थत्व	अपक्रमत्व	अयुक्तिमत्त्व	विपर्यय	अनर्थकत्व	क्लिष्टत्व		अपक्रमत्व
६ अभिप्लुतार्थत्व	शब्दहीनत्व	गूढशब्दाभिधा	उपमानाधिक्य				लोकविरोध
७ न्यायापेतत्व	यतिभ्रष्टत्व	श्रुतिदुष्टत्व	उपमानासादृश्य				विद्याविरोध
८ विषमत्व	भिन्नवृत्तत्व	अर्थदुष्टत्व					
९ विसन्धित्व	विसन्धित्व	कल्पनादुष्टत्व					
१० शब्दच्युतत्व	विरोधित्व	श्रुतिकष्टत्व					

इस तालिका में भामह के नीचे जिन सात दोषो की सूची दी गई है वह उनकी अपनी नही है। मेधावी नामक विद्वान् ने यह सूची स्वीकार की थी। भामह ने उसे पूर्वपक्ष के रूप मे उपस्थित किया है। वामन ने और भी अनेक दोषों का भिन्न भिन्न सदर्भों मे निर्देश किया है। वामन का दोषाध्ययन ही वह पीठिका है जिस पर मम्मट का दोषनिरूपण खडा है, वैसे मम्मट ने वामन के बाद अपने युग तक की पाँच शतियो मे हुए दोषचिंतन को भी समेटा है, किन्तु वर्गीकरण की यह धुरा उन्हें वामन से ही प्राप्त हुई है'।

तुलनात्मक अध्ययन के लिए पाठक इनमें से प्रत्येक दोष के सदभ स्वय खोजें और उनमें उत्तरोत्तर पनपते विकास पर ध्यान देते हुए वामन के अध्ययन की मौलिकता को पहचानें।[१]

एक प्रश्न—

अपनी आन्वीक्षिकी से हम यह सोचना है कि आखिर दोषो को गुणो का विपर्यय माना जाए या गुणो को दोषो का। अर्थात् भरत का सिद्धान्त 'दोषविपर्यय गुण' माना जाए या वामन का 'गुणविपर्यय दोष' सिद्धान्त। दोनो को मानने पर दोष और गुण दोनो ही अभावात्मक सिद्ध होते हैं फिर सत्य कोई एक ही हो सकता है।

किसी भी जीवित वृक्ष के शरीरसंहिता मे रहस्यरूप से प्रवहमान भूगर्भीय रस से पूछिए इसका समाधान। भूगर्भ की अग्नि या गायत्र तेज जिस रस को ऊपर फेंकता है वह वृक्षशरीर की सीमा परिच्छित्ति से जा टकराता है। वृक्ष सहस्रशाख हो आकाश के सन्धिबन्धो का आश्लेष करने लगता है। पूछिए इस वृक्ष से, क्या इसका यह विराट् वैभव भूगर्भीय रस की चिति में पहले था ? यदि नहीं तो उस समय, जब यह रस नहीं था, वृक्ष मे वैभवाभाव नही था और क्या यह वैभवाभाव दोष नही था। अवश्य ही यह दोष दोष तो तब कहलाता है जब गुण का परिज्ञान होता है, किन्तु रहता है यह गुणोत्पत्ति के पहले से। अवश्य ही गुण इसी दोष के विपर्यय हैं और ऐसा मानते हुए भरतमुनि वैज्ञानिक सिद्ध होते हैं। गुण को हटाकर दोषो की कल्पना पुष्पवैभव पर बैठकर उसकी बीजावस्था की कल्पना है। यानी यह ऐसी कल्पना है जिसमे किसी के यौवन को देखकर उसकी बाल्यावस्था का स्मरण किया जा रहा है। अथवा इस परिताप मे डूबा जा रहा है कि हमारा प्रेमास्पद कहीं गर्भरूप शिशु न बन जाय, यानी पुष्पीफली टहनी निरा अंकुर होकर न रह जाए। ये समस्त कल्पनाएँ प्रतिगामी कल्पनाएँ हैं। इनका क्रम पूर्णता से रिक्तता के ध्यान का क्रम है। भरत का क्रम रिक्तता या प्रागभाव से उसके प्रध्वस के पश्चात् आने

१ भरतनाट्यशास्त्र १७ अध्याय, काव्यादर्श ३ परि०, काव्यालंकार

२ का० सू० भू०

वाली पूर्णता की ओर बढ़ने का क्रम है। व्यावहारिक दोनों हैं किन्तु वैज्ञानिक द्वितीय ही, भरतमत ही। क्यों ? इसलिए कि काव्य 'भाषात्मक' एकला है और यह निर्विवाद सत्य है कि भाषा एक कल्पित वस्तु है, भले ही उसका उत्स—वाक्तत्त्व नित्य और वस्तुसत् हो। जहाँ तक कल्पना का सम्बन्ध है उसमें पूर्णता ही परवर्ती हुआ करती है, आरम्भ उसका अल्पता में ही होता है। बच्चे की वाक्यावली इसका प्रमाण है।

काव्यस्वरूप—

वामन ने काव्यस्वरूप को भी समग्रता में पहुँचाना। उन्होंने दण्डी के पुरस्कृत शब्दप्राधान्यवाद को न अपनाकर भामह के शब्दार्थसमानतावाद को अपनाया, किन्तु भामह के 'सहित' शब्द के निचोल में छिपे अर्थों को बाहर प्रकट किया। उनके लेख से यह अभिप्राय प्रकट होता है कि 'सुन्दर शब्दार्थयुग्म ही काव्य है'। प्रश्न उठता है सुन्दरता का उपादान क्या ? किन धर्मों से वह शब्दार्थयुग्म में आविष्कृत होती है ? वामन ने उत्तर दिया—'दोषहान तथा गुणालंकारादान से'—

१ 'काव्यं ग्राह्यमलंकारात् ।

२ सौन्दर्यमलंकारः

३ स दोषगुणालंकारहानादानाभ्याम् ।

वृ० काव्यशब्दोऽयं गुणालंकारसंस्कृतयोः शब्दार्थयोर्वर्तते ।

दोष काव्य का धर्म नहीं। वह काव्यनिष्पत्ति के पूर्व की अनुवीक्षा है, जिसमें परिहरणीय तत्त्वों का अवधान रखा जाता है। अतः अलंकार की निष्पत्ति में दोष नहीं, दोषहान यानी दोषपरिहार सहायक है, और केवल सहायक है, उपादान नहीं। उपादान हैं गुण और अलंकार ही। अतः काव्यशरीर में केवल इन दो ही तत्त्वों का सन्निवेश सम्भव है। वामन ने वैसा ही किया और उपर्युक्त वृत्तिखण्ड में लिखा—

'काव्यशब्द गुण और अलंकार से संस्कृत शब्दार्थ का नाम है।'

निष्कर्ष यह कि—

'अलंकृत शब्दार्थयुग्म का नाम है काव्य'।

इसीको हम 'सुन्दर शब्दार्थ युग्म' भी कह सकते हैं। यह है वामन का काव्य स्वरूप। काव्यशास्त्र के इतिहास में, इसकी महती परम्परा में काव्यलक्षण का यही व्यवस्थित रूप है और इसका प्रथम तथा अन्तिम श्रेय केवल वामन को है। मम्मट ने काव्यशास्त्र के तब तक बने प्रत्येक ग्रन्थ को निचोड़ कर अपना काव्यप्रकाश बनाया और इसमें काव्यलक्षण वामन से ही अपनाया। रुद्रट, आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, कुन्तक, महिमभट्ट, राजशेखर, क्षेमेन्द्र और भोज भी इसी लक्षण को अपनाते हैं। परवर्ती

जयदेव, विश्वनाथ और जगन्नाथ इसका खण्डन करना चाहते हैं किन्तु वे यत्रो तत्रा तक ही सीमित ठहरते हैं। मम्मट का काव्यलक्षण पढ़कर काव्यशास्त्र के विद्यार्थी वामन को भुला देते हैं। किन्तु यह एक गम्भीर भ्रांति है। वस्तुत मम्मट भी वामन के काव्यलक्षण की सपूर्णता के समक्ष निष्प्रभ हैं। मम्मट का काव्यलक्षण वामन के काव्यलक्षण का विकल प्रतिबिम्ब है। मम्मट का काव्यलक्षण वाक्य—

'तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलकृती पुन क्वापि'

एक अनगढ वाक्य है, जिसे सच्चे अर्थों मे परिचयवाक्य कहा जा सकता है लक्षण वाक्य नही। वे दो महान् समीक्षकों के गजयुद्ध की मत्तवाणी बने हुए हैं, एक समीक्षक आनन्दवधन और दूसरे कुतक। आनन्दवर्धन ध्वनि के समक्ष अलकार को बिलकुल नगण्य मानते हैं और कुतक का कहना है कि अलकार के बिना काव्य काव्य ही नही होता। उनका वाक्य है 'सालकारस्य काव्यता'। मम्मट दोनो की टक्कर से घबराते और एक समन्वयी क्रम अपनाते हुए अपने काव्यलक्षण को एक पहेली, एक बन्द तावीज पहना देते हैं—'अनलकृती पुन क्वापि' अदोष और सगुण शब्दार्थ कहीं अनलकृत भी हो सकते हैं। 'कहीं' का अर्थ क्या? यही कि जहाँ ध्वनि, रस, गुणीभूत-व्यग्य आदि दूसरे चमत्कारक तत्त्व हो वहाँ अलकार न भी रहे, यानी स्फुट न भी रहे तो शब्दार्थ काव्यत्वहीन नहीं होते। गुणो को मम्मट ने अभिनवगुप्त से प्रभावित हो और आनन्दवधन से आगे बढ केवल रसधर्म माना था। यहाँ काव्यलक्षण मे उन्हें शब्दार्थधर्म मान लिया, फिर समाधान देते फिरे और कहते फिरे 'क्योंकि शब्दार्थ गुणो के अभिव्यञ्जक हैं इसलिए शब्दार्थ भी सगुण कहे जा सकते हैं।' अब यह कि प्रकाश प्रपञ्च का अभिव्यञ्जक है इसलिए उसे भी प्रपञ्चाधिष्ठान माना जा सकता है। ऐसा मानकर प्रकाश को भगवान् के अर्चावतार से पवित्र तथा सूनागृह से अपवित्र क्यो न माना जाए। और तब प्रकाश को क्या माना जाए पवित्र या अपवित्र। या कि ऐसा माना जाए कि प्रकाश म अधिष्ठित सूनागृह स्वसमानाधिकरण अर्चावतार से पवित्रता और अर्चावतार वैसे ही सूनागृह से अपवित्रता लिए है। ये सारी कल्पनाएँ असत् कल्पनाएँ हैं, और इनका मूल प्रकाशक को प्रकाश्य का अधिष्ठान मानने की भूल है। उधर अदोष कोई Positive entity नही कि इसका निवेश शब्दार्थयुग्म में माना जा सके। इस प्रकार वस्तुत 'गुणालकार सस्कृत शब्दार्थयुग्म' मे काव्यता की उपपत्ति ही वैज्ञानिक उपपत्ति है। ध्वनि भी एक अलकार ही है, यदि वस्तुवाद पर अपना चिन्तन ठहराया जाए। कहा जा चुका है कि वामन का दृष्टिकोण वस्तुवादी दृष्टिकोण है। इसलिए वे रस को रस न मानकर कान्ति नामक गुण मानते हैं। इस प्रकार—

आचार्य वामन का चिन्तन सस्कृत के काव्यशास्त्र म 'काव्यशरीर' और 'उसके सौन्दर्याधायक तत्त्व' इन दोनों पक्षों की दृष्टि से पूर्ण, प्रथम और अन्तिम चिन्तन है।

उनके चिन्तन में एक इतिहास है, परम्परा है, शोध है और परिष्कार है। इसलिए उनका यह ग्रन्थ संस्कृत काव्यशास्त्र का एक अतीव महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है।

वामन के काव्यालंकारसूत्रवृत्ति की कुछ और विशेषताएँ हैं। प्राचीन सभी ग्रन्थ कारिकाओं अर्थात् पद्यों मे निर्मित थे। पद्यों मे कभी कभी अभिव्यक्ति उलझ जाती है क्योंकि उसमे छन्द या गीतितत्त्व का एक महान् प्रतिरोध रहता है। यही कारण है कि भरत, दण्डी और भामह के अनेक तथ्य बहुत कुछ सदिग्ध रह गए हैं। कारिकाओं में लिखे ग्रन्थों को भारतीय वाङ्मय म उतना आदर नहीं दिया जाता था जितना सूत्रवृत्ति रूप मे लिखे ग्रन्थों को। दर्शन के क्षेत्र भक्तिसूत्र वेदान्तसूत्र, ऐसे ही ग्रन्थ हैं जिनका निर्माण सूत्रों मे हुआ था। व्याकरणशास्त्र मे अष्टाध्यायीसूत्र इसके लिए अतिप्रसिद्ध है। कौटिल्य का अर्थशास्त्र तथा वात्स्यायन का कामसूत्र भी इस पद्धति के अति प्रामाणिक ग्रन्थ हैं। इस प्रकार का कोई क्रम साहित्यशास्त्र म वामन के पहले प्राप्त नहीं था। वामन ने इस कमी को दूर किया और अपना ग्रन्थ सूत्ररूप मे लिखा और उसे कामसूत्र के ही समान अधिकरणों म और अध्यायों मे विभक्त किया। पूरे ग्रन्थ मे पाँच अधिकरण हैं। आचार्य ने अपने सूत्रों का अर्थ भी स्वयं ही लिखा और तदर्थ सूत्रों पर वृत्ति का निर्माण किया। प्राचीन आचार्यों में भरत, दण्डी और भामह तीनों आचार्यों ने अपनी स्थापनाओं के लिए जो उदाहरण दिए थे वे उनके स्वय के बनाए हुए थे। इस कारण इन आचार्यों के सिद्धान्तों का आधार व्यापक प्रतीत नहीं होता था। लगता था वह कल्पित है या वह उस व्याकरण जैसा प्रतीत होता था जो भाषा को देखकर न बनाया गया हो, प्रत्युत भाषा ही उसके आधार पर गढ़ी गई हो। यह एक अस्वाभाविक क्रम था। वामन ने इसे बदला और अपनी स्थापनाओं के लिए भिन्न भिन्न काव्यों से उदाहरण चुने। ये उदाहरण बड़े ही हृद्य और समृद्ध हैं। कहना न होगा कि वामन के इस काव्यालकार सूत्र मे आए उदाहरणों की व्यापकता, अभिजातता और उच्चता ३०० वर्ष बाद कुन्तक के। वक्रोक्तिजीवित में या ९०० वर्षों के बाद अप्पयदीक्षित के कुवलयानन्द म दिखाई दे पाई है। पण्डितराज जगन्नाथ ने उल्टी गगा बहाई है और अपने सिद्धान्तों के लिए अपने ही पद्य उदाहरण रूप में दिए हैं।

अपने ही पद्यों मे उदाहरण प्रस्तुत करने से आचार्यों की जिस एक विशेषता का परिचय मिलता है वह है कवित्व। प्रतीत होता है कि वे कवि भी हैं और उन्हें काव्यनिर्माण का उत्तम अभ्यास भी है। स्वनिर्मित पद्य उद्धृत करने वाले भामह, दण्डी और भामह को यह श्रेय मिल जाता है। परवर्ती पण्डितराज तो गर्वोक्ति में लिख बैठे हैं—

> 'निर्माय नूतनमुदाहरणानुरूप
> काव्यं मयात्र निहितं न परस्य किञ्चित्।

किं सेव्यते सुमनसां मनसापि गन्धः
कस्तूरिका—जननशक्तिभृता मृगेण ॥[1]

—'हमने अपने रसगंगाधर में जैसा सिद्धान्त वैसा ही काव्य स्वयं बनाकर उपस्थित किया है, दूसरों से लेकर नहीं। क्या कस्तूरीमृग फूलों की गंध मन से भी चाह सकता है।'

भरत, दण्डी, भामह, उद्भट, रुद्रट और पण्डितराज कस्तूरी मृग हैं। देखना है कि वामन की स्थिति क्या है? वे कोरे भ्रमर ही हैं क्या?

वामन भी अच्छे कवि हैं। उन्होंने अपनी स्थापनाओं के उदाहरण के रूप में तो कोई पद्य नहीं बनाया, किन्तु अपने सिद्धान्तों को कारिकाबद्ध करते समय अपने कवित्व का कौशल उन्होंने भली भाँति दिखला दिया है। कुछ उदाहरण लीजिए।

अलंकार और गुणों में गुणों का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए वे लिखते हैं—

'युवतेरिव रूपमङ्गकाव्यं स्वदते शुद्धगुणं, तदप्यतीव।
विहितप्रणयं निरन्तराभिः सदलंकारविकल्पकल्पनाभिः॥[2]
यदि भवति वचश्च्युतं गुणेभ्यो वपुरिव यौवनहीनमङ्गनायाः।
अपि जनदयितानि दुर्भगत्वं नियतमलंकरणानि संश्रयन्ते॥[3]

—'काव्य यदि केवल गुणों से ही युक्त हो तब भी वह स्वादु होता है।' खोजिए इसके लिए कोई उदाहरण अपनी ओर से। वामन खोजते और कहते हैं—'जैसे युवति का रूप।' वह अपने आप में स्वादु होता है। वे आगे कहते हैं 'यदि इस रूप में 'सदलंकारविकल्पकल्पना' हो और वह भी निरन्तरता लिए हो तो और भी आकर्षक हो जाता है।'

इस उक्ति में शृङ्गार रस है। अनुप्रास है। उपमा है। छन्द भी बड़ा ही ललित है औपच्छन्दसिक। उसमें भी जो पदावली छाँटकर रखी गई वह प्रवाहपूर्ण और स्वाभाविक है। उसमें अग्राम्यता भी है और स्वयं वामन के ही अनुसार ओजोमिश्रित शैथिल्य भी है। पदों की नृत्यत्प्रायता भी इसमें है।

वामन श्लेष में भी सिद्धहस्त हैं। कहा जा चुका है—'यमक में भङ्ग से उत्कृष्टता आती है और भंग के तीन क्रम हैं—शृंखला, परिवर्तक तथा चूर्ण। वामन चूर्ण-भङ्ग का महत्त्व बतलाते और लिखते हैं—

—'जो यमक चूर्ण भङ्ग को प्राप्त नहीं होते वे—

---

१ रसगंगाधर मंगल पद्य
२–३ का० सू० ३।१।२ वृत्ति०

यथा स्थान स्थित रहने पर भी अच्छे नहीं लगते ।' इसमें उन्हें श्लेष सूझ आता है । सोचिए यह किस शब्द में हो सकता है ? यह पद है 'चूर्णभङ्ग' । क्या है इसमें श्लेष ? वामन की इस उपमा से पूछिए—'अलकानीव' अर्थात् 'जो यमक चूर्णभङ्ग को प्राप्त नहीं होते वे अलकों के ही समान सुशोभित नहीं होते । बात क्या हुई ? यमक पक्ष में चूर्ण से उत्पन्न भङ्ग और अलक पक्ष में चूर्ण तथा भङ्ग । अलक उन केशों का नाम है जिनमें सिन्दूर-लेखा विराजित रहती है और जिनके कुछ केश लहराते हुए कपोल या कपाल पर बिखरे रहते हैं । चूर्ण का अर्थ है सिन्दूर चूर्ण तथा 'भङ्ग' का घुँघरालापन या वक्रता । अवश्य ही इस हृदयवत्ता पर ध्यान जा जाता वामन में प्रतिभा तथा व्युत्पत्ति दोनों की अविष्टता प्रमाणित करते हैं । इस आशय का उनका पद्य श्लोकनिर्माण के अभ्यास में उन्हें पटु बतलाता है । यह तब विदित होगा जब उनका पद्य पढ़ने के पहले हम स्वयं उक्त आशय पर कोई पद्य बनाएँ और उसे वामन के पद्य से मिलाएँ । उनका पद्य है—

> 'अप्राप्तचूर्णभङ्गानि यथास्थानस्थितान्यपि ।
> अलकानीव नारयर्थं यमकानि चकासति ॥'

—का० सू० ४।१।७ वृत्ति ॥

छन्द अनुष्टुप् है, किन्तु उसमें भी कसावट है । कोई भी पद इसमें व्यर्थ नहीं है । निश्चित ही वामन कवित्व और कविकर्म में भी अवामन हैं । इतने पर भी वे उदाहरण अन्य कवियों से लेते हैं । क्यों ? उनका कहना है—

> 'वयं तु लक्ष्यसिद्धौ परमतानुवादिनः,
> न चैवमतिप्रसङ्गः, लक्ष्यानुसारित्वान्न्यायस्य ।

—का० सू० ४।१।१७ वृत्ति ।

सिद्धान्त का लक्ष्य के अनुसार चलना चाहिए । न कि सिद्धान्त के अनुसार लक्ष्य की कल्पना की जानी चाहिए ।

इन उद्धरणों से संस्कृत काव्यवाङ्मय व इतिहास का एक महान् लाभ हुआ । यह कि उनके कारण अनेक अज्ञातकालक कवियों के स्थितिकाल के निर्धारण में अतीव सहायता मिली है । इन उद्धरणों से भारतवर्ष के प्राचीन राजकीय इतिहास पर भी प्रकाश पड़ा है । चन्द्रगुप्त और उसका तनय कृतधी जनों का आश्रय बना था । ये चन्द्रगुप्त और उसका तनय कौन थे ? वे सुबन्धु के आश्रयदाता थे कि वसुबन्धु के । उसमें उद्धृत 'कालिदास का कुन्तलेश्वर दौत्य' भी ऐसी ही एक पहेली है । यह कालिदास कौन था और कौन वह कुन्तलेश्वर जिसका इसमें दौत्य किया । विद्वानों ने इस पर अनेक प्रकार के मत व्यक्त किए हैं । विचार का यह अवसर इन उद्धरणों से ही प्राप्त हुआ है ।

वामन ने अन्तिम अधिकरण मे 'काव्यसमय' [काव्यशिक्षा] और 'शब्दशुद्धि' नामक जो दो अध्याय दिए हैं इनका भी अपना मौलिक महत्त्व है। भामह ने अपने काव्यालकार के अन्तिम परिच्छेद [छठे परिच्छेद] मे काव्यनिर्माण के लिए 'व्याकरणार्णव' का पारदृश्वा होना आवश्यक बतलाया था [पद्य–१–३] किन्तु उसमे स्फोटवाद और अपोहवाद जैसे अनपेक्षित विषयो की भी चर्चा उठा दी थी। वामन ने इस दिशा मे सन्तुलन से काम लिया और अपेक्षित अश ही अपनाया। उन्होंने कुछ अशो मे तो भामह की भ्रान्तियो को दूर किया और कुछ अशो मे प्राचीन कवियो के अटपट प्रयोगो की यथाशक्य व्युत्पत्ति दिखलाई।

भामह ने 'पुमान् स्त्रिया' सूत्र के सन्दर्भ मे लिखा था कि द्वन्द्व समास करने पर पुरुष वाचक शब्द अवशिष्ट रहता है अत वरुण और वरुणानी, इन्द्र और इन्द्राणी, भव और भवानी, शर्व और शर्वाणी, मृड और मृडानी इन द्वन्द्वो में केवल 'वरुणौ, इन्द्रौ, भवौ, शर्वौ और मृडौ, कहना पर्याप्त होगा। यहाँ यद्यपि स्त्रीवाचक शब्दो का लोप रहेगा तथापि उनके अर्थ का बोध रुकेगा नहीं, क्योकि अवशिष्ट शब्द ही उन लुप्त शब्दो के अर्थ का भी बोध कराएँगे।

वामन ने इस उपपत्ति या इस व्यवस्था पर और बारीकी के साथ विचार किया और इसे पाणिनीय व्याकरण के विरुद्ध बतलाया। पाणिनीय व्याकरण मे लोप केवल उसी स्त्रीवाचक शब्द का होता है जिससे निकलते अर्थ मे केवल स्त्रीत्व की प्रतीति हो रही हो। जैसे 'हस' और 'हसी'। इनको सस्कृत में केवल 'हसौ' कहा जा सकेगा, कारण कि हसी का अर्थ है 'मादा हस', न कि हस की स्त्री। अभिप्राय यह कि हसौ कहने से निकलने वाले अर्थों मे दाम्पत्य की विवक्षा नहीं है, यह अभीष्ट नहीं है कि जिस हसी शब्द को छोड दिया गया है उससे प्रतीत होने वाली हसी, जो हस शब्द बचा है उससे प्रतीत होने वाले हस की पत्नी, जाया, गृहिणी या घरवाली है। यदि यह हस की जाया के रूप मे विवक्षित होती तो उसके वाचक हसी शब्द का लोप न होता और 'हसौ' न कहा जा सकता। निष्कर्ष यह कि स्त्रीवाचक शब्द के साथ पुरुष वाचक शब्द का समास होने पर एकशेष तभी सभव है जब उन दोनो शब्दो के अर्थों में केवल, स्त्रीत्व और पुस्त्व की प्रतीति हो रही हो। यानी वे दोनो केवल जातिवाचक शब्द हो। भामह ने जिनमे एकशेष की व्यवस्था दी है उन वरुणानी और वरुण भवानी और भव मे स्त्री वाचक शब्द केवल स्त्रीत्व का वाचक नहीं है। उसका निर्माण 'भव' आदि शब्दो मे जिस प्रत्यय को लगाकर किया गया है वह प्रत्यय 'दाम्पत्य' अर्थ मे है। भवानी होगी वही जो भव की स्त्री होगी। इसी प्रकार वरुणानी, इन्द्राणी, शर्वाणी या मृडानी वे ही होंगी जो वरुण आदि की पत्नी होंगी। निदान 'भवानी' आदि शब्दो से केवल स्त्रीत्व की प्रतीति न होगी। उनसे स्त्रीत्व

के साथ पत्नीत्व की भी प्रतीति होगी। इस स्थिति में पाणिनि के अनुसार एक—शेष नहीं होगा और 'भवानी तथा भव' इस विवक्षा में केवल 'भवौ' नहीं बोला जा सकेगा। ठीक भी है। केवल भवौ बोलने पर प्रतीत होगा 'दो भव' न कि 'भव और भवानी'। फलत यहाँ एकशेष हानिकर होगा क्योंकि उसमें बचा हुआ शब्द लुप्त शब्द के अर्थ का बोध नहीं करा पाएगा, साथ ही अभीष्ट अर्थ का बोध भी नहीं करा सकेगा। जिस प्रयोग से इस प्रकार की अव्यवस्था उपस्थित हो वह संस्कृत न होकर असंस्कृत होगा।

वामन की इस व्यवस्था में वे भामह पर एक चोट भी करते हैं। भामह ने एकशेष में जो उक्त उदाहरण दिए थे उनका आधार पाणिनि का 'इन्द्र-वरुण-भव-शर्व-रुद्र-मृड-हिमारण्य-यव-यवन—मातुलाचार्याणामानुक्' [४।१।४९] सूत्र था। इससे इन्द्राणी, वरुणानी, भवानी, शर्वाणी, रुद्राणी, मृडानी, हिमानी, अरण्यानी, यवानी, यवनानी, मातुलानी, तथा आचार्यानी शब्द बनते हैं। भामह ने इनमें से अपने—

'सरूपशेष तु पुमान् स्त्रिया यत्र च शिष्यते।
यथाह वरुणाविन्द्रौ भवौ शर्वौ मृडाविति ॥ ६।३२ ॥

इस पद्य में 'इन्द्र, वरुण, भव, शर्व और मृड' को तो अपना लिया, केवल, 'रुद्र' को छोड दिया था। वामन ने इसी को अपनाया और सूत्र लिखा—

'रुद्राविस्येकशेषोऽन्वेष्य' ॥ ५।२।१ ॥

इसकी वृत्ति में वामन ने भामह के ही क्रम में लिखा 'एतेन इन्द्रौ भवौ शर्वौ इत्यादय प्रयोगा प्रत्युक्ता'। कैसी नोक झोंक है इन आचार्यों की लेखनी में, जिनका जीवित है हमारा सहस्राधिक वर्ष प्राचीन काव्यशास्त्रीय सम्प्रदाय।

इस प्रकरण में वामन ने कालिदास के प्रयोगों पर विशेष ध्यान दिया है। उनके आलोक में कालिदास के अन्य शब्दों का अध्ययन भी एक उत्तम शोधकार्य है।

काव्यकारण और काव्यप्रयोजन पर भी वामन के विचार महत्त्वपूर्ण हैं। इन्हें प्रथम अधिकरण के द्वितीय अध्याय में देखा जा सकता है।

विस्तार में न जाकर हम इतना निर्देश करना पर्याप्त समझते हैं कि वामन का तुलनात्मक अध्ययन एक अतीव उत्तम क्षेत्र है अनुसन्धान और पुनर्मूल्यांकन का।

वामन का स्थितिकाल—

'वामन' ने भवभूति और माघ के पद्य उद्धृत किए हैं अत उन्हें ई० ७५० के बाद का माना जाता है क्योंकि ये दोनों कवि लगभग ७५०ई० के पहले के ही हैं। भवभूति कन्नौज के राजा यशोवर्मन् के सभाकवि थे, जिनका समय ७२५ ई० था।

इस प्रकार वामन के स्थितिकाल की ऊपरी सीमा आठवीं शती का प्रथम चरण ठहरता है। आखिरी सीमा आनन्दवर्धन के ध्वन्यालोक मे आए वामन के सन्दर्भों से ८५० ई० ठहरती है। आनन्दवधन अति उदार आचार्य थे, किन्तु उन्होंने वामन का नामत उल्लेख नही किया, जब कि भामह का दो बार उल्लेख किया है[1]। उन्होंने दण्डी से भी पर्याप्त सामग्री ली है किन्तु उनका नाम भी नहीं लिया। इससे यह सिद्ध नही होता कि आनन्दवधन दण्डी और वामन से अनभिज्ञ हैं। हमने यह लिखा है कि 'रीति' शब्द का प्रयोग और वैदर्भ आदि मार्गों के लिए 'वैदर्भी' आदि सज्ञाओ का निर्माण सस्कृत काव्य शास्त्र मे इदप्रथमतया वामन ने ही किया है। भरत से भामह तक न रीतिशब्द का उल्लेख था और न उनके लिए भवैदर्भी आदि शब्दो का। आनन्दवधन वामन का नाम लिए बिना ही क्यो न लिखें परन्तु जब रीति की बात—

१ रीतयश्च वैदर्भीप्रभृतय[2]।
२ अस्फुटस्फुरित काव्यतत्त्वमेतद् यथोदितम्।[3]
अशक्नुवद्भिर्व्याकर्तुं रीतय सम्प्रवर्तिता ॥[4]
वृत्तयोऽपि सम्यक् रीतिपदवीमवतरन्ति।

इस प्रकार करते हैं तो वे अवश्य ही वामन के ही ऋणी सिद्ध होते हैं।

यह तो एक उज्ज्वल प्रमाण है कि रीतियो को दण्डी और भामह से आगे बढ़कर, और पाञ्चाली को जोड कर ३ सख्या तक वामन ने ही पहुँचाया है। आनन्दवधन लिखते है—

एतद् ध्वनिप्रवर्त्तनेन निर्णीत काव्यतत्त्वम्
अस्फुटितस्फुरित सत् ' अशक्नुवद्भि
प्रतिपादयितु वैदर्भी गौडी पाञ्चाली'
चेति रीतय सम्प्रवर्तिता।'[5]

फिर वे रीतिप्रवर्तक आचार्य को 'रीतिलक्षणविधायी'[6] कहते हैं। रीति का लक्षण भी पहले पहल वामन ने ही किया है। बहुवचन का प्रयोग इस तथ्य का सूचक है कि आनन्दवर्धन वामन के प्रति अतिशय श्रद्धापूर्ण हैं।

---

१ ध्वन्यालोक पृ० ११९, ४६६ चौ० सं० १९९७ वि
२ वही पृ० २०
३–४ ध्वन्यालोक ३।४६ पृ० ५१७
५ ध्वन्या० पृ० ५१७ चौ० स० १९९७ वि
६ ध्वन्या ११५ लोचन चौ० स० १९९७ वि०

ध्वन्यालोक के प्राचीनतर टीकाकार अभिनवगुप्त के मत में तो क्रम से भम यह अभिप्राय है कि वामन आनन्दवर्धन के पूर्ववर्ती हैं। आक्षेपालंकार के उल्लेख पर वे वामन के मत को भी पूर्वपक्ष रूप में स्वीकृत मानते और लिखते हैं—

'अनुरागवती सन्ध्या' वामनाभिप्रायेणायमाक्षेप,
भामहाभिप्रायेण तु समासोक्तिरित्यमुमाशय हृदये
गृहीत्वा समासोक्त्याक्षेपयो युक्त्यदमकमेवोदाहरण
व्यतरद् ग्रन्थकृत्।''

वे आगे यहीं लिखते हैं कि यह बात उनके परमगुरु भी मानते थे—

'व्यतरद् ग्रन्थकृत्। एतावि समासोक्तिर्वास्तु
आक्षेपो वा, किमनेनास्माकम्, सर्वथाऽलङ्कारेषु
व्यङ्ग्य वाच्ये गुणीभवतीति न साध्यमित्य
स्मानमाऽत्र ग्रन्थेऽस्मद्गुरुभिर्निरूपित।'

स्पष्ट ही वामन, आनन्दवर्धन से पुराने हैं और आनन्दवर्धन उनसे भलीभाँति परिचित हैं। इससे सिद्ध है कि वामन ई० ८५० के बाद के नहीं हैं। राजतरंगिणी में—

मनोरथ शङ्खदत्तश्चटक सन्धिमांस्तथा।
बभूवु कवयस्तस्य वामनाद्याश्च मन्त्रिण॥' ४।४९७॥

इस प्रकार वामन नामक किसी विद्वान् को कवि और राजा जयापीड का अन्यतम मन्त्री कहा है। जयापीड का समय ८०० ई० है। कश्मीर के विद्वानों में यही मान्यता है कि ये ही वामन काव्यालंकार सूत्र के रचयिता हैं। ध्वन्यालोककार के ५० वर्ष पूर्व वामन का होना स्वाभाविक भी है। अतः जयापीड के मन्त्री वामन और काव्यालंकार सूत्रकार वामन में अभेद ही युक्तिपूर्ण है। भेद तब माना जा सकता है जब कोई स्पष्ट भेदक उपलब्ध हो। इस प्रकार वामन का समय ई० सन् ८०० सिद्ध होता है। लगभग इसी समय उद्भट भी हुए हैं।

काशिकाकार वामन और काव्यालंकार सूत्रकार वामन भिन्न माने जाते हैं। भेद का कारण है का० सू० वृत्ति में माघ के पद्य के उद्धरण। माघ अपने प्रौढ 'अनुत्सूत्र-पदन्यासा सद्वृत्ति' पद्य में जिस वृत्ति का उल्लेख करते हैं वह उनसे लगभग १५० वर्ष पूर्व ६०० ई० में बनी काशिका ही हो सकती है। इस प्रकार काशिका के सह—लेखक वामन तथा का० सू० के रचयिता वामन के समय में लगभग २०० वर्षों का अन्तर माना जाता है। वैसे काव्यालंकार सूत्रकार वामन और काशिकाकार वामन का व्याकरण विषय में प्राय मतैक्य है, यह उनके 'शब्द शुद्धि' अध्याय से स्पष्ट है।

१–२ ध्वन्या० पृ० ११५ लोचन, चौखम्बा सं० १९९७ वि०।

यदि हमारे वामन कश्मीर नरेश जयापीड के मन्त्री ही हो तो निश्चित ही वे कश्मीरवासी सिद्ध होते हैं। वे महान् विद्वान् हैं। का० सू० वृत्ति मे वे जैन,[7] जैमिनीय और शब्दविद्या का उल्लेख तो बडे ही अधिकार के साथ करते हैं। वामन के किसी अन्य ग्रथ का उल्लेख नही मिलता।

टीका—

प्रस्तुत ग्रन्थ मे प्रकाशित 'कामधेनु' टीका के रचयिता गोपेन्द्र त्रिपुरहर भूपाल या गोपेन्द्र तिप्पभूपाल हैं, जो विजयानगरम् राजवश के द्वितीय देवराज के राज्यपाल थे। देवराज का राज्य समय १४२३–४६ ई० माना जाता है, अत श्रीगोपेन्द्र भी उसी समय के ठहरते हैं।

साहित्यसप्रदाय का इन्हें परम्पराशुद्ध ज्ञान है। प्रथम सूत्र की व्याख्या इसका प्रमाण है। इस व्याख्या मे कुन्तक, भोज और मम्मट की ही नहीं, मम्मट के काव्य-प्रकाश के अत्यन्त मार्मिक टीकाकार अथवा ऐसा कहिए कि मम्मट से अधिक साहित्य-शास्त्रज्ञ, कवि और विदग्ध भट्टगोपाल की चर्चा भी वे करते हैं। भट्टगोपाल की टीका न केवल शुद्ध साहित्यबोध का ही परिचय देती है, अपितु एक गद्यकाव्य का भी आनन्द प्रदान करती है। उनकी साहित्यचूडामणि टीका को उद्धृत कर गोपेन्द्र भट्ट ने स्वय को भी महिमाशाली बना लिया। 'रीतिरात्मा काव्यस्य' की व्याख्या मे उनका 'आत्मा' का लक्षण देखिए—

'करद्गाग्रकरपकशतवैवाक्यवैलक्षण्यप्रकटन
प्रगल्भ कश्चन स्फुरत्ताहेतुस्वभावोऽत्रात्मेत्युच्यते।'

हमने माना है कि यहाँ 'आत्मा' शब्द औपचारिक है। प्रकारान्तर से यही तथ्य गोपेन्द्र भी स्वीकार करते और लिखते हैं—

'अत्र रीतेरात्मत्वमिव शब्दार्थयुगलस्य
शरीरत्वमौपचारिकम्।'

गोपेन्द्र ध्वनिसप्रदाय के ठीक वेत्ता हैं क्योंकि उन्हें ध्वन्यालोक और काव्य-प्रकाश का अच्छा अभ्यास है, किन्तु वे उस सप्रदाय से अभिभूत नहीं हैं। इसलिए वे अपने आचार्य वामन के सिद्धान्तो पर मम्मट द्वारा किए गए प्रहारों का उत्तर देते और उन सिद्धान्तो की वास्तविकता पर पाठक को केन्द्रित रखते हैं।

'ओज प्रसाद' आदि गुणों को वामन ने आत्मधर्म कहा क्योंकि उन्होंने गुणो को रीतिधर्म बतलाया है और रीति को काव्यात्मा। मम्मट ने भी उन्हें केवल आत्मधर्म

---

७ ५।१।१७ वृत्ति में जैमिनिया के स्थान पर निर्णयसागरीय पाठ 'जैना' भी है।

स्वीकार किया किन्तु उनके अनुसार रस ही काव्यात्मा था। प्रश्न उठा रस को काव्यात्मा माना जाय या रीति को, और गुणों को अनन्त किसमे अवस्थित किया जाए। मम्मट ने अपना समर्थन करने हेतु, वामन का खण्डन किया। काव्यप्रकाश के अष्टम उल्लास से यह तथ्य स्पष्ट है। गोपेन्द्र त्रिपुरहर भूपाल ३।१।४ सूत्र की व्याख्या में काव्यप्रकाश के इस प्रहार को प्रस्तुत करने और कण्ठस्थ करने योग्य ललित संस्कृत में उसका मम्मट की ही तर्क शैली से उत्तर देते हैं। बड़ा ही अपूर्व और मौलिक है उनका यह चिन्तन। मम्मट पर उनकी फबती है कि वामन के खण्डन की हवस और कुछ नहीं मम्मट की—

'पाण्डित्य कण्डूल वैतण्डिक चण्डिम्ना परस्य चिखण्डयिषा' है।

वे वामन पर मम्मट के आशय को न समझने का दृढ़ आरोप करते, जो कदाचित् सत्य है, और कहते हैं—

'मम्मट जो वामन का खण्डन कर रहे हैं वह उनके स्वकल्पित दोषों की उद्भावना है'। इसे गोपेन्द्र की ही पदावली मे देखिए—

> 'स्वसंकल्पमात्रकल्पितविकल्पानां
> भावस्यमवकाश पश्याम।'

कैसी ही सानुप्रास उक्ति है यह।

'दीप्तरसत्वं कान्तिः'—३।२।१५ की व्याख्या मे वे नवों रसों के उदाहरण काव्यप्रकाश में ही उपस्थित करते हैं। यहाँ उनकी 'दीप्त' पद की व्याख्या कितनी सटीक है—'दीप्ता विभावानुभावव्यभिचारिभिरभिव्यक्ता'।

यमक के उदाहरणों की जटिल व्याख्या में वे रमे हैं और उन्होंने तत्प्रविष्ट होकर उनका विश्लेषण किया है। अर्थालंकारों का संग्रह कारिकाओं में प्रकरण के आरम्भ में ही कर उनने पाठक का पथ प्रशस्त कर दिया है।

गोपेन्द्र त्रिपुरहर भूपाल एक अच्छे कवि भी हैं। उनके आरम्भिक मंगल पद्य उतने ही ललित हैं जितने रसार्णवसुधाकरकार शिंगभूपाल या सिंह भूपाल के या इनके अपने अतीव प्रिय भट्टगोपाल के। भट्टगोपाल का यह मंगलपद्य मानो रहस्यबीज छिपाए हुए कोई मन्त्र पद है—

> 'प्रणौमि वचनोद्गारमणिमुक्ताविभूषिताम्।
> कविलोककुटुम्बस्य कामधेनुं सरस्वतीम्॥

इसका रूपक कितना रहस्यगर्भित है और उसका एक-एक तन्तु कितना दूरगामी आरोप लिए है। भोज का—

> 'आत्मारामपनादुपाग्य विजयं देवेन दैत्यद्विषा
> ज्योतिर्बीजमकृत्रिमे गुणवति क्षेत्रे यदुप्तं पुरा।

श्रेय स्कन्दवपुस्तत समभवद् भास्वानतश्चापरे
मन्विक्ष्वाकुककुत्स्थमूलपृथव क्ष्मापालकल्पद्रुमा ॥[1]

यह अभिलेखपद्य ही इस रूपक की गम्भीरता लिए दिखाई देता है। गोपेन्द्र भूपाल को भी कदाचित् इस पद्य ने बहुत प्रभावित किया है और कदाचित् इसी पद्य की 'कामधेनु' को उन्होंने अपनी टीका के नामकरण के लिए अपने खूँटे में ला बाँधा है, बाँधा ही नही है, टीका के परिपोष के लिए उसे खूब खूब दुहा भी है और उसमें भी इस दोग्धा पर प्रसन्न होकर अपना कामदुघात्व[2] भलीभाँति दिखला दिया है। ओंकार पर मणिघण्टा का रूपक स्वय गोपेन्द्र भी प्रस्तुत करते हैं। उनके आरम्भिक मगल के तृतीय पद्य में।

अन्य टीकाओं में महेश्वर की 'साहित्यसर्वस्व' नामक टीका का उल्लेख किया जाता है और कहा जाता है कि कोई टीका सहदेव नामक विद्वान् ने भी बनाई थी। ये टीकाएँ मिलती नहीं हैं।

इसका प्रस्तुत हिन्दी अनुवाद पटना विश्वविद्यालय के संस्कृतविभागाध्यक्ष डॉ० बेचन झा ने किया है। साहित्य शास्त्र के पाठक और अध्येताओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे किसी भी समस्या को पहले प्राचीन सन्दर्भों से सुलझावें। आधुनिक शोध की यह वैज्ञानिक प्रक्रिया स्वय वामन में प्रतिष्ठित है, आनन्दवर्धन और मम्मट ने तो इस पर जीवनव्यापी परिश्रम किया था। १४ वीं शती के बाद से दशनों के क्षेत्र में जो अभिव्यक्ति का न्यायशास्त्रीय परिष्कार जड़ जमाता गया और शब्दवृत्ति जैसे मनोविज्ञानशास्त्रीय विषय पर शास्त्रकारों ने जो ऊह तथा अपोह का तर्कजाल इसी अभिव्यक्ति के सहारे बिछाया उसमें हमारा काव्यशास्त्ररूपी हस भी जा फँसा, उसका अच्छोद सरोवर दूर रह गया और वह कृत्रिम बेशन्तों में, गड्ढों में, और कहीं-कहीं तो पकिल दलदल में उत्तरोत्तर एक अस्वाभाविक जीवन जीने लगा। यह जाल केवल कपोतों के लिए ही उचित था। कभी तो वे भी इसके विरुद्ध अभियान रच देते थे।

संस्कृत वाङ्मय की एक-एक गिरा अपने चारो ओर वैसी ही अन्य गिराओं का अनन्त विस्तार लिए हुए है। इस वाङ्मय के किसी भी अंग का कृत्स्नविद् होना सभव ही नहीं है। भारत ही नहीं विश्व के मानव इतिहास की यह अद्भुत निधि है, एक सर्वोपरि आश्चय है। हमें इसका अवगम अतीव धैर्य, अतीव विवेक, अतीव विनय, अतीव तप और अतीव गम्भीरता के साथ करना है। चिदात्मा हमें इस दुधर्ष

१ गुर्जर प्रतिहार भोज की ग्वालियर प्रशस्ति पद्य-२,
२ 'अवेहि मां कामदुघां प्रसन्नाम्'—रघुवंश-२।

समय में इसकी शक्ति प्रदान करे, सुविधा और सुअवसर प्रदान करे और हम अपनी अपनी शाखाओं में बोधब्रह्म का साक्षात्कार करते चलें। काव्यालंकारसूत्रवृत्ति का टीकासहित सानुवाद प्रकाशन इसमें एक सहायक क्रम है। टीकाकार, अनुवादक और प्रकाशक, सभी इसके लिए साहित्यजगत् के साधुवाद पात्र हैं।

श्रीकृष्णजन्माष्टमी
भृगुवार, सं० २०२८
वाराणसी

—रेवाप्रसाद द्विवेदी

भूमिका

(ई०१९०८ में 'बनारस संस्कृत ग्रन्थमाला' में 'काव्यालङ्कार कामधेनुव्याख्या' सहित यह ग्रंथ प्रकाशित हुआ था, जिसका सम्पादक श्रीमदाचार्य श्रीमद्वल्लभाधीश्वर शुद्धाद्वैतसम्प्रदायी विद्वान् श्री प० रत्नगोपाल भट्ट ने किया था। प्रस्तुत संस्करण में पूर्व संस्करण की भूमिका नीचे अविकल छापी जा रही है। प्रकाशक)

श्रेयांसि प्रथयतु कोऽपि विट्ठलाह्वो देवो नः श्रुतिशिखरैर्विमृग्यरूपः ।
गोपीनां कुचशिखरेषु यो विहारैर्व्यस्मार्षीन्मुनिजनमानसे निवासम् ॥

ननु भो सहृदया विद्वन्मणयः ! सविनयं किञ्चिद् विज्ञाप्यते । सवृत्तिकाव्यालङ्कारसूत्राणां प्रणेता पण्डितवरवामनोऽतिप्राचीन इति सर्वजनविदितमेतत् । किन्त्वयं काश्मीरदेशीयः काशिकावृत्तिकाराद् भिन्नश्चेति केषाञ्चिदाशयः । तदीयसूत्राणि सवृत्तिमात्राणि बालानामतीव विशेषप्रतिपत्तिं न कलयेयुरिति तद्रहस्यप्रकटनप्रगल्भेन लोकोपकारनिरतेन गोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपालतिलकेन काचन-व्याख्यापि निर्मिता । स किल भूपालस्तैलिङ्गदेशाधिप इन्दुवंशोद्भवो नाम्ना तिप्प त्रिपुरहरश्चेति । सैषा व्याख्या विशुद्धपदविन्यासशालिनी अभिमतार्थदायिनी सुमनसां हृदयाह्लादिनी नाम्ना काव्यालङ्कारकामधेनुरिति ।

इयं हि अस्मत्पूर्वैरितरैश्च विद्वन्मणिभिः समासादिता । ग्रन्थोऽस्मद्देशलिपितो देवनागरीलिपिभिः परिवृत्यालेखि । अनन्तरमस्य प्रकटीभवनं प्रतीक्ष्यमाणाः सम्प्रत्यलङ्कृतमुम्बयीनगराणां पण्डितवरज्येष्ठाराममुकुन्दशर्मणां सकाशं प्रथममिममनैष्व । तैः किल काश्यां सकलप्राचीनशास्त्रग्रन्थप्रकाशबद्धपरिकरस्य श्रीयुतहरिदासगुप्ताऽभिधस्य सविधे सम्प्रेषितः । तेन च नरमणिना वाराणसेय-संस्कृतपुस्तकमालायां मुद्रणेन पुस्तकमेव सपदि अनेकतां सद्य एव प्रापितमिति तेषामुपकारगौरवं बिभृवः । अस्य ग्रन्थस्य लेखनाधारभूतानि पुस्तकानि त्वेतानि

(१) आवयोरात्रेयजयपुरकृष्णमाचार्यस्य सव्याख्यानमतिशुद्धं पुस्तकमेकम् ।

(२) पुनर्द्वितीयं कलकत्तामुद्रितं सवृत्तिमात्रं पुस्तकं तस्यैव ।

(३) आवयोर्वाधूलालङ्कराचार्यस्य सव्याख्यानमतिशुद्धं पुस्तकमेकम् ।

(४) एतद्विट्ठलपुरनिवासिनां काव्यमालानवमगुच्छकान्तर्गतस्य गीतिशतकस्य प्रणेतॄणां श्रीवात्स्यसुन्दराचार्यकवीनां स्वहस्तलिखितमतिशुद्धं तालपत्रात्मकं सवृत्तिव्याख्यानं पुस्तकमेकम् । तत्पत्राणि ॥ ८४ ॥

एवञ्च पुस्तकाधारेण लिखितस्यास्य ग्रन्थस्यावलोकनेनावामपि सहृदयहृदयैरनुग्राह्यौ भवाव इति ।

पण्डितश्रीमदात्रेयजयपुरकृष्णमाचार्यः
पण्डितश्रीवाधूलालङ्कराचार्यश्च

विषय-सूची

अध्याय पृ०

पण्डितवरवामनविरचितसवृत्ति-

काव्यालङ्कारसूत्राणि

सानुवाद'काव्यालङ्कारकामधेनु'व्याख्यासहितानि

अथ प्रथमेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः

कल्याणानि तनोतु न स भगवान् क्रीडावराहाकृति
र्दंष्ट्राग्रेण नवप्ररोहपुलका देवीं धरामुद्वहन् ।
यस्याऽङ्गेषु वहन्ति रोमविवरग्लग्ना महाऽम्भोधय
कान्तास्पर्शसुखादिव प्रकटिता स्वेदोदबिन्दुश्रियम् ॥ १ ॥

दरोन्मीलत्कालद्युतिमदनुतस्यन्दिशुभिक
भ्रमन्मौनोष्णीष पदसर्गणपारीणवलयम् ।
विराजद्दम्भावव्यतिकरितपुम्भावसुभग
पुरस्तादाविस्ताद् भुवनपितरौ तन्मम मह ॥ २ ॥

झङ्कारमणिघण्टाऽनुरणन्निगमबृंहितम् ।
चित्ते शृङ्खलित भक्त्या चिन्तये चिन्मय गजम् ॥ ३ ॥

करुणामसृणाऽऽलोकप्रवणा शरणार्थिषु ।
प्रगुणाऽऽभरणा वाणी स्मरणाऽनुगुणाऽस्तु न ॥ ४ ॥

उन्मीलत्प्रतिभानकन्दमुदयत्सद्धर्मनाल लस
च्छ्लेषव्याकुलशब्दपत्रमतुल यन्धारविन्द सदा ।
अध्यासीनमलङ्क्रियापरिलसद्गन्ध वचोदेवत
वन्दे रीतिविकासमाशुविगलन्माधुर्यपुष्पासवम् ॥ ५ ॥

नमस्कुर्वे सर्वेतरविविधविद्याविलसितान्
प्रवाच प्राचोऽहं प्रथितयशसो भामहमुखान् ।
कृता यैर्ग्रन्था कृतिषु नयचर्या सदसता
प्रभेवाभिव्यक्ति व्रजति भासामधिपते ॥ ६ ॥

पावनी वामनस्येय पदोन्नतिपरिष्कृता ।
गम्भीरा राजते वृत्तिर्गङ्गेव कविहर्षिणी ॥ ७ ॥

प्रबन्धं लालानां भवतु तिमिर्पणाऽस्तु य
शिवाक्लृप्ताकारा नटनकरणानामपि भिदा ।
स वृत्तेऽर्थाख्यानं सरलरचनं वामनकृते
विधत्ते गोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपालतिलकः ॥ ८ ॥

पावनपदविन्यासा समग्ररसदोहशालिनी भजताम् ।
घटयति कामितमर्थं काव्यालङ्कारकामधेनुरियम् ॥ ९ ॥

यत्रोपयुज्यते यावत् तावत् तत्र निरूप्यते ।
प्रसङ्गानुप्रसङ्गेन नाऽत्र किंचित् प्रपञ्च्यते ॥ १० ॥

अभ्यर्थके मय्यनुकम्पया वा साहित्यसर्वस्वसमीहया वा ।
मदीयमार्या मनसा निबन्धममुं परीक्ष्यध्वममत्सरेण ॥ ११ ॥

अध्याये प्रथमे काव्यप्रयोजनपरीक्षणम् ।
अधिकारिविचारश्च द्वितीये रीतिनिश्चय ॥ १२ ॥

काव्याङ्गकाव्यभेदानां तृतीये प्रतिपादनम् ।
तुर्ये पदपदार्थानां दोषतत्त्वविवेचनम् ॥ १३ ॥

वाक्यवाच्यार्थदोषाणां पञ्चमे तु प्रपञ्चनम् ।
गुणालङ्कारभेदस्तु षष्ठे भेदगुणास्तथा ॥ १४ ॥

सप्तमेऽर्थगुणाः शब्दाऽलङ्कारा पुनरष्टमे ।
उपमा नवमे तस्या प्रपञ्चो दशमे भवेत् ॥ १५ ॥

काव्यस्यैकादशे सविद् द्वादशे शब्दशोधनम् ।
इत्येष द्वादशाध्यायीप्रमेयाणामनुक्रम ॥ १६ ॥

अथ ग्रन्थकार स्वकर्तृकाणि सूत्राणि व्याकर्तुकाम प्रारम्भ एव प्राचीनाऽऽचार्यपरम्परासमाचारपरिप्राप्तकर्तव्यताविशेषरूपमङ्गलानुष्ठानेन स्वय प्रारिप्सितग्रन्थपरिसमाप्तिपरिपन्थिप्रत्यूहव्यूहप्रतिहननप्रगल्भसमग्रदेवताऽनुग्रहसपन्नोऽपि व्याख्यातृश्रोतृणामविघ्नव्याख्यानश्रवणलाभाय ग्रन्थाऽऽदौ तन्मङ्गलनिबन्धनपूर्वकं तत्प्रवृत्तिसिद्धये विषयप्रयोजनादि दर्शयन्नार्येण पद्येन कर्तव्यं प्रतिजानीते ।

प्रणम्य परमं ज्योतिर्वामनेन कविप्रिया ।
काव्यालङ्कारसूत्राणां स्वेषां वृत्तिर्विधीयते ॥ १ ॥

काव्यं ग्राह्यम् अलङ्कारात् ॥ १ ॥

काव्य खलु ग्राह्यमुपादेयं भवति । अलङ्कारात् । काव्यशब्दोऽयं गुणाऽलङ्कारसंस्कृतयोः शब्दार्थयोर्वर्तते । भक्त्या तु शब्दार्थमात्रवचनोऽत्र गृह्यते ॥ १ ॥

हिन्दी—परम ज्योति स्वरूप परमात्मा को नमस्कार कर वामन से अपने काव्यालङ्कारसूत्रों की कविप्रिया वृत्ति लिखी जाती है।

काव्य अलङ्कार के योग से ग्राह्य है।

काव्य अलङ्कार के योग से ही उपादेय होता है। यह काव्य शब्द गुण तथा अलङ्कार से सुसंस्कृत शब्द और अर्थ का ही बोधक है। किन्तु लक्षणा से शब्दार्थ मात्र का बोधक काव्य शब्द यहाँ ग्रहण किया जाता है ॥ १ ॥

प्रणम्येति ॥ भक्तिश्रद्धातिशयलक्षण प्रकर्ष प्रशब्देनात्र प्रकाश्यते । तादृगेव हि मङ्गलमन्तरायसन्तानशान्ति सन्तनोति । अन्यथा कृतायामपि कृतौ प्रारिप्सितग्रन्थ परिसमाप्तिं न सपादयेत् । किरणावल्यादौ तथा दर्शनात् । अथ कथमिह नमिस्सकर्मक स्यात् । प्रह्वीभावप्रवृत्तेरस्याकर्मकत्वात् । "नमन्ति शाखा नवमञ्जरीभि" रित्यादिप्रयोगदर्शनाच्च । नचाऽयमनुपसर्गवशात् सकर्मक । प्रशब्दस्य प्रकर्षमात्रार्थत्वेन कर्मसबन्धोपपादकत्वायोगात् । "नमामि देव"-मित्यादावुपसर्गस्याप्यभावात् । नचायमन्तर्भावितण्यर्थ । अनौचित्यप्रसङ्गादिति । तदेतत् पाणिनिफणितिपरायणपरिणतान्त करणानामस्माक चेतसि चोद्य न चातुरीमाचरति । तथाहि यथा जयतिरकर्मक प्रकर्षेण वर्तने । पराजये तु सकर्मक । तथा नमिधातु क्वचित् प्रह्वीभावार्थ क्वचिन्नमस्कारार्थश्च भवति । तत्र यदा प्रह्वीभावार्थमात्रविवक्षया प्रयुज्यते तदानीमेषोऽकर्मक । यदा नमस्कारार्थविवक्षया प्रयुज्यते तदा सकर्मक इति विवेक । यद्येव तर्हि "देव प्रणत" इत्यत्र कर्तरि क्तप्रत्ययो न सिद्ध्येत् । "सकर्मकाऽकर्मकाद्धातो क्तो भवेत् कर्मभावयो" रिति सकर्मकाद्धातो कर्मणि क्तविधानात् । गत्यर्थाकर्मकादिषु नमे परिगणनाभावाच्चे यदि न चोदनीयम् । "व्यवसितादिषु क्त कर्तरि चकाराद्" इत्येवं वक्ष्यमाणसूत्रेण नमेरपि कर्तरि क्तप्रत्ययसभवात् । व्यवसित प्रतिपन्न इत्यादिषु गत्यर्थादिसूत्रेण चकारादनुक्तसमुच्चयार्थात् कर्तरि क्तप्रत्ययो भवतीति तस्य सूत्रस्याऽर्थ । परमम् । परिदृश्यमानज्योति परिपाटी मतिवर्तमानम् । ज्योतिश्चिन्मयम् । परम ज्योति प्रणम्येत्यत्र वाक्यार्थसामर्थ्येन निखिलनिगमनीरजराजिराजहंसस्य परमहंसभावनापदपोदबोधस्परस्य ब्रह्मणो यत् पारमार्थिक रूप तदेव प्रणिधानपथेन प्रमुदितचिरयान्तरप्रसङ्गे

प्रदर्पतरङ्गितेऽन्तःकरणे प्रत्यक्षतोऽनुभवन् प्रणामप्रचयेन पर्यचरदिति प्रतीते परमयोगित्वमस्य प्रबन्धु प्रत्याय्यते। वामनेनेति निजनामनिर्देशो यशःप्रकाशनाय। 'कवीन् प्राणातीति काव्यप्रीः'। 'अन्येभ्योऽपि दृश्यत' इति क्विप्प्रत्ययः। तेन कविप्रिया इति तृतीयान्तः कर्तृविशेषणम्। कवीनां प्रियेति प्रथमान्तः कर्मविशेषणं वा। काव्येति। "कवनीयं काव्यम्" इति लोचनकारः। "कवयतीति कविः, तस्य कर्म काव्यम्" इति विद्याधरः। "कौति शब्दायते विमृशति रसभावानिति कविः। तस्य कर्म काव्यम्" इति भट्टगोपालः। "लोकोत्तरवर्णनानिपुणकविकर्म काव्यम्" इति काव्यप्रकाशकारः। भामहोऽपि—"प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता। तदनुप्राणनाज्जीवेद्वर्णनानिपुणः कविः॥ तस्य कर्म स्मृतं काव्यम्" इति। तदेतत् काव्यशब्दव्युत्पत्तिकथनम्। चारुताशालि शब्दार्थयुगलं काव्यमिति रूढोऽर्थः। तस्याऽलङ्कारोऽलङ्कृतिः भावे घञ्। दोषहानगुणालङ्कारादानाभ्यामाधीयमानः सौन्दर्यमिति यावत्। तत्प्रतिपादकानि सूत्राणि, तेषाम्। सूत्रलक्षणमुक्तं प्राचा भामहेन। "अल्पाक्षरमसंदिग्धं सारवद् विश्वतोमुखम्। सम्यक्ससूचितार्थं यत् तत् सूत्रमिति कथ्यते" इति। स्वेषामिति। सूत्रवृत्त्योरेककर्तृकत्वप्रतिपादनेन सूत्रकाराभिमतार्थप्रतिपादिनी वृत्तिः-वृत्तेरन्यकर्तृकत्वाशङ्काविरहश्चेत्युभयमपि उपक्षिप्यते। वर्ततेऽस्यां सूत्राणां यथावत् पदपदार्थविवेक इति वृत्तिः। अधिकरणार्थे क्तिन् प्रत्ययः। वृत्तिलक्षणमुक्तं भामहेन। "सूत्रमात्रस्य या व्याख्या सा वृत्तिरभिधीयते" इति। काव्यालङ्कारसूत्राणां वृत्तिरित्यनेन विषयसम्बन्धौ सूचितौ। कविप्रियेत्यनेन अधिकारिप्रयोजने सूचिते। तदेतदनुबन्धचतुष्टयमुत्तरत्र प्रतिपादयिष्यते विस्तरेण। काव्यस्य कः पुनरलङ्कारादुपकारो येन प्रतिज्ञायमानं तत्सूत्रवृत्तिविधानं सफलं स्यादिति शङ्कामपनेतुमलङ्कारप्रयोजनप्रतिपादकमादिमं सूत्रमुपादत्ते॥ काव्यमिति॥ खलुशब्दो वाक्याऽलङ्कारे। काव्योपादाननिदानत्वादलङ्कारा भवत्युपयोगीति भावः। ननु काव्यमेव तावदुपादातव्यं चेदलङ्कारस्यापि तदुपादानहेतुत्वमुपपद्येत। तत्सूत्रवृत्तिविधानं च सफलं स्यात्। तस्योपादेयत्वमेव कुत इति चेदत्र वक्तव्यम्। यत् काव्यमुपादेयं न भवतीति कस्य हेतोः। न तावद् ऋषिप्रणीतत्वाभावादनुपादेयत्वम्। वाल्मीकिद्वैपायनप्रभृतिभिरपि महर्षिभिः काव्यस्य प्रणयनात्। नाऽपि पुरुषप्रणीतत्वात्। शास्त्रनिबन्धानामपि तथात्वेनानुपादेयत्वप्रसङ्गात्। न च काव्यत्वात्। रामायणादावनैकान्तिकत्वात्। तस्यापि पक्षसमत्वशङ्कायामेकैकाक्षरोच्चारणेऽपि फलविशेषवचनविरोधः। नाऽपि दृष्टप्रयोजनाऽभावात्। दृष्टप्रयोजनानां बहूनामुपदिष्टत्वात्। तथोक्तं काव्यप्रकाशे "काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये। सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे" इति। नाऽप्य

दृष्टप्रयोजनाभावात्। स्वर्गापवर्गलक्षणस्यादृष्टप्रयोजनस्य शिष्टैरनुशिष्टत्वात्। यदाहु "धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च। करोति कीर्ति प्रीतिञ्च साधुकाव्यनिषेवणम्" इति। काव्यादर्शेऽपि "चतुर्वर्गफलोपेतं चतुरोदात्त-नायकम्" इति। इहापि "काव्यं सद्" इति वक्ष्यमाणत्वात्। अथ मन्यसे "काव्यालापांश्च वर्जयेद्" इति निषेधवचनादनुपादेयत्वं काव्यस्येति। तदप्य-नालोचितचतुरम्। काव्यालापनिषेधवचनस्याऽसत्काव्यविषयत्वेन व्यवस्था-पनात्। यदाह विद्यानाथ "यत्र पुनरुत्तमपुरुषचरितं न निबध्यते तत् काव्यं परित्याज्यमेव। तद्विषया च स्मृतिः काव्यालापांश्च वर्जयेदिति" इति। न केवलं विषयवैगुण्येन काव्यस्यासाधुत्वम्। किन्तु प्रबन्धु प्रतिभादौर्बल्यकुलवै करयाभ्यामपि भवति। तदुक्तं काव्यादर्शे "तदल्पमपि नोपेक्ष्यं काव्ये दुष्टं कथञ्चन। स्याद्वपुः सुन्दरमपि श्वित्रेणैकेन दुर्भगम्" इति। कविगजाङ्कुशे "शुनीदुग्धमिव त्याज्यं पद्यं शूद्रकृतं बुधैः। गवामिव पयो ग्राह्यं काव्यं विप्रविनि-र्मितम्" इति। उत्तमपुरुषकथाकथनं तु काव्यं ग्राह्यमेव। तदुक्तं भामहेन "उपश्लोक्यस्य माहात्म्यादुज्ज्वला काव्यसंपद" इति। भट्टोद्भटेनापि कथि-तम् "गुणाऽलङ्कारचारुत्वयुक्तमप्यधिकोज्ज्वलम्। काव्यमाश्रयसंपत्त्या मेरुणे-वाऽमरद्रुमः" इति। भोजराजेनापि कथितम् "कवेरल्पापि वाग्वृत्ति-र्विद्वत्कर्णावतंसति। नायको यदि वर्ण्येत लोकोत्तरगुणोत्तरः" इति। किं बहुना प्रतिपाद्यमहिम्ना प्रबन्धप्रशस्तिरिति शास्त्राणामपि समानमेतत्। तथाहि न्यायवैशेषिकशास्त्रयोरीश्वरप्रतिपादकतया पूर्वोत्तरमीमांसयोर्धर्मब्रह्मप्रतिपादक-तया महनीयत्वम्। तत्र चिन्तायां तु शास्त्राणामपि काव्यमुखप्रेक्षितया कार्य-कारित्वमित्युपनिषत्। यदाहु "स्वादुकाव्यरसोन्मिश्रं शास्त्रमप्युपयुञ्जते। प्रथमालीढमधवः पिबन्ति कटुभेषजम्" इति। शास्त्रकाव्ययोरियान् विशेषो यत् प्रभुसम्मिततया दुर्लभोऽनुप्रवेशः शास्त्रे, कान्तासम्मिततया सुलभोऽनुप्रवेशः काव्ये इति। यदाहु "कटुकौषधवच्छास्त्रमविद्याव्याधिनाशनम्। आह्लादामृत-वत् काव्यमविवेकगदापहम्" इति। साहित्यचूडामणावप्युक्तम् "तदिदं पुण्ड्रेक्षुभक्षणाद्वेतनवित्तलाभो यत् काव्यश्रवणाद् व्युत्पत्तिसिद्धि" रिति। तस्माद् दृष्टाऽदृष्टाऽनेकोपकारकारितया काव्यमुपादातव्यम्। ततश्च सफलोऽय-मलङ्कारसूत्रवृत्तिविधानयत्न इति स्थितम्।

अथ काव्यशब्दस्याऽनेकार्थत्वेन विप्रतिपत्तौ स्वसिद्धान्तसिद्धं मुख्यार्थं तावत् प्रख्यापयति काव्यशब्दोऽयमिति। लिङ्क्षयिपितगुणालङ्कारसंस्कृत-शब्दार्थयुगलवाची नपुंसकलिङ्गः काव्यशब्द इत्यर्थः। गुणाऽलङ्कारसंस्कृतयो रिति गुणैरोजःप्रमुखैः अलङ्कारैर्यमकोपमादिभिश्च संस्कृतयोरलङ्कृतयोरित्यर्थः।

अत्र शब्दार्थौ द्वौ सहितावेव काव्यमिति काव्यपदार्थकथनात्क्रमनोयवाशालि शब्द एव काव्यमथवाऽर्थ एवेति पृथक्पक्षद्वय प्रत्यक्षेपि। यतो द्वयो सभूयाह्लादनिबन्धनत्वमिति। तदुक्त वक्रोक्तिजीविते "न शब्दस्य रमणीयता विशिष्टस्य केवलस्य काव्यत्व, नाप्यर्थस्य" इति। यद्यपि काव्यपद गुणालङ्कार सस्कृतशब्दार्थयुगल व्याचष्टे, तथाप्यस्मिन् सूत्रे मुख्याथस्यानुपयोगलक्षण बाध पश्यन् शब्दार्थयुगलमात्रे तदुपचर्यत इत्याह भक्त्येति। भक्त्या उपचारेण। गुणालङ्कारसस्कृतत्वस्य पृथक्करण मात्रचोऽर्थ। ननु "मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्। अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणाऽरोपिता क्रिया' इत्युक्तरीत्या मुख्यार्थबाधादौ सत्येवोपचारो वक्तव्य। तथाच गुरुरभिवाद्यो, गुरुत्वादित्यत्र यथा गुरुशब्दपरिगृहीतस्यैव गुरुत्वस्य तदभिवादहेतुत्व दृष्टम्, तथैवात्राप्यलकारस्य काव्यग्रहणहेतुत्वमुपपद्यत इति कथ मुख्यार्थबाध। चारुताशालिशब्दार्थयो शब्दार्थमात्रस्य वस्तुत एकत्वाद् भेदनिबन्धनो दुर्घट। "काव्य ग्राह्यमलङ्काराद्" इति भेदनिर्देशेनैव गुणालङ्कारवैशिष्ट्यतद् व्युत्पत्तिरूप प्रयोजन च सम्भवतीति कथमुपचार। अत्रोच्यते यथा, गुरुत्वादभिवाद्य इत्युक्ते गम्यत एव गुरुरिति। तथापि गुरुरित्युच्यमानमतिरिच्यते। एवमिहापि अलकाराद् ग्राह्यमित्युक्ते काव्यमिति गम्यत एव। तथापि काव्यमित्युच्यमानमतिरिच्यते इति पुनरुक्तप्रायत्वाद्, अनुपयुक्तमिति मुख्यार्थभग'। नचानुपयुक्तत्वेऽप्यनुपपत्तेरभावात् कथ मुख्यार्थभग इति चोदनीयम्। यतो योग्यताविरहवदाकाङ्क्षाविरहोऽपि मुख्यार्थभगहेतु। अन्वयविघटनाऽविशेषात्। वस्तुतस्त्वनुपयुक्तताकाङ्क्षावैकल्यमनुपपत्तौ तु योग्यतावैकल्यमित्यवगन्तव्यम्। चारुताशालिशब्दार्थयो शब्दमात्रस्य च गुणभेदात्। भेदे सति सादृश्य लक्षण सम्बन्ध। गुरुपदोपलक्षिते पुसि हितानुशासनकौशल्यादिप्रतिपत्तिवच्छब्दार्थयोर्गुणालङ्कारवैशिष्ट्यप्रतिपत्ति प्रयोजन च सम्भवतीत्युपपन्न एषोपचार इत्यल विस्तरेण ॥ १ ॥

अलकारशब्दोऽय किं भावसाधन, उत करणसाधन इति सन्देहात् पृच्छति—

कोऽसावलकार इत्यत आह—

सौन्दर्यमलङ्कारः ॥ २ ॥

अलकृतिरलङ्कारः। करणव्युत्पत्त्या पुनरलङ्कारशब्दोऽयम् उपमादिषु वर्तते ॥ २ ॥

हिन्दी—यह अलङ्कार कौन पदार्थ है इसके उत्तर में कहते हैं—

सौन्दर्य (के आधानतत्त्व) अलङ्कार है।

अलङ्कार शब्द का अर्थ है भावात्मक अलङ्कृति। फिर भी करणार्थ घञ् प्रत्यययुक्त व्युत्पत्ति से यह अलङ्कार शब्द उपमा आदि प्रसिद्ध अलङ्कारों में प्रयुक्त होता है ॥ २ ॥

कोऽसाविति। तत्रोत्तर वक्तुमुत्तरसूत्रमवतारयति। अत आहेति। वृत्तिकारदशात सूत्रकारदशा अन्येवेति कर्तृभेदमाश्रित्योक्तम्-आहेति। अत्र भाव व्युत्पत्तेर्विवक्षितत्वाद् अलङ्कारशब्दो भावार्थमाचष्ट इत्याह। अलङ्कृतिरलङ्कार इति। अलङ्कारशब्दस्य करणव्युत्पत्तिपक्षे तु न गुणाना काव्यग्रहणहेतुत्वमिति "युवतेरिव रूपमङ्ग काव्य स्वदते शुद्धगुणम्" इत्यादि वक्ष्यमाण नोपपद्यते इत्यर्थोऽसङ्गति। "न क्त्वतुमुन्खलर्थेषु वासरूपविधिरिष्यते" इति करणे ल्युट एव प्राप्ते शब्दासङ्गतिश्चेत्याशय। नन्वलङ्कारशब्दस्य कटकमुकुटादाविव यमकोपमादिषु अविगीतशिष्टप्रयोगदर्शनात् "अध्यायन्याये" त्यादिसूत्रे चकारादनुक्तसमुच्चयार्थाद् वा, "कृत्यल्युटो बहुलम्" इति बहुलग्रहणाद् वा करणसाधनोऽप्यलङ्कारशब्द सङ्गच्छत इति चेन्मतम् तत्तु नानिष्टमित्यभ्युपगम्यानुवदति। करणव्युत्पत्त्या पुनरिति। कथञ्चित् कल्पितायामपि करणव्युत्पत्तौ न गुणाना काव्यग्रहणहेतुत्वमिति स दोषस्तदवस्थ इत्याशय। ननु करणसाधनोऽयमलङ्कारशब्दो यमकोपमादिषु वर्तमानो गुणानपि गृह्णाति, सौन्दर्यहेतुत्वाविशेषादुभयेषामिति। तदेतदविचारितरमणीयम्। न हि व्युत्पत्तिरस्तीति शब्द सर्वत्र वक्तु शक्यते। किन्तु शिष्टप्रयोगे दृष्टे व्युत्पत्तिरन्विष्यते। अन्यथा पङ्कजादय शब्दा कुमुदादिषु पद्मादिष्विव प्रयुज्येरन्। पङ्कजत्वेनाविशेषादिति स्यादतिप्रसङ्ग। तस्मात् पद्मे पङ्कजशब्दवदलङ्कारशब्द कटकमुकुटादिष्विव यमकोपमादिषु योगरूढ इत्यवगन्तव्यम्। एवञ्च सति यमकोपमादेरलङ्कारस्य काव्यग्रहणहेतुत्वाभ्युपगमे, साऽलङ्कारमेव ग्राह्य काव्य, न तु निरलङ्कारमित्यापद्येत। न चैव वक्तु शक्यम्। अलङ्कारविरहेऽपि शुद्धगुणमेव काव्यमास्वाद्यमिति वक्ष्यमाणत्वात्। न केवलमियमस्य ग्रन्थकृत प्रक्रिया। किन्त्वन्यैरप्यालङ्कारिकैरनलङ्कारस्य शब्दार्थयुगलस्य सगुणस्य काव्यत्वे लक्षणोदाहरणयोर्दर्शितत्वात्। यथा चोक्त काव्यप्रकाशे—"तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्कृती पुन क्वापि" इति। तत्र व्याचष्ट भट्टगोपाल—"निर्दोषौ सगुणौ साऽलङ्कारौ शब्दार्थौ काव्यम्" इति घण्टापथ, किन्तु "सर्व वाक्य सावधारणम्" इत्युक्त्या यथा दोषशून्यावेव गुणवन्तावेव शब्दार्थौ काव्यमित्यवधारण, तथा साऽलङ्कारावेवेति न पार्यते नियन्तुम्। किन्तु वय हि काव्यशोभासम्भावनया स्वैरम् अलङ्कारान् सहामहे। अलङ्कारनैयत्य तु न सहामहे। उक्त हि—"दोषहान गुणादान कर्तव्य नियमात् कृती। कामचार पुन प्रोक्तोऽलङ्कारेषु मनीषिभि" इति। उदाहरण तु—"य कौमारहर स एव हि वरस्ता एव चैत्रक्षपास्ते चोन्मीलितमालतीसुरभय प्रौढा कदम्बानिला। सा चैवास्मि तथापि तत्र सुरत-

व्यापारलीलाविधौ रेवारोधसि वेतसीतरुतले चेतः समुत्कण्ठते ॥" इत्यत्र स्फुटो न कश्चिदलङ्कारः। काशकुशावलम्बनाद्विशेषोक्तिविभावनयोरन्यतरालङ्कारोद्भावनायामलङ्कारनैयत्यपक्षनिर्वाह इत्यलं दुराभिनिवेशया दुराशया। कविसंरम्भगोचराणामलङ्काराणाञ्च कस्यचिदुपलम्भ इति। तथापि न काव्यत्वभङ्गः। विशेषोक्तिविभावनयोः स्वस्वविरोधमुखेन कथञ्चिदुद्भावनेऽपि न स्फुटत्वम्। कण्ठोक्त्या निषेध्ययोः कार्यकारणयोर्भावान्तरमुखेन भावाभिधानात्। अथवा साधकबाधकप्रमाणाभावाद् द्वयोः सन्देहरूपः सङ्करः एवेति। तत्रापि, अस्फुटप्रतीतिर्दुष्परिहरैवेत्यलं प्रसक्तानुप्रसक्तार्थप्रपञ्चनेन। यद्यपि, काव्यं ग्राह्यं सौन्दर्यात्, तद्दोषगुणाऽलङ्कारहानादानाभ्याम् इति विन्यासाऽन्तरे लाघवं भवति। तथापि योऽयमलङ्कारः काव्यग्रहणहेतुत्वेनोपन्यस्यते तद्व्युत्पादकत्वाच्छास्त्रमप्यलङ्कारनाम्ना व्यपदिश्यत इति शास्त्रस्यालङ्कारत्वेन प्रसिद्धिः प्रतिष्ठिता स्यादिति सूचयितुं विन्यासः कृतः—काव्यं ग्राह्यम् अलङ्कारादिति ॥ २ ॥

इत्थमलङ्कारपदार्थं समर्थ्य तस्य कारणं वक्तुमुत्तरसूत्रमुपक्षिपति—

स दोषगुणालङ्कारहानादानाभ्याम् ॥ ३ ॥

स खल्वलङ्कारो दोषहानाद् गुणालङ्कारादानाच्च सम्पाद्यः कवेः ॥ ३ ॥

हिन्दी—वह सौन्दर्य रूप अलङ्कार दोषों के परित्याग और गुणों एवम् अलङ्कारों के उपादान से होता है।

कवि का यह सौन्दर्य रूप अलङ्कार दोषों के त्याग से तथा गुणों एवम् अलङ्कारों के उपादान से सम्पादन योग्य है ॥ ३ ॥

स दोषेति। प्रक्रान्तप्रसिद्धाऽनुभूताद्यनेकार्थत्वात् तच्छब्दोऽत्र प्रक्रान्तार्थपरामर्शीत्याह। स खल्विति। गुणाश्च, अलङ्काराश्च गुणालङ्कारा इति प्रथमं समस्य पश्चाद् दोषाश्च गुणालङ्काराश्चेति द्वन्द्वः कर्तव्यः। हानं चादानं च हानादाने दोषगुणालङ्काराणां हानादानं इति विग्रहः। ततश्च दोषाणां हानं, गुणालङ्काराणां चादानमिति यथासङ्ख्यं सम्बन्धः सम्पद्यते। 'इष्टानुवर्तनात् कुर्यात् प्रागनिष्टनिवर्तनम्' इति नीत्या गुणालङ्कारादानात् पूर्वं दोषहानमेव कर्तव्यमिति सूचयितुं प्रथमतो दोषहानस्य निर्देशः कृतः। गुणालङ्कारादानाचेत्यत्रेदमनुसन्धेयम्। गुणविवेचनाधिकरणप्रमेयपर्यालोचनाया नित्यत्वानित्यत्वभेदेन गुणालङ्कारव्यवस्थामास्थास्यमानेन ग्रन्थकृताऽत्र सूत्रे दोषहानवद् गुणादानवच्च नालङ्कारादानं नियतम्। किन्तु गुणकृतशोभाऽतिशयाऽऽधायकत्वसम्पा-

चनयैवेति विवक्षितमिति । एवञ्च सति "सौन्दर्यमलङ्कार", इत्यत्रापि या गुणैराधीयते शोभा, यश्चाऽलङ्कारैस्तदतिशयस्तदुभयमपि सौन्दर्यपर्यायेणालङ्कारपदेन सङ्गृहीतमिति व्याख्येयम् । अतो न पूर्वापरप्रमेयविरोध इति सर्वमनवद्यम् । कवेरिति । 'कृत्यानां कर्तरि वा' इति षष्ठी ॥ ३ ॥

शास्त्रतस्ते ॥ ४ ॥

ते दोषगुणालङ्कारहानादाने । शास्त्रादस्मात् । शास्त्रतो हि ज्ञात्वा दोषाञ्जह्याद्, गुणालङ्कारांश्चाददीत ॥ ४ ॥

हिन्दी—दोषों का त्याग तथा गुणालङ्कारों का आदान ये दोनों शास्त्र से होते हैं।

दोष त्याग तथा गुणालङ्कार ग्रहण दोनों इसी शास्त्र (काव्यालङ्कार) से हो सकते हैं। शास्त्र से ही लक्षणादि जानकर दोषों को त्यागना चाहिए तथा गुणों एवम् अलङ्कारों का ग्रहण करना चाहिए ॥ ४ ॥

ननु दोषहानगुणालङ्कारादाने किंनिबन्धने इति जिज्ञासमानं प्रत्याह । शास्त्रत इति ॥ ४ ॥

ननु सालङ्कारं काव्यं फलवच्चेदलङ्कारस्य निरूपणाय शास्त्रारम्भ उपपद्यते । अतस्तदुपपत्तये फलं वक्तव्यम् । किं पुनस्तत्फलमिति प्रश्नपूर्वकमुत्तरसूत्रमुपन्यस्यति ।

किं पुनः फलम् अलङ्कारवता काव्येन ? येनैतदर्थोऽयमित्याह—

काव्यं सद् दृष्टाऽदृष्टार्थं प्रीतिकीर्तिहेतुत्वात् ॥ ५ ॥

काव्यं सत्=चारु दृष्टप्रयोजनं, प्रीतिहेतुत्वात् । अदृष्टप्रयोजनं कीर्तिहेतुत्वात् । अत्र श्लोकाः—

"प्रतिष्ठां काव्यबन्धस्य यशसः सरणिं विदुः ।
अकीर्तिवर्तिनीं त्वेवं कुकवित्वविडम्बनाम् ॥
कीर्तिं स्वर्गफलामाहुरासंसारं विपश्चितः ।
अकीर्तिं तु निरालोकनरकोद्देशदूतिकाम् ॥
तस्मात् कीर्तिमुपादातुमकीर्तिं च निबर्हितुम् ।
काव्यालङ्कारसूत्रार्थः प्रसाद्यः कविपुङ्गवैः" ॥ ५ ॥

इति श्री पण्डितवरवामनविरचितकाव्यालङ्कारसूत्रवृत्तौ शारीरे प्रथमेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः इति प्रयोजनस्थापना । १ ॥

हिन्दी—अलङ्कार युक्त काव्य का क्या फल है, जिससे इस अलङ्कार ग्रन्थ की रचना की गई है, इस प्रश्न के उत्तर में कहते हैं ।

अच्छा काव्य दृष्ट (ऐहलौकिक) तथा अदृष्ट (पारलौकिक) दोनों तरह के फल को देता है जैसे जीवन काल में आनन्द और मृत्यु के बाद यश ।

अच्छा काव्य प्रीतिकारक होने से दृष्ट प्रयोजनीय है तथा कीर्तिकारक होने से अदृष्ट प्रयोजनीय । इस प्रसङ्ग में श्लोक है—

अर्थात् काव्य रचना की प्रतिष्ठा को यश प्राप्ति का मार्ग कहा है और कुत्सित कविकृति को अकीर्ति का मार्ग कहा है । विद्वान् लोगों ने कीर्ति को जबतक संसार है तबतक रहने वाली तथा स्वर्ग रूप फल देने वाली कहा है । अतः कीर्ति की प्राप्ति के लिए तथा अकीर्ति के निराकरण के लिए श्रेष्ठ कवियों द्वारा काव्यालङ्कार सूत्रों का अर्थ अध्ययन करने योग्य है ॥ ५ ॥

काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति में शारीर नामक प्रथम अधिकरण में
प्रथम अध्याय समाप्त ।

किं पुनरिति । सन्देहद्वयस्य विवक्षितमर्थमाह चारिवति । साऽलङ्कारतया सुन्दरमित्यर्थः ।

दृष्टादृष्टावैहिकामुष्मिकावर्थौ यस्येति विग्रहः । अत्र यथासंख्यं सम्बन्धं दर्शयति । दृष्टाऽदृष्टप्रयोजनमिति । अत्र प्रीतिशब्देन श्रवणसमनन्तरमेव सहृदयहृदयेषु जायमाना या रसास्वादलक्षणा, या च पुनरिष्टप्राप्तिरनिष्टपरिहारनिबन्धना सेयमुभयविधा प्रीतिर्विवक्षिता । तथाच सति साक्षात् परम्परया चैहिकप्रीतेः साधनत्वात् काव्यं दृष्टाऽर्थमित्यर्थः । ननु कीर्तिरपि स्वर्गसाधनतया प्रयोजनमिति वक्तव्यम् । स्वर्गपदार्थोऽपि प्रीतिरेव । तथा सति प्रीतिहेतुत्वादित्युक्ते विवक्षितार्थसिद्धेः किं हेत्वन्तरोपदानगौरवेणेति चेत्, सत्यम् । "यन्न दुःखेन सम्भिन्नं न च ग्रस्तमनन्तरम् । अभिलाषोपनीतं च सुखं स्वर्गपदास्पदम्" इत्युक्तलक्षणाया दृष्टप्रीतिविलक्षणाया अदृष्टप्रीतेः पृथङ्निरूपणीयत्वात् काव्यस्य तन्मूलतया लोकातिशयत्वं प्रकटितमिति हेत्वन्तरमुपात्तमिति द्रष्टव्यम् । अमुमेवार्थमभियुक्तोक्तिसंवादेन समर्थयते । अत्र श्लोका इति । प्रतिष्ठा सहृदयहृदयानुरञ्जकतया लोकोत्कर्षेण स्थितिः । सरणिः पद्धतिः ।

अकीर्तिवर्तिनीत्यत्र नञ् तद्विरोधिनमर्थमाचष्टे इति । यथा त्वनृताधर्माविद्यादय ऋतधर्मविद्यादीना विपक्षास्तथा कीर्तिरप्यकीर्तेर्विरोधिनी । तस्या वर्तिनी एकपदी । "सरणि पद्धति पद्या वर्तन्येकपदीति च" इत्यमर । आससार, यावन्न मोक्ष । कीर्तेर्यावत्प्रसरण वा । निरालोकस्तेजोमात्रशून्य । तमोमय इति यावत् । नरको दुर्गति । "स्यान्नारकस्तु नरको निरयो दुर्गति स्त्रियाम्" इत्यमर । तस्योद्देश प्रदेशस्तस्य दूतिका प्रापयित्रीति यावत् । प्रसाद्य विशेषतो विमर्शेन विशदीकर्तव्य । अस्यालकारशास्त्रस्य सौन्दर्यापरपर्यायेऽलकारे परमप्रतिपाद्यत्वेन दोषगुणालकारविषयहेयोपादेयतया तद्व्युत्पादन प्रयोजनम् । तस्य च प्रयोजन सत्काव्यकरणम् । तस्य च कीर्त्यादय कवीना प्रीति । शास्त्रस्य विषयस्य च प्रतिपाद्यप्रतिपादकभाव सम्बन्ध । काव्यस्य कीर्त्यादेश्च कार्यकारणभाव इति प्रथमाध्यायप्रमेयसग्रह । शारीर इति । प्रथम काव्यशरीरम् । तदनु दोषा । ततो गुणा । तदनन्तरमलकारा । तत शब्दप्रयोगशैलीति क्रमेण पञ्चाधिकरणानि । तत्र काव्यशरीरमधिकृत्य कृतमिति शारीरमधिकरणम् । अधिक्रियन्तेऽवान्तरप्रमेयरूपाणि प्रकरणान्यस्मिन् महाप्रमेयात्मनीत्यधिकरणम् । अध्यायोऽवान्तरप्रमेयविरतिस्थानम् । "प्रमेयविरतिस्थानमध्यायश्च प्रपाठक" इति वैजयन्ती ॥ ५ ॥

इति श्रीगोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपालविनिर्मिताया काव्यालकारसूत्र-
वृत्तिव्याख्याया काव्यालकारकामधेनौ शारीरे प्रथमे-
ऽधिकरणे प्रथमोऽध्याय समाप्त ॥ १ ॥

अथ प्रथमेऽधिकरणे द्वितीयोऽध्यायः

अधिकारिनिरूपणार्थमाह—

अरोचकिनः सतृणाभ्यवहारिणश्च कवयः ॥ १ ॥

इह खलु द्वये कवयः सम्भवन्ति। अरोचकिनः, सतृणाभ्यवहारिणश्चेति। अरोचकिसतृणाभ्यवहारिशब्दौ गौणार्थौ। कोऽसावर्थः। विवेकित्वमविवेकित्वं चेति ॥ १ ॥

हिन्दी—अधिकारी के निरूपण के लिए कहा है—

दो प्रकार के कवि होते हैं—अरोचकी और सतृणाभ्यवहारी।

यहाँ दो प्रकार के कवि हो सकते हैं—अरोचकी और सतृणाभ्यवहारी। अरोचकी और सतृणाभ्यवहारी शब्द गौणार्थक हैं। यह गौणार्थ कौन है? इस प्रश्न के उत्तर में कहते हैं कि अरोचकी और सतृणाभ्यवहारी शब्द के विवक्षित अर्थ क्रमशः विवेकित्व और अविवेकित्व हैं ॥ १ ॥

कवीन्द्रकैरवानन्दसुधास्यन्दपटीयसीम्।
विभिन्दाना तमस्तन्द्रं वन्दे वाङ्मयचन्द्रिकाम् ॥ १ ॥

प्रयोजने काव्यस्य प्रतिष्ठापिते तदर्थितयाऽधिकारिणो निरूप्या इत्यध्यायद्वयसङ्गतिमधिगमयति। प्रयोजनेति। काव्यप्रयोजनस्य स्थापना कृतेति शेषः[1]। तिष्ठतेर्ण्यन्ताद् "ण्यासश्रन्थो युच्" इति युच्प्रत्ययः। अधिकारीति। अधिकारः प्रयोजनस्वाम्यम्। तद्वानधिकारी। "अधिकारः फले स्वाम्यमधिकारी च तत्प्रभुः" इति दशरूपकम्। अरोचकिन इति। कृष्णसर्पवदन्यायेन अरोचकशब्दस्तत्पुरुषमेवावगमयति। कृष्णसर्पवदरण्यमितिवदरोचकिन इति प्रयुक्तम्। न त्वरोचका इति। अतो "न कर्मधारयान्मत्वर्थीय" इति निषेधस्यानवकाशः। अरोचको नाम व्याधिविशेषः। यथाह वाग्भटः "अरोचको भवेद्दोषैर्जिह्वाहृदयसंश्रितैः" इति। सतृणमिति "अव्ययं विभक्ती"त्यादिना साकल्यार्थेऽव्ययीभावः। सतृणमभ्यवहरन्तीति सतृणाभ्यवहारिणः। द्वये इति। प्रथमचरमादिसूत्रे तयप् परिगणनात् "द्वित्रिभ्यां तयस्यायज्वा" इति तत्स्थानिकायजन्तोऽपि स्थानिवद्भावात् सर्वनामसंज्ञां लभते। अतः प्रथमाबहुवचनान्तं द्वये इति रूपम्। ननु किमनेन प्रकृतानुपयोगिना रोचकित्यादिविचारे

---

1 'इति प्रयोजनस्थापना' इत्यस्य विवरणमेतद्।

णेति चेदाह् । अरोचकीति । गौणार्थाविति । सादृश्यमूललक्षणाव्यापारेण लक्षितावर्थावित्यर्थ । गौणार्थस्वरूपजिज्ञासु पृच्छति । कोऽसाविति । पृष्टमथ स्पष्टमाचष्टे विवेकित्वमिति ॥ १ ॥

यदाह्—

पूर्वे शिष्याः, विवेकित्वात् ॥ २ ॥

पूर्वे खल्वरोचकिनः शिष्याः शासनीयाः । विवेकित्वात् विवेचनशीलत्वात् ॥ २ ॥

हिन्दी—इन दोनों में प्रथम विवेकी होने से शिक्षाप्राप्त करने योग्य है ।

प्रथम प्रकार का कवि अर्थात् अरोचकी कवि विवचनशील होने से शासन योग्य है ॥ २ ॥

उक्तस्य गौणार्थस्योपपादकमधिकारिनिश्चायक सूत्रमवतारयति ॥ यदा हेति ॥ २ ॥

नेतरे तद्विपर्ययात् ॥ ३ ॥

इतरे सतृणाभ्यवहारिणो न शिष्याः । तद्विपर्ययात् । अविवेचन शीलत्वात् । न च शीलमपाकर्तुं शक्यम् ॥ ३ ॥

हिन्दी—अन्य अर्थात् सतृणाभ्यवहारी कवि तद्विपरीत अर्थात् अविवेकी होने से शासन-योग्य नहीं है ।

दूसरे प्रकार के अर्थात् सतृणाभ्यवहारी कवि शासनयोग्य नहीं हैं, तद्विपरीत होने से अर्थात् विवेचनशील नहीं होने से, स्वभाव दूर नहीं किया जा सकता ॥ ३ ॥

अथ "नेतर" इति सूत्रारम्भ किमर्थ । विवेकिन शिष्या इत्युक्ते अविवेकिन पुनरशिष्या इति गम्यत एव । तथाप्यासूऽयमाण पुनरुक्ति पुष्णाति । "अर्थादापन्नस्य पुनर्वचन पुनरुक्ति" इति न्यायाद् इति सत्यम् । यथा धूमध्वजाभावे धूमाभाव इति यावद् व्यतिरेको न दर्शितस्तावत् स इति । धूमध्वजे धूम इति साहचर्यमात्रदर्शनान्न कार्यकारणभावनिश्चय । तथैवात्रापि व्यतिरेकदर्शनमन्वयदार्ढ्यायेति भाव इति युज्यते एव सूत्रारम्भ । वृत्ति स्पष्टार्था । ननु शीलित शास्त्रमविवेकमपाकरोति । तत्त्वविवेकस्य तज्जन्यत्वात् । अत कथमविवेकिनो न शिष्या इति शङ्का शकलयति । नचेति ॥ ३ ॥

यद्येव विरलस्तर्हि विद्योपयोग इति शङ्क्ते, न शास्त्र सर्वत्रानुग्राहि स्यात् । को वा मन्यते । तदाह

नन्वेव न शास्त्र सर्वत्रानुग्राहि स्यात्, को वा मन्यते, तदाह—

न शास्त्रमद्रव्येष्वर्थवत् ॥ ४ ॥

न खलु शास्त्रमद्रव्येष्वविवेकिष्वर्थवत् ॥ ४ ॥

हिन्दी—यदि ऐसा है तब तो शास्त्र सब जगह अनुग्राही नहीं होगा ? कौन एसा मानता है ? इसके उत्तर में कहते हैं—

अविवेकी व्यक्तियों में शास्त्र सार्थक नहीं होता है।

विवेकहीन व्यक्तियों में शास्त्र सफल नहीं होता है ॥ ४ ॥

नन्विति। अभ्युपगमेन परिहरति। को वा मन्यते इति। शास्त्र सर्वानुग्राहीत्यनुपगम्यते। न कश्चिदपि तथा मनुत इति फलितोऽर्थ। विधीयमानोऽपि निर्विवेकविधुरेषु शास्त्रोपदेशो विपिनविलापवद् विफल इत्याह। न शास्त्रमिति। शास्त्रोपदेशद्वारा यत्र सद्भिराधीयमाना गुणा सङ्क्रामन्ति तद् द्रव्यमिह विवक्षितम्। तद्विपरीतान्यद्रव्याणि, गुणहीना अविवेकिन इति यावत्। अत्र गाथा "अय भस्मनि होम स्यादिय वृष्टिर्मरुस्थले। इदमश्रवणे गान यज्जडे शास्त्रशिक्षणम्" इति ॥ ४ ॥

प्रतिपादित प्रमेय प्रसिद्धदृष्टान्तेन स्पष्टयितुमाह।

निदर्शनमाह।

न कतकं पंकप्रसादनाय ॥ ५ ॥

न हि कतक पयस इव पङ्कप्रसादनाय भवति ॥ ५ ॥

हिन्दी—उदाहरण कहते हैं—

रिठी फल (कतक) कीचड को साफ करने के लिए नहीं होता है।

जिस तरह रिठी फल (कतक) विकृत जल को साफ कर देता है उस तरह कीचड़ को साफ करने में यह समर्थ नहीं है ॥ ५ ॥

निदर्शनमिति। कतकमम्भःप्रसादनबीजम्। "कतक मेदनीयञ्च स्मर्णं वारिप्रसादनम्" इति वैद्यनिघण्टु ॥ ५ ॥

प्रकरणोचिता सङ्गति प्रकटयन्नुत्तरसूत्रमवतारयति।

अधिकारिणो निरूप्य रीतिनिश्चयार्थमाह—

रीतिरात्मा काव्यस्य ॥ ६ ॥

रीतिर्नामेयमात्मा काव्यस्य। शरीरस्येवेति वाक्यशेषः ॥ ६ ॥

हिन्दी—अधिकारियों को निरूपित कर रीति के स्वरूपनिश्चय के लिए कहते हैं—

रीति काव्य की आत्मा है।

शरीररूपी काव्य की आत्मा का नाम रीति है यह सूत्रगत वाक्य का शेष है ।।६।।

अधिकारिण इति । कर्तृनिरूपणानन्तरं कर्मनिरूपणमुचितमिति व्याचष्टे। रीतिर्नामेति। रीणन्ति गच्छन्त्यस्या गुणा इति, रीयते क्षरत्यस्या वाङ्मधुधारेति वा रीति । अधिकरणार्थं क्तिन् प्रत्यय । काङ्क्षगात्रकल्पककर्कशतर्कवाक्यवैलक्षण्यप्रकटनप्रगल्भ कश्चन स्फुरत्ताहेतुस्वभावोऽत्रात्मेत्युच्यते। ननु काव्यस्यात्मेत्येतत् कथमुपपद्यते। अशरीरभूतस्यात्मावच्छेदकत्वासम्भवादित्याशङ्क्य शब्दार्थयुगल शरीर, तस्याधिष्ठाता रीतिर्नामात्मेत्युपपत्तिमुन्मीलयितुमाकाङ्क्षितपदमापूरयति। शरीरस्येवेति वाक्यशेष इति। अत्र रीतेरात्मत्वमिव शब्दार्थयुगलस्य शरीरत्वमौपचारिकमित्यवगन्तव्यम् ॥ ६ ॥

रीते काव्यशरीर प्रत्यात्मत्वेनोक्तमुत्कर्षमुपश्रुत्य कौतुकोत्कलिकाकरम्बितान्त करणस्ता प्रतिपित्सु पृच्छति—

किं पुनरिय रीतिरित्याह—

विशिष्टा पदरचना रीतिः ॥ ७ ॥

विशेषवती पदाना रचना रीतिः ॥ ७ ॥

हिन्दी—फिर यह रीति क्या है इस सम्बन्ध में कहते हैं—विशिष्ट पद रचना रीति है।

विशेषतापूर्ण पदों की रचना रीति है ॥ ७ ॥

किं पुनरिति। किमित्यव्यय प्रश्नार्थे। "किमव्यय च कुत्सायां विकल्पप्रश्नयोरपि" इति नानार्थरत्नमाला। इय रीतिर्नाम किं पुन ? किंलक्षणेत्यर्थ । प्रतिपित्सितमर्थं प्रतिपादयितुमनन्तर सूत्रमवतारयति। आहेति। विशिष्टेति पद व्याचष्टे। विशेषवतीति। पदानामिति । अर्थस्यौपचारिकी रीतिरङ्गीकर्तव्या। अन्यथाऽर्थानामात्मभूतरीतिवैधुर्ये काव्यशरीरान्त पातो दुष्कर । यद्वक्ष्यति "तस्यामर्थसम्पदास्वाद्या, सापि वैदर्भी तात्स्थ्याद्" इति।

किमय वैशेषिकपरिभाषित पञ्चम पदार्थो विशेषोऽन्य एवेति सन्दिहान पृच्छति ॥ ७ ॥

कोऽसौ विशेष इत्याह—

विशेषो गुणात्मा ॥ ८ ॥

वक्ष्यमाणगुणरूपो विशेषः ॥ ८ ॥

हिन्दी—यह विशेष क्या पदार्थ है इस सम्बन्ध में कहते हैं—विशेष गुणात्मक है। गुणरूप ही विशेष है जिसका प्रतिपादन पश्चात् किया जाएगा ॥ ८ ॥

कोऽसाविति। विवक्षित विशेष विवरीतुमुत्तरसूत्रमवतारयति। आहेति। गुणात्मा ओज प्रसादादिगुणस्वभाव इत्यर्थ ॥ ८ ॥

रीति विवेक्तुमाह।

सा त्रेधा वैदर्भी गौडीया पाञ्चाली चेति ॥ ९ ॥

सा चेय रीतिस्त्रेधा भिद्यते। वैदर्भी, गौडीया, पाञ्चाली चेति ॥९॥

हिन्दी—यह रीति तीन तरह की है—वदर्भी गौडी और पाञ्चाली।

यह रीति तीन तरह की है—वैदर्भी, गौडी और पाञ्चाली ॥ ९ ॥

सा त्रेधेति ॥ सकलगुणसध्रीचीनत्वेनाभ्यर्हितत्वाद् वैदर्भ्या प्रथम निर्देश। अनन्तरयोरुभयो स्तोकगुणत्वेऽपि प्रशस्तगुणसस्कृतत्वाद् अनन्तर गौडीयाया, अवशिष्टाया अन्ते निवेश ॥ ९ ॥

किं पुनर्देशवशाद् द्रव्यगुणोत्पत्तिः काव्याना, येनाऽय देशविशेषव्यपदेशः। नैव, यदाह—

विदर्भादिषु दृष्टत्वात् तत्समाख्या ॥ १० ॥

विदर्भगौडपाञ्चालेषु तत्रत्यैः कविभिर्यथास्वरूपमुपलब्धत्वात् तत्समाख्या। न पुनर्देशैः किञ्चिदुपक्रियते काव्यानाम् ॥ १० ॥

हिन्दी—क्या काव्यों के द्रव्यगुणों की उत्पत्ति देश विशेष के आधार पर होती है जिससे विदर्भ, गौड तथा पाञ्चाल का नाम निर्देश किया गया है ? नहीं। जब कि कहा है—

विदर्भ आदि देशों में वैदर्भी आदि रीतियों के प्रचलन से उन रीतियों का ऐसा नाम करण किया गया है।

विदर्भ, गौड एव पाञ्चाल देशों में वहाँ के कवियों द्वारा यथारिथत रूप में तत्तत् रीति के उपलब्ध होने से रीतियों का यह नाम करण हुआ है। उन देशों से काव्यों का कोई उपकार नहीं होता है। (अर्थात् जिस देश के नाम पर जो रीति है उस देश के कवि स्वदेशीय रीति में लिख कर काव्यों का कोई उपकार नहीं करते) ॥१०॥

किं पुनरिति ॥ यथा लवणादय पदार्था सिन्ध्वादिदेशवशाद् विशिष्टगुणा भवन्ति, तथा किं देशवशाद्विशिष्टानि काव्यानीति शङ्कार्थ। समाधत्ते।

नैवमिति ॥ विदर्भादिपदैरुपचाराद्विदर्भादिदेशस्था कवयो लक्ष्यन्ते । अन्यथा विदर्भादिपदाना स्त्रियत्वेऽर्थासङ्गति । जनपदवृत्तित्वे "जनपदवदवध्योश्च" इति, गौडशब्दाद्, "अवृद्धादपि बहुवचनविषयाद्" इति विदर्भपाञ्चालशब्दाभ्या च वुञ्प्रत्ययप्राप्तौ शब्दासङ्गतिश्चेत्यनुसन्धेयम् । विदर्भपाञ्चालशब्दाभ्या "शेषे" इत्यण प्रत्यय । गौडशब्दाद् "वृद्धाच्छ" इति छप्रत्यय । स्पष्टमवशिष्टम् ॥ १० ॥

तासा गुणभेदाद् भेदमाह—

समग्रगुणा वैदर्भी ॥ ११ ॥

समग्रैरोजःप्रसादप्रमुखैर्गुणैरुपेता वैदर्भी नाम रीतिः ।

अत्र श्लोकौ—

अस्पृष्टा दोषमात्राभिः समग्रगुणगुम्फिता ।
विपञ्चीस्वरसौभाग्या वैदर्भी रीतिरिष्यते ॥

तामेतामेव कवयः स्तुवन्ति—

सति वक्तरि सत्यर्थे सति शब्दानुशासने ।
अस्ति तन्न विना येन परिस्रवति वाङ्मधु ॥

उदाहरणम्—

गाहन्ता महिषा निपानसलिल शृङ्गैर्मुहुस्ताडित
छायाबद्धकदम्बक मृगकुल रोमन्थमभ्यस्यतु ॥
विस्रब्ध कुरुता वराहविततिर्मुस्ताक्षति पल्वले
विश्रान्ति लभतामिद च शिथिलज्याबन्धमस्मद्धनुः ॥ ॥ ११ ॥

हिन्दी—गुणों के भेद से ही रीतियों का भेद बताया है—

सभी गुणो से युक्त रीति वैदर्भी है ।

ओज, प्रसाद आदि सभी गुणो से युक्त रीति का नाम वैदर्भी है ।

उद्वृत्ता गुरवश्च यस्य शमिनः श्यामायमानानना
योधा वारवधूस्तनाश्च न ददुः क्षोभं स वोऽव्याज्जिनः॥ ७॥

हिन्दी—रूपक से श्लेष का भेद दिखलाने के लिए कहा है—

तन्त्र[1] से प्रयोग होने पर (उपमान और उपमेय के) धर्मों में जो तत्त्व का आरोप होता है वह श्लेष है।

उपमान और उपमेय के गुण, क्रिया और शब्द रूप धर्मों में वह तत्त्वारोप तन्त्र से प्रयोग अर्थात् उच्चारण होने पर श्लेष है। यथा—

जिस 'जिन' (जितेन्द्रिय महावीर) में योद्धाओं ने अथवा वारवधू अर्थात् वेश्याओं के स्तनों ने भय अथवा काम भाव नहीं किया वह तुम लोगों की रक्षा करें।

(इस श्लोक में जितने विशेषण हैं ये सभी द्व्यर्थक होने के कारण विशेष्यभूत 'योद्धा' तथा 'स्तन' दोनों के साथ सङ्गत हैं।)

आकृष्ट अर्थात् म्यान से निकाले गए मण्डल अर्थात् खड्ग के अग्र भाग में रुचि है जिनकी ऐसे योद्धा, जिन्होंने मण्डल (स्तन मण्डल) के अग्रभाग में रुचि (कान्ति) धारण कर ली है ऐसे स्तन। सन्नद्ध अर्थात् कवचयुक्त हैं वक्ष स्थल जिनके ऐसे योद्धा, सन्नद्ध अर्थात् विशाल है आश्रयभूत वक्ष स्थल जिनका ऐसे स्तन। ऊष्मा अर्थात् दर्प से युक्त योद्धा, गर्मी से युक्त स्तन। शस्त्रजन्य व्रणों से युक्त योद्धा, नखक्षतजन्य व्रणों से युक्त स्तन। विपक्ष अर्थात् शत्रुओं के हृदयों अर्थात् वक्ष स्थलों का उन्मथन करने वाले योद्धा, विपक्ष अर्थात् सपत्नियों के अथवा अपने सम्बद्ध पुरुषों के मन का उन्मथन करने वाले स्तन। कर्कश योद्धा, कर्कश अर्थात् कठोर स्तन। उद्वृत्त अर्थात् मर्यादा का अतिक्रमण करने वाले उद्धत योद्धा, उद्वृत्त अर्थात् गोलाकार और ऊँचे उठे हुए स्तन। गुरु अर्थात् महान् योद्धा, गुरु अर्थात् स्थूल स्तन। मूँछ के अङ्कुरित होने से श्यामतापूर्ण हैं मुख जिनके वे योद्धा, केश के लट के आच्छादित हो जाने से काले प्रतीत होते हैं जिनके अग्रभाग (मुख) वे स्तन। (इन विशेषणों से विशिष्ट योद्धाओं ने अथवा वारवधू के स्तनों ने जिस 'जिन' अर्थात् जैन

---

१ 'अनेकोपकारकारि सकृदुच्चारणं तन्त्रम्', एक बार उच्चारण से अनेक अर्थों के बोध रूप अनेकोपकारकारित्व तन्त्र है।

धर्म प्रवर्तक महावीर मे भय अथवा कामविकार प्राप्त नहीं किया वह तुम लोगो की रक्षा करें) ॥ ७ ॥

स धर्मेष्विति । सूत्रार्थं विवृणोति—उपमानेनेति । धर्माणा धर्मिसापेक्ष त्वाद्धर्मिणमनुषज्य दर्शयति—उपमेयस्येति । गुणसाम्यत इति शेष । धर्मस्वरूपमाह—गुणेति । तच्छन्दपरामृश्य दर्शयति । तत्त्वारोप इति । अनेकोपकारकारिसकृदुच्चारण तन्त्रम् । उपमानोपमेययोर्गुणसाम्ये तद्धर्मेषु गुणादिषु तन्त्रेण प्रयोगे सति यत्ताद्रूप्यारोपण स श्लेष इति लक्षणार्थ । आकृष्टेति । आकृष्टे कोशादुद्धृते मण्डलाग्रे खड्गे रुचि प्रीतिर्येषाम् । आकृष्टा आहृता स्वीकृतेति यावत्, मण्डलस्य बिम्बस्य अग्रे उपरिभागे रुचि कान्तिर्येः । सन्नद्ध कवचित परिणद्ध च वक्ष स्थल येषाम् । ऊष्मणा दर्पेण उष्णगुणेन च सह वर्तन्त इति सोष्माण व्रणा शस्त्रक्षतानि नखक्षतानि च येषा सन्तीति व्रणिन. । विपक्षाणा शत्रूणा सपत्नीना च हृदय वक्षश्चेतश्च प्रकर्षेण उन्मथ्नन्तीति तथोक्ता । कर्कशा क्रूरा' कठिनाश्च । उद्वृत्ता उद्धता उन्नताश्च । गुरवो महान्त स्थूलाश्च । श्यामायमानानि अङ्कुरितश्मश्रुतया कचामङ्गे ना, स्वभावेन च श्यामलायमानानि आननानि मुखानि चूचुकानि च येषा ते तथोक्ता । वशिनो यस्येति सम्बन्ध । अत्र यथासम्भव गुणक्रिया द्रष्टव्या । यद्यपि समुच्चयोऽत्र स्फुरति तथाऽपि साधारणविशेषमहिम्नाऽऽरोप प्रतिपाद्यत इति श्लेष ॥ ७ ॥

वक्रोक्ति वस्तु सङ्गतिमुल्लिङ्गयति—

यथा च गौणस्याऽर्थस्यालकारत्वं तथा लाक्षणिकस्यापीति दर्शयितुमाह—

सादृश्याल्लक्षणा वक्रोक्ति. ॥ ८ ॥

बहूनि हि निबन्धनानि लक्षणायाम् । तत्र सादृश्याल्लक्षणा-वक्रोक्तिरसाविति । यथा—

'उन्मिमील कमल सरसीनां कैरवं च निमिमील मुहूर्तात्' । अत्र नेत्रधर्मावुन्मीलननिमीलने सादृश्याद्विकाससङ्कोचौ लक्षयतः । 'इह च निरन्तरनवमुकुलपुलकिता हरति माधवी हृदयम् । मदयति च केसराणां परिणतमधुगन्धिनिःश्वसितम्' । अत्र च नि'श्वसितमिति परिमलनिर्गम लक्षयति । 'संस्थानेन स्फुरतु सुभग स्वाचिषा चुम्बतु द्याम् । आलस्य मालिङ्गति गात्रमस्या. । परिम्लानच्छायामनुवदति दृष्टि. कमलिनीम् ।

'प्रत्यूषेषु स्फुटितकमलाऽऽमोदमैत्रीकषायः। ऊरुद्वन्द्वं तरुणकदलीकाण्ड-सब्रह्मचारि' इत्येवमादिषु लक्षणार्थो निरूप्यत इति लक्षणाया च झटित्यर्थप्रतिपत्तिक्षमत्वं रहस्यमाचक्षत इति।

असादृश्यनिबन्धना तु लक्षणा न वक्रोक्तिः। यथा 'जरठकमलकन्दच्छेदगौरैर्मयूखैः'। अत्र च्छेदः सामीप्याद् द्रव्यं लक्षयति। तस्यैव गौरत्वोपपत्तेः ॥ ८ ॥

हिन्दी—जैसे गौण अर्थ ('मुखचन्द्र' रूपक में मुख में चन्द्रत्व रूप गौणार्थ) का अलङ्कारत्व है उसी तरह लाक्षणिक अर्थ का भी अलङ्कारत्व हो सकता है, यह दिखलाने के लिए कहा है—

सादृश्य से लक्षणा वक्रोक्ति है।

लक्षणा में (सिद्ध करने में) बहुत कारण हैं। 'अभिधेयेन सम्बन्धात् सादृश्यात् समवायतः। वैपरीत्यात् क्रियायोगाल्लक्षणा पञ्चधा मता ॥'' इसके अनुसार लक्षणा के पाँच कारण हैं। उनमें सादृश्य से की गई लक्षणा यह वक्रोक्ति है। यथा—

क्षण भर में तालाबों के कमल खिल गए और कैरव सम्पुटित हो गए। यहाँ नेत्र के धर्म उन्मीलन तथा निमीलन सादृश्यमूलक लक्षणा से कमलों के विकास तथा सङ्कोच लक्षित करते हैं।

यहाँ निरन्तर नवीन कलियों से सुसज्जित माधवी लता लोगों के हृदय हर रही है और केसर वृक्षों का पके मधु की गन्ध से युक्त निःश्वास मत्त सा कर रहा है।

यहाँ 'निःश्वसित' शब्द सुगन्धि के निकलने को लक्षित करता है। (वस्तुतः निःश्वास छोड़ना प्राणी का धर्म है किन्तु वह सादृश्यनिमित्तक लक्षणा से यहाँ लक्षित किया गया है)।

अपने शरीर से सुन्दर मालूम होओ और अपनी कान्ति से आकाश का चुम्बन करो। (यहाँ 'चुम्बतु' पद से सादृश्य निमित्तक लक्षणा के द्वारा 'स्पर्श' लक्षित होता है)।

आलस्य इस नायिका के शरीर का आलिङ्गन कर रहा है। (यहाँ सादृश्य लक्षणा द्वारा 'आलिङ्गति' पद से 'शरीर को सम्पूर्णतः व्याप्त कर लेना लक्षित होता है।

उदरव नायिका की दृष्टि मुरझाई हुई कमलिनी का अनुकरण कर रही है। (यहाँ 'अनुवदति' पद से कमलिनी सादृश्य लक्षित होता है)।

प्रातःकाल में खिले हुए कमलों की सुगन्धि के साथ मैत्री के कारण कषाय वायु चल रही है। (यहाँ 'मैत्री' पद से संसर्गार्थ लक्षित होता है)।

नायिका की दोनों जघाएँ तरुण कदल स्तम्भ की सहाध्यायिनी हैं। (यहाँ सब्रह्मचारि' शब्द से जघा की कदलीकाण्डसदृशता लक्षित होती है)।

इत्यादि उदाहरणों में लक्षणा के अर्थ का निरूपण किया जाता है। लक्षणा होने पर तुरन्त अर्थ की प्रतिपत्ति की क्षमता आ जाती है। लोग इसे लक्षणा का रहस्य कहते हैं।

सादृश्याभाव निमित्तक लक्षणा वक्रोक्ति नहीं कहलाती है। यथा—

सूखे मृणालदण्ड के टुकड़े के समान श्वेत किरणों से।

यहाँ 'छेद' पद सामीप्य सम्बन्ध से द्रव्य को लक्षित करता है, क्योंकि गौरवर्णत्व द्रव्य में ही सम्भव है ॥ ८ ॥

यथा चेति। यथा मुखचन्द्रादौ गुणयोगादागतस्य गौणार्थस्य रूपकाद्यलङ्कारता। तथा लक्षणात: प्रतिपन्नस्य लाक्षणिकार्थस्य वक्रोक्त्यलङ्कारता भवतीति लक्षणार्थः। बहूनीति। 'अभिधेयेन सम्बन्धात् सादृश्यात् समवायत। वैपरीत्यात् क्रियायोगाल्लक्षणा पञ्चधा मता' इति लक्षणाया निमित्तानि द्रष्टव्यानि। द्विरेफशब्दस्याभिधेयो भ्रमरशब्द इति। तेन स्वाभिधेयसम्बन्धार्थो लक्ष्यते। 'सिंहो माणवक, गङ्गायां घोषः, बृहस्पतिरयं मूर्खो, महति समरे शत्रुघ्नस्त्वम्' इति यथाक्रममुदाहरणानि द्रष्टव्यानि। उन्मिमीलेति। कमल विचकास कैरव सञ्चुकोचेति ऋजुवृत्त्या वक्तव्ये तत्सादृश्यादुन्मिमील निमिमीलेति नेत्रक्रियाध्यावसायवन्निम्नोक्तिरिति वक्रोक्तिः। लक्ष्यलक्षणयोर्मीमांसासूत्रयति—अत्र नेत्रेति। अतस्मिंस्तत्त्वाध्यारोपो रूपकम्। विषयनिगरणेन साध्यवसानलक्षणाया वक्रोक्तिरिति विवेकः। उदाहरणान्तराण्युपदर्शयति— इह चेति। वक्रोक्तिं दर्शयति—अत्र चेति। मुकुलपुलकितेत्यत्र पुलकितत्वमाधव्या मुकुलैरावृतत्वं लक्षयतीति द्रष्टव्यम्। चुम्बतु यामिति। चुम्बनं सम्बन्धम्। गात्रमालिङ्गतीति। आलिङ्गनमालस्यवैशिष्ट्यं गात्रस्य। अनुवदतीत्यत्रानुवादः कमलिनीसादृश्यं, मैत्री चामोदसङ्क्रान्ति, सब्रह्मचारीति कदलीकाण्डसमानता च लक्षयतीत्येवमादिषु प्रयोगेषु लक्षणार्थो निरूप्यते। यत्र सादृश्यलक्षणा सहृदयहृदयेष्वविलम्बेन लक्ष्यार्थप्रतिपत्तिमुद्भावयितुं प्रगल्भते तत्र वक्रोक्तिरलङ्कार इति रहस्यमिति लक्षणायिद आपक्षत इत्यर्थः। सादृश्यपदव्यावर्त्यं कीर्तयति। असादृश्येति। सम्बन्धान्तरनिबन्धना तु लक्षणा वक्रोक्तिर्न भवतीत्यर्थः। तदेव दर्शयति। यथा जरठेति। सामीप्यमत्र धर्मधर्मिभावसम्बन्धः ॥ ८ ॥

स्वरूपान्यथाभावकल्पनात्मभावस्याविशेषेण रूपकवक्रोक्तिभ्यामुत्प्रेक्षाया अभेदशङ्कायां लक्षणतो भेदं दर्शयितुमनन्तरसूत्रमवतारयति—

रूपकवक्रोक्तिभ्यामुत्प्रेक्षाया भेदं दर्शयितुमाह—

अतद्रूपस्यान्यथाध्यवसानमतिशयार्थमुत्प्रेक्षा ॥ ९ ॥

अतद्रूपस्यातत्स्वभावस्य । अन्यथा अतत्स्वभावतया । अध्यवसानमध्यवसायः । न पुनरध्यारोपो लक्षणा वा । अतिशयार्थमिति भ्रान्तिज्ञाननिवृत्त्यर्थम् । सादृश्यादियमुत्प्रेक्षेति । एना चेवादिशब्दा द्योतयन्ति । यथा—

स वः पायादिन्दुर्नवबिसलताकोटिकुटिल
स्मरारेर्यो मूर्ध्नि ज्वलनकपिशे भाति निहितः ।
स्रवन्मन्दाकिन्याः प्रतिदिवससिक्तेन पयसा
कपालेनोन्मुक्तः स्फटिकधवलेनाङ्कुर इव ॥ ९ ॥

हिन्दी—रूपक तथा वक्रोक्ति से उत्प्रेक्षा का भेद दिखलाने के लिए कहा है—
जो पदार्थ जैसा नहीं है उसका अतिशय रूप दिखलाने के लिए अन्यथा (अवास्तविक) सम्भावना करना उत्प्रेक्षा अलङ्कार है ।

जो पदार्थ वैसा अर्थात् कल्पित रूप सदृश नहीं है उसको अपने स्वभाव से भिन्न रूप में अध्यवसान करना (सम्भव दिखलाना) उत्प्रेक्षा अलङ्कार है । रूपक के समान अध्यारोप अथवा वक्रोक्ति के समान लक्षणा उत्प्रेक्षा अलङ्कार नहीं है । लक्षण-सूत्रगत 'अतिशयार्थम्' यह पद भ्रान्ति ज्ञान की निवृत्ति के लिए प्रयुक्त हुआ है। सादृश्य दिखलाने से यह उत्प्रेक्षा है । इव आदि शब्द इसको (उत्प्रेक्षा को) द्योतित करते हैं । यथा—

यह चन्द्रमा तुम्हारी रक्षा करे जो नवीन मृणालदण्ड के अग्रभाग के समान वक्राकार, कामदेव के शत्रु (शिव) के तृतीय नेत्र की अग्निज्वाला से पीले प्रतीत होने वाले मस्तक पर स्थित, शिव मस्तक से निरन्तर बहती हुई गङ्गा के जल से प्रतिदिन सिक्त तथा कपाल से निकले हुए (स्फटिकवत् धवल) सङ्गमरमर के सदृश उज्ज्वल अङ्कुर के समान है ॥ ९ ॥

रूपकेति । सूत्रार्थमाविष्करोति—अतद्रूपस्येति । अतद्रूपप्राकरणिकं वस्तु । तदात्मना प्राकरणिकवस्तुरूपत्वेनातिशयमाधातुमध्यवसीयते प्रतिभामात्रेण कविना सम्भाव्यते, न पुनरिन्द्रियदोषेण । तथाविध सम्भावनापरपर्यायमध्यवसानमुत्प्रेक्षेति लक्षणार्थं । न पुनरिति । अतत्स्वभावस्य वस्तुनस्तत्सद्गुणयोगात्तद्भावकल्पनमध्यारोप । यत्र रूपकान्स्वरूपलाभ । यत्तु सादृश्येन सत्त्वेकेन वस्तुना वस्त्वन्तरस्य प्रतिपादनमध्यवसायरूप सा सादृश्यमूला लक्षणा । यत्र धर्मातिव्यपदेश । वस्तुनरतद्रूपे वस्तुन्यतिशयमाधातु तद्रूपतयाध्यवसान सोऽयमध्यवसाय सम्भावनालक्षण उत्प्रेक्षेति विवेक । अतो न रूपक, नापि

वक्रोक्तिरिति ततो भेदो दर्शितः । अतिशयार्थमिति । भ्रान्तिः = विपर्ययज्ञानम् । अन्यथाऽध्यवसायत्वाविशेषेऽपि बुद्धिपूर्वकत्वादुत्प्रेक्षायास्तद्विलक्षणाया भ्रान्तेर्व्यावृत्तिरित्यतिशयः । उत्प्रेक्षोदाहरणेषु केषुचिदिवशब्दश्रवणात् कस्यचिदुपमाशङ्का जायते । तामाशङ्क्य, परिहरति—सादृश्यादियमुत्प्रेक्षेति । प्रयुक्तोऽपि क्वचिदिवशब्दः सादृश्यनिबन्धनत्वसूचनद्वारेणोत्प्रेक्षामपि द्योतयतीत्यर्थः । तदुक्तं दण्डिना—'मन्ये शङ्के ध्रुवं प्रायो नूनमित्येवमादिभिः । उत्प्रेक्षा व्यज्यते शब्दैरिवशब्दोऽपि तादृशः' इति । न च पानादिति । अत्र नवबिसलताकोटिकुटिल इति विशेषणसामर्थ्यादिन्दुपदेनेन्दुकलाऽवगम्यते । इन्दुर्मन्दाकिनीसलिलसेकेन कपालादुद्भिन्नोऽङ्कुर इवेत्युत्प्रेक्षित इत्युत्प्रेक्षालङ्कारः ॥ ९ ॥

सम्भावनारूपत्वाविशेषादुत्प्रेक्षातिशयोक्त्योरभेदं केचिन्मन्यन्ते । तन्मतं निरसितुं लक्षणभेदं दर्शयतीत्याह—

उत्प्रेक्षैवातिशयोक्तिरिति केचित् । तन्निरासार्थमाह—

सम्भाव्यधर्मतदुत्कर्षकल्पनाऽतिशयोक्तिः ॥ १० ॥

सम्भाव्यस्य धर्मस्य तदुत्कर्षस्य च कल्पनाऽतिशयोक्तिः । यथा

उभौ यदि व्योम्नि पृथक् पतेतामाकाशगङ्गापयसः प्रवाहौ ।
तेनोपमीयेत तमालनीलमामुक्तमुक्तालतमस्य वक्षः । यथा वा—

मलयजरसविलिप्ततनवो नवहारलताविभूषिताः ।
सिततरदन्तपत्रकृतवक्त्ररुचो रुचिरामलांशुकाः ।
शशभृति विततधाम्नि धवलयति धरामविभाव्यतां गताः
प्रियवसतिं प्रयान्ति सुखमेव निरस्तभियोऽभिसारिकाः ॥ १० ॥

हिन्दी—उत्प्रेक्षा ही अतिशयोक्ति है, यह कुछ लोग कहते हैं । उनके खण्डन के लिए कहा है—

सम्भाव्य धर्म तथा उसके उत्कर्ष की कल्पना करना अतिशयोक्ति अलङ्कार है ।

सम्भाव्य धर्म की तथा उसके उत्कर्ष की कल्पना अतिशयोक्ति है । यथा—

नीलाकाश में यदि आकाश गङ्गा की पृथक् पृथक् दो धाराएँ गिरें तो मुक्ताहार पहने हुए तमाल के समान नीलवर्ण उसके वक्षःस्थल की उपमा उन आकाश गङ्गा की दोनों धाराओं से युक्त नील आकाश से दी जा सकती है ।

अन्यथा यथा—

मलयज (चन्दन) के रस से सर्वाङ्गलिप्त, नवीन मुक्ताहार से विभूषित,

'अत्यन्त उज्ज्वल हाथी दाँत के दन्तपत्र आभूषण मुख में पहनी हुई, सुन्दर तथा स्वच्छ वस्त्र पहनी हुई अभिसारिकाएँ शुभ्र चन्द्र ज्योत्स्ना से पृथ्वी के धवलित हो जाने पर देखी पहचानी नहीं जा रही हैं। इस लिए निर्भय होकर तथा गुप्तपूर्वक वे (अभिसारिकाएँ) अपने प्रिय के निवास पर जा रही हैं ॥ १० ॥

उत्प्रेक्षैवेति । सम्भाव्यस्येति। सम्भाव्यस्योत्प्रेक्ष्यस्य धर्मस्य यद्यथार्थानुगत्वेन कल्पना तदुत्कर्षस्य तस्य सम्भाव्यधर्मस्य च उत्कर्षस्तस्य कल्पना चातिशयोक्ति । उदाहरति—उभाविति । यदि तथाविध व्योम सम्भाव्येत तदेवामुक्तमुक्ताफलस्य वक्षस उपमान भवेत् न पुनरन्यत् किञ्चिदित्यतिशयस्योक्तिरतिशयोक्ति । एव सम्भाव्यधर्मकल्पनामुदाहृत्य तदुत्कर्षकल्पनामुदाहरति । मलयजेति । मलयजरसनवहारलतादीना धावल्यस्योत्कर्षाऽतिशय कल्प्यते । यावता चन्द्रिकाया तद्विवेचनाक्षमत्व चक्षुषोरिति ॥ १० ॥

यथा लौकिकभ्रमसजातीयामुत्प्रेक्षामतिदायार्थकल्पनात्ववैधर्म्येण लौकिकभ्रान्तित पृथक्कृत्य प्रदर्शितवाँस्तथा सशयमपि लौकिकसजातीय तथाविधेन वैधर्म्येण तत पृथक्कृत्य दर्शयतीत्याह—

यथा भ्रान्तिज्ञानस्वरूपोत्प्रेक्षा तथा सशयज्ञानस्वरूपः सदेहोऽपीति दर्शयितुमाह—

उपमानोपमेयसंशयः संदेहः ॥ ११ ॥

उपमानोपमेययोरतिशयार्थं यः क्रियते संशयः स सदेहः । यथा—

इद कर्णोत्पल चक्षुरिदं वेति विलासिनि ।
न निश्चिनोति हृदय किन्तु दोलायते मनः ॥ ११ ॥

हिन्दी—जैसे अतद्रूपाध्यवसाना होने के कारण उत्प्रेक्षा भ्रान्तिज्ञानस्वरूपा है उसी तरह सशयज्ञानस्वरूप सन्देह (अलङ्कार) भी है, इसे दिखलाने के लिए कहा है—

उपमान और उपमेय का सशय सन्देह अलङ्कार है।

अतिशय (चमत्कृति) के बोध के लिए एकधर्मी उपमेय में उपमान और उपमेय में उपमान और उपमेय, उभय कोटि का जो सशय किया जाता है वह सन्देह अलङ्कार है। यथा—

हे सुन्दरि, यह तेरे कान का नील कमल है अथवा कान तक फैला हुआ नेत्र है, मेरा हृदय यह निश्चय नहीं कर पा रहा है किन्तु मन दुविधा में है ॥ ११ ॥

यथेति । सन्देहस्य कोटिद्वयावलम्बितत्वादिहापि तदाह—उपमानोपमेय

योरिति । अतिशयार्थमिति । उपमेयेऽतिशयमाधातु सन्देह सम्पाद्यते । न तु विशेषादर्शनादित्यर्थः । व्यक्तमुदाहरणम् ॥११॥

कल्पनारूपत्वाविशेषात्तिशयोक्तेरनन्तरं यथा सन्देहालङ्कार प्राप्तावसरस्तथा विरुद्धकोटिद्वयावलम्बिनस्सन्देहस्याऽनन्तरं विरोधालङ्कार प्राप्तावसर इति तल्लक्षण दर्शयतीत्याह—

सन्देहवद्विरोधोऽपि प्राप्तावसर इत्याह—

विरुद्धाभासत्वं विरोधः ॥ १२ ॥

अर्थस्य विरुद्धस्येवाभासत्व विरुद्धाभासत्व विरोधः । यथा-
पीत पानमिद त्वयाद्य दयिते मत्त ममेद मनः
पत्राली तव कुङ्कुमेन रचिता रक्ता वय मानिनि ।
त्वं तुङ्गस्तनभारमन्थरगतिर्गात्रेषु मे वेपथु-
स्तन्मध्ये तनुता ममाधृतिरहो मारस्य चित्रा गतिः ॥

यथा वा—

सा वाला वयमप्रगल्भमनसः सा स्त्री वय कातराः
सा पीनोन्नतिमत्पयोधरयुग धत्ते सखेदा वयम् ।
साऽऽक्रान्ता जघनस्थलेन गुरुणा गन्तु न शक्ता वय
दोषैरन्यजनाश्रितैरपटवो जाताः स्म इत्यद्भुतम् ॥ १२ ॥

हिन्दी—सन्देह से विरोध को भी अवसर प्राप्त होता है, इस लिए कहा है—
विरुद्ध के समान प्रतीत होना विरोध नामक अलङ्कार है ।

विरुद्ध न रहने पर भी विरुद्ध अर्थ सदृश प्रतीत होना विरुद्धाभासत्व है और वही विरोध नामक अलङ्कार कहलाता है । यथा—हे प्रिये, तुमने आज मद्य का पान किया है और तुम को देखकर मेरा मन मत्त हो रहा है । हे मानिनि, कुङ्कुम से तेरे अङ्गों पर पत्रावली (शृङ्गारचित्र) अङ्कित है और उसको देखकर हम अनुरक्त हो रहे हैं । उन्नत स्तनों के भार से तेरी गति मन्द हो गई है और यह देखकर मेरे शरीर में कम्पन हो रहा है । तेरी कमर पतली है किन्तु यह देखकर मुझे अधैर्य हो रहा है । अहो प्रेम की गति विचित्र है ।

अथवा जैसे—
बाला वह है किन्तु चञ्चलता हमारे मन में है । स्त्री वह है किन्तु कातर हम हैं ।

मोटे तथा ऊँचे स्तनों को वह धारण करती है किन्तु उसको देखकर खिन्न हम हो रहे हैं। भारी नितम्बों से युक्त वह है किन्तु उसे छोडकर यहाँ से जाने में हम असमर्थ हो रहे हैं। दूसरे जन (नायिका) के दोषों से हम असमर्थ हो रहे हैं, यह अद्भुत विषय है ॥ १२ ॥

सन्देहवदिति। व्याचष्टे—अर्थस्येति। विरुद्धवदवभासत इति विरुद्धाभासस्तस्य भावस्तत्त्वम्। प्रकारान्तरेण परिहारे सत्येव विरुद्धस्यार्थस्यावभासन विरोधालङ्कार। उदाहरति—यथेति। पानशब्दोऽत्र कर्मसाधन पेयद्रव्य माह—पानादीना मदादीना च वैयधिकरण्याद्विरोध। मदादीनामर्थान्तरत्वस्वीकारेण विरोधपरिहार। सा बालेत्यादावपि विरुद्धाभासत्व द्रष्टव्यम् ॥१२॥

विभावना विवरीतुमवतारिकामारचयति—

विरोधाद्विभावनाया भेद दर्शयितुमाह—

क्रियाप्रतिषेधे प्रसिद्धतत्फलव्यक्तिर्विभावना ॥ १३ ॥

क्रियायाः प्रतिषेधे तस्या एव क्रियायाः फलस्य प्रसिद्धस्य व्यक्तिर्विभावना। यथा—

अप्यसज्जनसाङ्गत्ये न वसत्येव वैकृतम् ॥
अक्षालितविशुद्धेषु हृदयेषु मनीषिणाम् ॥॥ १३ ॥

हिन्दी—विरोध अलङ्कार से विभावना अलङ्कार का भेद दिखलाने के लिए कहा है—

क्रिया के प्रतिषेध होने पर उसके प्रसिद्ध फल की उपपत्ति विभावना अलकार है।

कारणरूप क्रिया का निषेध होने पर उसी क्रिया के प्रसिद्ध फल की उत्पत्ति विभावना अलकार है। यथा—

असज्जनों की सङ्गति होने पर भी मनीषियों के अप्रक्षालित निर्मल हृदयों में विकार निवास नहीं करता है। (यहाँ 'अक्षालितविशुद्धेषु' तथा 'असज्जनसाङ्गत्ये', मे विभावना अलकार है ॥१३॥

विरोधादिति। लक्षणवाक्यार्थं विवृणोति—क्रियाया इति। क्रियाया कारणरूपाया प्रतिषेधे प्रसिद्धस्य तस्या क्रियाया फलस्य कार्यभूतस्य व्यक्ति प्रकाशन यत् सा विभावनेति वाक्यार्थ। विरोधविशेषो विभावनेति भेद। अप्यसज्जनेति। विकृतमेव वैकृतम्। प्रज्ञादित्वात् स्वार्थेऽण। अक्षालितविशुद्धेष्वित्यत्र कारणरूपक्षालनक्रियाप्रतिषेधेऽपि तत्फलभूताया विशुद्धे प्रकाशनात् विभावना ॥१३॥

अनन्वय वक्तुमाह--

विरुद्धप्रसङ्गेनानन्वयं दर्शयितुमाह—

एकस्योपमेयोपमानत्वेऽनन्वयः ॥ १४ ॥

एकस्यैवार्थस्योपमेयत्वमुपमानत्वं चानन्वयः । यथा—

गगनं गगनाकारं सागरः सागरोपमः ।
रामरावणयोर्युद्धं रामरावणयोरिव ॥

अन्यासादृश्यमेतेन प्रतिपादितम् ॥ १४ ॥

हिन्दी—विरुद्ध के प्रसङ्ग से अनन्वय अलंकार दिखलाने के लिए कहा है—
एक पदार्थ के उपमानत्व और उपमेयत्व होने पर अनन्वय अलंकार होता है।

एक ही पदार्थ का उपमानत्व और उपमेयत्व दिखलाना अनन्वय अलंकार है। यथा—

आकाश आकाश के सदृश, समुद्र समुद्र के समान और राम तथा रावण का युद्ध राम तथा रावण के युद्ध के समान है।

इस अनन्वय अलंकार से अनन्यसादृश्य का प्रतिपादन हो गया ॥ १४ ॥

विरोधेति । एकस्यैवार्थस्यैकस्मिन्नेव वाक्ये उपमानान्तरव्युदासेनातिशयमाधातुमुपमानत्वं चोपमेयत्वं चोपकल्प्यते । तत्र व्यधिकरणयोधर्मयोरुपमानत्वोपमेयत्वयोरेकत्रान्वयासम्भवादनन्वयालङ्कारः । रामरावणयोरिति—स्पष्टम् । एकस्यैवोपमानोपमेयत्वकल्पनायां फलितमाह—अन्येति उपमानान्तरेणासादृश्यं सादृश्याभावः ॥ १४ ॥

उपमेयोपमामुपपादयितुमुपरितनं सूत्रमुपादत्ते—

क्रमेणोपमेयोपमा ॥ १५ ॥

एकस्यैवार्थस्योपमेयत्वमुपमानत्वं च क्रमेणोपमेयोपमा । यथा-

खमिव जलं जलमिव खं हंस इव शशी शशीव हंसोऽयम् ।
कुमुदाकारास्तारास्ताराकाराणि कुमुदानि ॥ १५ ॥

हिन्दी—एक पदार्थ में उपमेयत्व तथा उपमानत्व दोनों का क्रमशः वर्णन करने से उपमेयोपमा अलंकार होता है।

क्रम से एक ही पदार्थ का उपमेयत्व तथा उपमानत्व दिखलाना उपमेयोपमा अलंकार है। यथा—

आकाश के समान जल (स्वच्छ) है और जल के समान आकाश (निर्मल) है। हंस के समान चन्द्र (शुभ्र) है और चन्द्र के समान हंस (उज्ज्वल) है। कुमुदों के सदृश तारायें हैं और तारानों के समान कुमुद हैं ॥ १५ ॥

क्रमेणेति। एकस्यैवेत्यनुवर्तते। यत्र क्रमेण वाक्यद्वय एकस्यैव वस्तुन उपमानत्वमुपमेयत्व च निषध्यते तत्रोपमेयोपमा। खमिवेति। उदाहरण स्पष्टम् ॥ १५॥

साम्यशङ्कायामुपमेयोपमात परिवृत्ति व्यावर्तयितु लक्षण दर्शयतीत्याह—

इयमेव परिवृत्तिरित्येके तन्निरासार्थमाह—

समविसदृशाभ्या परिवर्तनं परिवृत्तिः ॥ १६ ॥

समेन विसदृशेन वार्थेन अर्थस्य परिवर्तन परिवृत्तिः। यथा—

आदाय कर्णकिसलयमियमस्य चरणमरुणमर्पयति।
उभयोस्सदृशविनिमयादन्योन्यमवञ्चित मन्ये ॥

यथा वा—

विहाय साहारमहार्यनिश्चया विलोलदृष्टिः प्रविलुप्तचन्दना।
बबन्ध बालारुणबभ्रु वल्कल पयोधरोत्सेधविशीर्णसहति ॥ १६ ॥

हिन्दी—यही (उपमेयोपमा) परिवृत्ति अलङ्कार है ऐसा कुछ लोग कहते हैं, उनके निराकरण के लिए कहा है—

सदृश तथा असदृश वस्तुओं से जो परिवर्तन होता है उसे परिवृत्ति अलंकार कहते हैं—

समान अथवा असमान अर्थ से जो अर्थ का विनिमय होता है वह परिवृत्ति अलङ्कार है। यथा—

यह (नायिका इस शठ नायक से) कान में पहनने के लिए अरुण किसलय लेकर उसे अरुण चरण अर्पण करती है (पैर से मारती है)। यहाँ किसलय तथा चरण दोनों के सम विनिमय से (नायिका तथा नायक) एक दूसरे को ठगा नहीं ऐसा मैं मानता हूँ। (यह सम परिवृत्ति का उदाहरण है)।

अथवा जैसे—

दृढ़ निश्चयवाली, चञ्चलनयनी तथा चन्दनलेप विहीना उस (पार्वती) ने भोजन छोड़कर प्रात कालीन सूर्य सदृश लालवर्णमय तथा स्तनोन्नता के कारण विघटित सन्धिवाला वल्कल धारण किया ॥ १६ ॥

इयमेवेति। व्याचष्टे—समेनेति। समेन समानेन विसदृशेनाऽसदृशेन वाऽर्थेन अर्थस्य यत्परिवर्तनं विनिमयः सा परिवृत्तिः। उदाहरति—यथेति। अत्र प्रसारिताख्यं करणं सूचितमिति केचिदाचक्षते। 'नायकस्यांसे एको द्वितीय प्रसारित इति प्रसारितम्' इति वात्स्यायनसूत्रम्। तद्विवृतं रतिरहस्ये 'प्रियस्य वक्षोंऽसतले शिरोधरां नयेत सव्यं चरणं नितम्बिनी। प्रसारयेद्वा परमायतं पुनर्विपर्ययं स्यादिति हि प्रसारितम्' इति। अत्र चरणकिसलययोः सादृश्यात् समपरिवृत्तिः। विहायेत्यादौ हारवल्कलयोर्वैसादृश्याद्विसदृशपरिवृत्तिः ॥१६॥

क्रमालङ्कारं कथयितुमाह—

उपमेयोपमायाः क्रमो भिन्न इति दर्शयितुमाह—

उपमेयोपमानानां क्रमसम्बन्धः क्रमः ॥ १७ ॥

उपमेयानामुपमानानां चोद्देशिनामनुद्देशिनां च क्रमसम्बन्धः क्रमः। यथा—

तस्याः प्रबन्धलीलाभिरालापस्मितदृष्टिभिः।
जीयन्ते वल्लकीकुन्दकुसुमेन्दीवरस्रजः ॥ १७ ॥

हिन्दी—उपमेयोपमा अलङ्कार से क्रम अर्थात् यथासंख्य अलङ्कार भिन्न है, यह दिखलाने के लिए कहा है—

उपमेय तथा उपमान का क्रम से सम्बन्ध दिखलाना क्रम अलङ्कार है।

उद्देशी उपमेय और अनुद्देशी उपमान का जो क्रम सम्बन्ध है (अर्थात् पहले कहे गए उपमेय और बाद में कहे गए उपमान का जो क्रमभूत सम्बन्ध है) वह क्रम अलङ्कार कहलाता है। यथा—

उस नायिका के, आलाप, स्मित और दृष्टि रूप निरन्तर चलने वाली लीलाओं से वीणा, कुन्दकुसुम और नीलकमलों की मालाएँ जीत ली गई ॥ १७ ॥

उपमेयेति। वृत्तिः स्पष्टार्था। प्रबन्धेनाविच्छेदेन लीला यासां ताभिः प्रबन्धलीलाभिः ॥ १७ ॥

क्रमदीपकयोः मौद्गादेस्समुदयः सूत्रमवतारयति—

क्रमसम्बन्धप्रसङ्गेन दीपकं दर्शयितुमाह—

उपमानोपमेयवाक्येष्वेका क्रिया दीपकम् ॥ १८ ॥

उपमानवाक्येषूपमेयवाक्येषु चैका क्रिया अनुषङ्गतः सम्बध्यमाना दीपकम् ॥ १८ ॥

हिन्दी—क्रम अलङ्कार के सम्बन्ध प्रसङ्ग से दीपक अलङ्कार दिखलाने के लिए कहा है—

उपमान और उपमेय वाक्यों में एक ही क्रिया का सम्बन्ध दिखलाना दीपक अलङ्कार है।

उपमान वाक्यों में तथा उपमेय वाक्यों में प्रसङ्ग से सम्बद्ध एक क्रिया का प्रयोग होना दीपक अलङ्कार है ॥ १८ ॥

क्रमेति। व्याचष्टे—उपमानेति। एकस्यैव प्रधानसम्बन्धितया सकृदुपात्तस्य पदस्य वाक्यान्तरेषु प्रसङ्गात् सम्बन्धोऽनुषङ्ग ॥ १८ ॥

तद्भेदमाह—

तत्त्रैविध्यम्, आदिमध्यान्तवाक्यवृत्तिभेदात् ॥ १९ ॥

तत् त्रिविधं भवति। आदिमध्यान्तेषु वाक्येषु वृत्तेर्भेदात्। यथा—

भूष्यन्ते प्रमदवनानि बालपुष्पैः, कामिन्यो मधुमदमांसलैर्विलासैः।
ब्राह्मणः श्रुतिगदितैः क्रियाकलापै, राजानो विरलितवैरिभिः प्रतापैः।

> बाष्पः पथिककान्ताना जलं जलमुचा मुहुः।
> विगलत्यधुना दण्डयात्रोद्योगो महीभुजाम् ॥
> गुरुशुश्रूषया विद्या मधुगोष्ठ्या मनोभवः।
> उदयेन शशाङ्कस्य पयोधिरभिवर्धते ॥ १९ ॥

हिन्दी—वह तीन प्रकार का है, श्लोकगत आदिम वाक्य, मध्यवाक्य तथा अन्तिम वाक्यों में रहने से।

वह (दीपक अलङ्कार) तीन प्रकार का होता है। आदिम वाक्य, मध्यवाक्य तथा अन्तिम वाक्य में दीपक के रहने से। यथा—

क्रीडोद्यान नए फूलों से, कामिनियाँ मदिरा के मद से पूर्णतापात्र हाव भावों से, ब्राह्मण वेदोक्त क्रिया कलापों (यज्ञादि कर्मों) से और राजा लोग शत्रु को दलित कर देने वाले प्रतापों से भूषित (सुशोभित) होते हैं। यह आदि दीपक का उदाहरण है क्योंकि यहाँ श्लोक के आदि में दीपक (भूष्यन्ते) का प्रयोग हुआ है)।

राजाओं की दण्डयात्रा की तैयारी के समय पथिकों अर्थात् भागते हुए दुश्मनों की स्त्रियों के आँसू और मेघों के जल बिन्दु बार बार गिरते हैं। (यह मध्यदीपक उदाहरण है क्योंकि यहाँ श्लोक के मध्य में दीपक (विगलति) का प्रयोग हुआ है)।

गुरु की सेवा से विद्या, मद्य पान की गोष्ठी अर्थात् कुसङ्गति से कामदेव और चन्द्र के उदय से समुद्र बढ़ता है ॥ १९ ॥

तत् नैविध्यमिति। भूष्यन्त इत्यादिदीपकम्। प्रह्माण इति। माद्यगा। याप्र इत्यत्र मध्यदीपकम्। गळन घाप्पजलयो स्यन्द, दण्डयाश्रोयोगे नाशः। गुरुशुश्रूषयेत्यत्रान्तदीपकम्। एवमेव कारकदीपकमप्यूह्नोयम्॥ १९॥

निदर्शन दर्शयितुमाह—

दीपकवन्निदर्शनमपि सक्षिप्तमित्याह—

क्रिययैव स्वतदर्थान्वयख्यापनं निदर्शनम्॥ २०॥

क्रिययेव शुद्धया स्वस्यात्मनस्तदर्थः चान्वयस्य सबन्धस्य ख्यापन संलुलितहेतुदृष्टान्तविभागदर्शनान्निदर्शनम्। यथा—

अत्युच्चपदाध्यासः पतनायेत्यर्थशालिनां शसत्।
आपाण्डु पतति पत्र तयाग्दि बन्धनग्रन्थः॥

पततीति क्रिया। तस्या स्व पतनम्। तदर्थोऽत्युच्चपदाध्यास पतनायेति शसनम्। तस्य ख्यापनमर्थशालिनां शसदिति॥ २०॥

हिन्दी—दीपक के सदृश निदर्शनालङ्कार भी सक्षिप्त होता है इसे दिखलाने के लिए कहा है—

क्रिया से ही अपना और अपने प्रयोजन के सम्बन्ध का प्रतिपादन करना निदर्शन अलङ्कार है। केवल अनन्य सहाया (शुद्ध) क्रिया के द्वारा अपना और अपने प्रयोजन के सम्बन्ध का प्रतिपादन हेतु तथा दृष्टान्त के विभाग में मिश्रित दिखाई देने से होता है। अत इसका नाम निदर्शन है। यथा—

अति उच्च पद पर पहुँचना पतन के लिए है (अर्थात् उसका परिणाम पतन होता है) यह धनाढ्यों को बतलाता हुआ, वृक्ष का यह पीला पत्ता अपनी बन्धन-सम्पद ग्रन्थि से टूट कर गिर रहा है।

पतति' यह क्रिया है, उस (क्रिया का स्व अर्थात् स्वरूप पतन है। उसका तात्पर्य है 'अति उच्च पद की प्राप्ति पतन के लिए है' यह बोध कराना। उसका ख्यापन (बोधन) 'अर्थशालिनां शसत्' इस पद से होता है॥ २०॥

दीपकवदिति। शुद्धयानन्यसहायया क्रिययैवानुक्तिरदितयेत्यर्थः। स्वस्य तदर्थस्य सा क्रिया अर्थ प्रयोजन यस्य तत्तादर्थं स्वप्रयोजनाधमर्थान्तरमित्यर्थ। तयो स्वतदर्थयोरन्वयस्य सम्बन्धस्य ख्यापन निदर्शनम्। निदर्शनपदार्थ निर्वक्ति—संलुलितेति। संलुलित = अविवेचितो। हेतुदृष्टान्तयोर्विभागस्तस्य दर्शनाद्विवेचनानिगूढहेतुदृष्टान्तदर्शनरूपत्वान्निदर्शनमित्यर्थः। न्दार्दर्शि—

अत्युच्चेति । अर्थशालिनामर्थोल्लेखशालिना धनशालिना वा । लक्ष्यलक्षण योरानुकूल्यमुन्मीलयति । पततीति क्रियेति ॥ २० ॥

अर्थान्तरन्यास समर्थयितु सूत्रसङ्गतिं सूचयति—

इद च नार्थान्तरन्यासः । स ह्यन्यथाभूतस्तमाह —

उक्तसिद्धयै वस्तुनोऽर्थान्तरस्यैव न्यसनम् अर्थान्तरन्यासः ॥ २१ ॥

उक्तसिद्धयै उक्तस्यार्थस्य सिद्धयर्थं वस्तुनो वाक्यार्थान्तरस्यैव न्यसनमर्थान्तरन्यासः । वस्तुग्रहणादर्थस्य हेतोर्न्यसनन्नार्थान्तरन्यासः । यथा 'इह नातिदूरगोचरमस्ति सरः कमलसौगन्ध्यात्' इति । अर्थान्तरस्यैवेति वचनम्, यत्र हेतुर्व्याप्तिगूढत्वात् कथञ्चित् प्रतीयते तत्र यथा स्यात् । यद्यत् कृतकतत्तदनित्यमित्येवम्प्रायेषु मा भूदिति । उदाहरणम् ।

प्रियेण सग्रथ्य विपक्षसन्निधावुपाहिता वक्षसि पीवरस्तनी ।
स्रज न काचिद्विजहौ जलाविला वसन्ति हि प्रेम्णि गुणा न वस्तुनि ॥

हिन्दी—यह अर्थान्तरन्यास नहीं है, वह तो निदर्शना से भिन्न प्रकार का होता है । उसे कहा है—

उक्त अर्थ की सिद्धि के लिए अर्थान्तर (अन्य वस्तु) का प्रस्तुतीकरण अर्थान्तरन्यास है ।

उक्त की सिद्धि अर्थात् उक्त अर्थ की सिद्धि के लिए वाक्यार्थान्तर अर्थात् अन्य वस्तु का न्यास (उपस्थित) करना अर्थान्तरन्यास है । वस्तु के ग्रहण से पदार्थ के हेतु का उपस्थापन अर्थान्तरन्यास नहीं है । यथा—

यहाँ तालाब बहुत दूर नहीं मालूम पड़ता है, कमल की सुगन्धि से ।

सूत्र में 'अर्थान्तरस्यैव' ('अर्थान्तर का ही') कहा है । उसका तात्पर्य है कि यहाँ व्याप्ति के गूढ़ होने से हो वहीं अर्थान्तरन्यास हो । जो जो किया गया है अर्थात् बनाया गया है वह वह अनित्य है, ऐसे स्थलों में अर्थान्तरन्यास न हो ।

उदाहरण, यथा—

प्रिय के द्वारा गूँथी हुई, और सपत्नी के सामने में पीनस्तनयुक्त वक्षस्थल पर पहनाई गई माला को किसी सुन्दरी ने जल में स्नान करने से खराब हो जाने पर फेंका नहीं । गुण प्रेम में बसते हैं वस्तु में नहीं ॥ २१ ॥

इह चेति। उक्तस्य वाक्यार्थस्य सिद्धयै, वाक्यार्थान्तरस्यान्यस्य वाक्यार्थस्यैव। वस्तुग्रहणप्रयोजनं प्रस्तौति—वस्त्विति। प्रत्युदाहरणं प्रदर्शयति—यथेति। अत्र कमलसौगन्ध्यादिति हेतौ पदार्थरूपत्वात् तस्य न्यसनं नार्थान्तरन्यासः। अवधारणप्रयोजनमभिधत्ते—अर्थान्तरस्यैवेति। वचनमिति। यत्र वस्तुनो हेतुरूपमेवार्थान्तरं तद्व्याप्तिमत् यत्र गौरवेण प्रतीयते तत्रालङ्कारता यथा स्यात्, प्रसिद्धव्याप्तिस्थले च मा भूदित्येवमर्थमेवकारकरणमित्यर्थः। उदाहर्तुमाह—उदाहरणमिति। प्रियेणेति। अत्र विशेषरूपमुपमेयं सामान्येनोपमानेन समर्थ्यते ॥ २१ ॥

अर्थान्तरन्यासव्यतिरेकयोर्भेदं दर्शयितुमभेदशङ्कामुन्मीलयति—

अर्थान्तरन्यासस्य हेतुरूपत्वाद्, हेतोश्चान्वयव्यतिरेकात्मकत्वाच्च पृथग्व्यतिरेक इति केचित्। तन्निरासार्थमाह—

उपमेयस्य गुणातिरेकित्वं व्यतिरेकः ॥२२॥

उपमेयस्य गुणातिरेकित्वं गुणाधिक्यं यद् अर्थादुपमानात् स व्यतिरेकः। यथा—

> सत्यं हरिणशावाक्ष्याः प्रसन्नसुभगं मुखम्।
> समानं शशिनः किन्तु स कलङ्कविडम्बितः ॥

कश्चित् गम्यमानगुणो व्यतिरेकः। यथा—

> कुवलयवनं प्रत्याख्यातं नवं मधु निन्दितं
> हसितममृतं भग्नं स्वादोः पदं रससंपदः।
> विषमुपहितं चिन्ताव्याजान्मनस्यपि कामिना
> चतुरललितैर्लीलातन्त्रैस्तवार्धविलोकितैः ॥ २२ ॥

हिन्दी—अर्थान्तरन्यास का हेतुरूपता से और हेतु की अन्वयव्यतिरेकात्मकता से व्यतिरेक कोई पृथक् अलङ्कार नहीं है, यह कुछ लोग कहते हैं, उनके खण्डन के के लिए कहा है—

उपमेय का गुणाधिक्य व्यतिरेक है।

उपमान की अपेक्षा उपमेय के गुणों का जो अतिरेकित्व अर्थात् आधिक्य होता है वह व्यतिरेक अलङ्कार कहलाता है। यथा—

मृगनयनी का प्रसन्न एवं सुन्दर मुख चन्द्र के समान है, यह सत्य है किन्तु वह

(चन्द्र) कलङ्कसहित है। उपमानभूत चन्द्र का कलङ्कसहितत्व और उपमेयभूत मुख का कलङ्करहितत्व होने से यहाँ उपमान की अपेक्षा उपमेय में गुणाधिक्य है। अत यहाँ व्यतिरेकालङ्कार उपपन्न होता है।

किसी का मत है कि गम्यमान गुण वाला व्यतिरेक कहलाता है। यथा—

तेरे चतुर तथा सुन्दर हाव भावों से और कटाक्ष निक्षेपों से नीलकमल का वा तिरस्कृत हो गया, नवीन मधु निन्दित हो गया, अमृत उपहसित हो गया, रससम्पन्न स्वाद का पद भग्न हो गया तथा चिन्ता के व्याज से प्रिय जनो के मन में विष भर दिया ॥ २२ ॥

अर्थान्तरेति । व्याचष्टे—उपमेयस्येति। गुणशब्दोऽत्र धर्ममात्रवचन । स च वाच्यो, गम्यश्चेति द्विविध । उभयोऽप्युपमानगतस्तदपकर्षहेतुरुपमेयगतस्तदुत्कर्षहेतुश्चेति द्विविधो भवति । यदोपमानगतस्तेन तदपकर्षहेतुना गुणेनोपमेयस्य गुणातिरेकित्वमर्थाद्भवति । तदा गुणातिरेकित्वमार्थम् । यदा पुनरुपमेयगतस्तदा तेन तदुत्कर्षहेतुनाऽर्थादुपमानादुपमेयस्य गुणातिरेकित्व भवति। तदा शाब्दमतिरेकित्वम् । तत्रोपमानगतवाच्यगुणप्रयुक्त व्यतिरेकमुदाहरति—सत्यमिति । अत्र कलङ्कविडम्बितपदवाच्येनोपमानस्यापकर्षहेतुना कलङ्कित्वगुणेनोपमेयस्यार्थादकलङ्कित्वलक्षण गुणातिरेकित्वमिति व्यतिरेक । उपमानगतगम्यमानगुणप्रयुक्त व्यतिरेकमुदाहरति—कुवलयवनमिति। कुवलयवनमध्वादिषु प्रत्याख्याननिन्दनादिभिरवगम्यमानेन निकर्षहेतुना चतुरललितलीलावन्त्रत्वराहित्यलक्षणेन गुणेनार्धविलोकितेषु चतुरललितलीलावन्त्रत्वरूप गुणातिरेकित्व शाब्दमपि प्रकृष्टतया प्रतिष्ठापित भवतीति गम्यमानगुणप्रयुक्तो व्यतिरेक । अर्थान्तरन्यासे व्यतिरेको विपक्षव्यावृत्ति । अत्र तु गुणाधिक्यमिति भेद ॥ २२ ॥

विशेषोक्ति विवेक्तुमाह—

व्यतिरेकाद्विशेषोक्तेर्भेद दर्शयितुमाह—

एकगुणहानिकल्पनायां साम्यदार्ढ्यं विशेषोक्तिः ॥२३॥

एकस्य गुणस्य हानेः कल्पनायां शेषैर्गुणैस्साम्य यत्तस्य दार्ढ्यं विशेषोक्तिः । रूपक चेद् प्रायेणेति । यथा—

भवन्ति यत्रौषधयो रजन्यामतैलपूराः सुरतप्रदीपाः ।
द्यूत हि नाम पुरुषस्याऽसिंहासन राज्यम् ॥
निर्द्रेयमकमला लक्ष्मीः । हस्ती हि जङ्गम दुर्गम् इति । अत्रापि

जङ्गमशब्दस्य स्थावरत्वनिवृत्तिप्रतिपादनत्वादेकगुणहानिकल्पनैव। एतेन, वेश्या हि नाम मूर्तिमत्येव निकृतिः। व्यसनं हि नाम सोच्छ्वासं मरणम्। द्विजो भूमिबृहस्पतिरित्येवमादिष्वेकगुणहानिकल्पना व्याख्याता॥ २३॥

हिन्दी—व्यतिरेक से विशेषोक्ति का भेद दिखलाने के लिए कहा है—

एक गुण की हानि की कल्पना करने पर जो सादृश्य की दृढ़ता होती है वह विशेषोक्ति अलङ्कार है।

एक गुण की न्यूनता की कल्पना करने पर शेष गुणों से जो साम्य होता है उसका दृढ़ होना ही विशेषोक्ति अलङ्कार का लक्षण है। यह रूपकप्राय होता है। यथा—

जहाँ (हिमालय पर) रात में स्वयप्रकाश योग्य ओषधियाँ, बिना तेल के ही, सुरत के समय में प्रदीप हो जाती हैं।

द्यूत (जुआ) पुरुष के लिए बिना सिंहासन का राज्य है।

हाथी गमनशील दुर्ग (किला) है।

यहाँ जङ्गम शब्द के स्थावरत्व निवृत्तिप्रतिपादक होने से एक गुण की हानि की कल्पना हो ही जाती है।

इससे 'वेश्या मूर्तिमती तिरस्कृति ही है'।

'व्यसन (दुःख) श्वास अर्थात् जीवन सहित मरना है'।

'ब्राह्मण पृथ्वी का बृहस्पति है'।

इत्यादि स्थलों में एक गुण हानि कल्पना की व्याख्या हो गई॥ २३॥

व्यतिरेकादिति—एकस्येति। अर्थादुपमेयगतस्य हानिर्लोपः। वर्जनीयतया रूपकमपि सम्भवतीत्याह—रूपकमिति। अतैलपूरा इति। असिंहासनमिति। अचलेति। अत्रैकगुणहानिकल्पना सिद्ध्यति। समर्थितामेकगुणहानिकल्पना मन्यत्रातिदिशति—एतेनेति। 'कुसृतिर्निकृतिश्शाठ्यम्' इत्यमरः। मूर्तिमत्येवे त्यत्रामूर्तत्वनिवृत्तिः। सोच्छ्वासमित्यत्रानुच्छ्वासतानिवृत्तिः। भूमिबृहस्पति रित्यत्राभौमत्वनिवृत्तिः प्रतिपाद्यत इत्येकगुणहानिकल्पनाऽवगन्तव्या॥ २३॥

व्याजस्तुतिं व्याख्यातुं प्रसङ्गं परिकल्पयति—

व्यतिरेकविशेषोक्तिभ्यां व्याजस्तुतिं भिन्नां दर्शयितुमाह—

सम्भाव्यविशिष्टकर्माकरणान्निन्दास्तोत्रार्था व्याजस्तुतिः॥ २४॥

अत्यन्तगुणाधिको विशिष्टस्तस्य च कर्म विशिष्टकर्म, तस्य सम्भाव्यस्य कर्तुं शक्यस्याकरणान्निन्दाविशिष्टसाम्यसम्पादनेन स्तोत्रार्था व्याजस्तुतिः । यथा—

बबन्ध सेतुं गिरिचक्रवालैर्बिभेद सप्तैकशरेण तालान् ।
एवंविधं कर्म ततान रामस्त्वया कृतं तन्न मुधैव गर्वः ॥ २४ ॥

हिन्दी—व्यतिरेक और विशेषोक्ति से व्याजस्तुति भिन्न है यह दिखलाने के लिए कहा है—

सम्भाव्य विशिष्ट कर्म न करने से स्तुति के लिए जो निन्दा की जाती है उसे व्याजस्तुति अलङ्कार कहते हैं ।

गुणों में अत्यन्त अधिक विशिष्ट कहलाता है । उसका कर्म विशिष्ट कर्म कहलाता है । उस के लिए सम्भाव्य कर्म के न करने से जो निन्दा स्तुति की जाती है विशिष्ट के साथ साम्य सम्पादन द्वारा, वह व्याजस्तुति अलङ्कार है । यथा—

रामने पर्वत समूहों (पत्थरों के ढेरों) से समुद्र पर पुल का निर्माण किया और एक ही बाण से सात तालवृक्षों का छेदन कर दिया । राम ने इस तरह के साहसिक कार्य किए, तुमने तो एक भी न किया, तेरा गर्व व्यर्थ है ॥ २४ ॥

व्यतिरेकेति । व्याचष्टे—अत्यन्तेति । विशिष्टो रामादिरुपमानभूतस्तस्य कर्म सेतुबन्धनादि । तस्य कर्तुं शक्यस्य कर्मणोऽकरणाद्वर्णनीयस्य निन्दा रामादिसाम्यापादानात् स्तुतिपर्यवसायिनी व्याजस्तुतिः । बबन्धेति । त्वं राम एवासीति तात्पर्यम् । निन्दाव्याजेन स्तुतिरूपत्वाद् व्यतिरेकविशेषोक्तिभ्या भेदः ॥ २४ ॥

व्याजोक्तिं व्याकर्तुमाह—

व्याजस्तुतेर्व्याजोक्तिं भिन्नां दर्शयितुमाह—

व्याजस्य सत्यसारूप्यं व्याजोक्तिः ॥ २५ ॥

व्याजस्य छद्मनः सत्येन सारूप्यं व्याजोक्तिः । या मायोक्तिरित्याहुः । यथा—

शरच्चन्द्रांशुगौरेण वाताविद्धेन भामिनि ।
काशपुष्पलवेनेदं साश्रुपातं मुखं कृतम् ॥ २५ ॥

हिन्दी—व्याजस्तुति से व्याजोक्ति को भिन्न दिखलाने के लिए कहा है—

व्याज (छल से प्रतिपादित विषय) का सत्य के साथ सारूप्य दिखलाना व्याजोक्ति अलङ्कार है।

व्याज अर्थात् असत्य के छल से सत्य का सारूप्य दिखलाना व्याजोक्ति अलङ्कार है, जिसको कुछ आलङ्कारिकों ने 'मायोक्ति' कहा है। यथा—

हे सुन्दरि, शरत्कालीन चन्द्र की किरणों के समान शुभ्र और वायु वेग से उड़कर आए हुए, काशपुष्प के तिनके ने (आँख में गिर कर) इस मुख को अश्रुपातयुक्त बना दिया ॥ २५ ॥

व्याजस्तुतेरिति। व्याचष्टे—व्याजस्येति। असत्यस्येत्यर्थः। सत्येन यथार्थेन। सारूप्यं सत्यत्वकल्पनया समुन्मिषित सादृश्यम्। असत्ये सत्यत्ववचनं व्याजोक्तिरिति लक्षणार्थः। व्याजोक्तिमिमां मतान्तरे संज्ञान्तरेण व्यवहरन्ति, न तु स्वरूपभेद इत्याह—यामिति। उदाहरति—यथेति। चन्द्रांऽशुगौरेणेत्यनेन चन्द्रिकायां काशपुष्पलवस्याविवेचनीयता सूचिता। वाताविद्धेनेत्यनेनाऽप्रसक्तिशङ्का निराकृता। अत्र सत्येन सात्त्विकभावेन कृतोऽश्रुपातः पुष्पलवेन कृत इत्यसत्यस्य सत्यतोक्तिः। अत एव व्याजस्तुतितो भेदः ॥ २५ ॥

तुल्ययोगितां वक्तुमाह—

व्याजस्तुतेः पृथक् तुल्ययोगितेत्याह—

विशिष्टेन साम्यार्थमेककालक्रियायोगस्तुल्ययोगिता ॥२६॥

विशिष्टेन न्यूनस्य साम्यार्थमेककालायां क्रियायां योगस्तुल्ययोगिता। यथा, जलनिधिरशनामिमां धरित्रीं वहति भुजङ्गविभुर्भवद्भुजश्च ॥ २६ ॥

हिन्दी—व्याज स्तुति से तुल्ययोगिता पृथक् है यह दिखलाने के लिये कहा है—

विशिष्ट के साथ समता दिखलाने के लिए एक काल में होने वाली क्रिया से उपमान और उपमेय का योग दिखलाना तुल्ययोगिता अलङ्कार है।

विशिष्ट (अधिक गुण-विशिष्ट उपमान) के साथ न्यून (न्यून गुणयुक्त उपमेय) का साम्य प्रदर्शित करने के लिए एक काल में होने वाली क्रिया में उपमान तथा उपमेय दोनों का योग दिखलाना तुल्ययोगिता अलङ्कार है, यथा—

समुद्ररूप रशना (करधनी) से युक्त इस सम्पूर्ण पृथ्वी को शेषनाग और आपकी भुजा दोनों धारण करते हैं ॥ २६ ॥

व्याजोक्तेः पृथगिति। विशिष्टेन गुणाधिकेनोपमानेनेति यावत्। अर्थादत्र न्यूनस्येत्यनेनोपमेयस्येत्यवगम्यते। एकः कालो यस्यां सा एककाला तस्यां

क्रियाया, साम्यार्थं यो योग सा तुल्ययोगिता । उदाहरति-जलनिधीति ॥२६॥

आक्षेप लक्षयितु सूत्रमुपक्षिपति—

उपमानाक्षेपश्चाक्षेपः ॥ २७ ॥

उपमानस्य क्षेपः प्रतिषेध उपमानाक्षेपः । तुल्यकार्यार्थस्य नैरर्थक्यविवक्षायाम् । यथा—

तस्याश्चेन्मुखमस्ति सौम्यसुभग किं पार्वणेनेन्दुना
सौन्दर्यस्य पद दृशौ च यदि चेत् किं नाम नीलोत्पलैः ।
किं वा कोमलकान्तिभिः किसलयैः सत्येव तत्राधरे
हा धातुः पुनरुक्तवस्तुरचनारम्भेष्वपूर्वो ग्रहः ॥

उपमानस्याक्षेपतः प्रतिपत्तिरित्यपि सूत्रार्थः । यथा—

ऐन्द्र धनुः पाण्डुपयोधरेण शरद्दधानार्द्रनखक्षताभम् ।
प्रसादयन्ती सकलङ्कमिन्दु ताप रवेरभ्यधिक चकार ॥

अत्र शरद्वेश्येव, इन्दु नायकमिव, रवेः प्रतिनायकस्येवेत्युपमानानि गम्यन्त इति ॥ २७ ॥

हिन्दी—उपमान का आक्षेप (निषेध) करना आक्षेप अलङ्कार है ।

उपमान का आक्षेप अर्थात् प्रतिषेध उपमानाक्षेप कहलाता है । तुल्य कार्यवाले अर्थ की निरर्थकता की विवक्षा में आक्षेप अलङ्कार होता है । यथा—

यदि उसका सौम्य तथा सुन्दर मुख विराजमान है तो फिर तत्तुल्य शोभावाले पूर्णिमा के चन्द्र से क्या प्रयोजन ? यदि सौन्दर्य का आश्रयरूप उसके नेत्र वर्तमान हैं तो फिर नीलकमलों से क्या काम ? यदि उसका अधर विद्यमान है तो फिर कोमल कान्तियुक्त किसलयों से क्या काम ? दुःख है कि पुनरुक्त वाले पदार्थों की रचना करने में विधाता का अपूर्व आग्रह है । (अर्थात नायिका के ऐसे मुख नेत्र तथा अधर के विद्यमान रहने पर विधाता ने ऐसे चन्द्र, नीलोत्पल तथा किसलय की रचना व्यर्थ ही की) ।

आक्षेप से उपमान का अर्थ प्रतीत होना आक्षेप अलङ्कार है, यह भी सूत्र का अर्थ है । यथा—

शुभ्र वर्ण के मेघों (अथवा स्तनों) से ऊपर ताजे नखाघातों के सदृश इन्द्रधनुष को धारण किए हुए और कलङ्कयुक्त चन्द्र (अथवा परस्त्रीउपभोग रूप कलङ्क

से युक्त नायक को निर्मल करती अथवा मनाती) हुई इन शरद् ऋतु (अथवा नायिका) ने सूर्य के ताप (प्रतिनायक के क्रोध) को और अधिक कर दिया।

यहाँ 'शरद् वेश्या के सदृश', 'इन्दु नायक के समान' और 'सूर्य प्रतिनायक की तरह' ये उपमान आक्षेप से प्रतीत होते हैं ॥ २७ ॥

उपमानेति। उपमानस्य तादृगुपमेये सति नैरर्थक्यविवक्षाया प्रतिषेध आक्षेप इति वाक्यार्थ। तस्याश्चेन्मुखमित्युदाहरणम्। कारेण समुच्चितार्थ माह—उपमानस्याक्षेपत इति। आक्षेपोऽत्राकर्षणम्। ऐन्द्र धनुरित्युदाहरणम्। अत्राक्षेपलभ्य प्रकटयति—अत्र शरदिति ॥ २७ ॥

सहोक्ति वक्तुमाह—

तुल्ययोगितायाः सहोक्तेर्भेदमाह—

वस्तुद्वयक्रिययोस्तुल्यकालयोरेकपदाभिधानं सहोक्तिः॥२८॥

वस्तुद्वयस्य क्रिययोस्तुल्यकालयोरेकेन पदेनाभिधान सहाऽर्थशब्द-सामर्थ्यात् सहोक्तिः। यथा—'अस्त भास्वान् प्रयातः सह रिपुभिरय संह्रियन्ता बलानि।' अत्रार्थयोर्न्यूनत्वविशिष्टत्वे न स्त इति नेय तुल्ययोगितेति ॥ २८ ॥

हिन्दी—तुल्ययोगिता से सहोक्ति का भेद कहा है—

दो वस्तुओं की तुल्यकालीन दो क्रियाओं का केवल एक ही पद से प्रतिपादन करना सहोक्ति अलङ्कार है।

दो वस्तुओं की तुल्यकालीन दो क्रियाओं का केवल एक पद से जो उपपादन सहार्थक शब्द के सामर्थ्य से होता है वह सहोक्ति अलङ्कार है। यथा—

शत्रुओं के समान यह सूर्य भी अस्ताचल को चल पड़ा है इसलिये अब सेनाओं को वापस कर लो।

यहाँ अर्थों का न्यूनत्व तथा विशिष्टत्व नहीं है। अत यह तुल्ययोगिता नहीं है (अर्थात् सहोक्ति अलङ्कार है ॥ २८ ॥

तुल्ययोगितायाः इति। वस्तुद्वयसम्बन्धिन्यो क्रिययो सहार्थाना सह-शब्दपर्यायाणा ग्रहणसामर्थ्यादेकेन पदेनाभिधान सहोक्ति। स्पष्टमुदाहरणम्। उभयोरलङ्कारयोर्भेद दर्शयति—अत्रेति ॥ २८ ॥

समाहित समीरयितुमाह—

समाहितमेकमवशिष्यते। तल्लक्षणार्थमाह—

यत्सादृश्यं तत्सम्पत्तिः समाहितम् ॥ २९ ॥

यस्य वस्तुनः सादृश्य गृह्यते तस्य वस्तुनः सम्पत्तिः समाहितम्। यथा—

तन्वी मेघजलार्द्रपल्लवतया धौताधरेवाश्रुभिः
शून्येवाभरणैः स्वकालविरहाद्विश्रान्तपुष्पोद्गमा।
चिन्तामोहमिवास्थिता मधुलिहा शब्दैर्विना लक्ष्यते
चण्डी मामवधूय पादपतितं जातानुतापेव सा ॥

अत्र पुरूरवसो लतायामुर्वश्याः सादृश्य गृह्णतः सैव लतोर्वशी सपन्नेति ॥ २९ ॥

जिस वस्तु का सादृश्य उपमेय में दिखलाना है उस वस्तु के रूप को प्राप्त कर लेना (तद्रूपताप्राप्ति) समाहित अलङ्कार है।

उपमेय में जिस वस्तु के सादृश्य का ग्रहण किया जाता है उपमेय के द्वारा उस वस्तु के रूप को प्राप्त कर लेना समाहित अलङ्कार है। यथा—

यह क्रुद्धा उर्वशी पैरों पर गिरे हुए मुझे (पुरूरवा को) तिरस्कृत कर पश्चात्ताप का अनुभव करती हुई आँसुओं से गीले अधर के सदृश वर्षा के जल से आर्द्र पल्लवों को धारण किए हुए, ऋतुकाल के अभाव से पुष्पोद्गम रहित आभरण शून्य सी और भ्रमरों के शब्द के अभाव में चिन्ता से मौन होकर लता रूप में दिखलाई पड़ती है।

इस उदाहरण में लता में उर्वशी के सादृश्य को देखने वाले पुरूरवा के लिए उर्वशी लता बन गई है ॥ २९ ॥

समाहितमिति। शुद्धेष्वलङ्कारभेदेषु समाहितमेक लक्षयितुमवशिष्यत इत्यर्थः। यस्येति। तस्य सम्पत्तिस्तदाकारतापरिणति। ताद्रूप्यसपत्तिरिति यावत्। अत्रोदाहरण विक्रमोर्वशीये दर्शयितुमाह—तन्वीति। लतायामुर्वशी-सादृश्य पश्यत पुरूरवस इयमुक्ति। अत्रेति। लतामवलोक्य तत्राश्रुधौता-धरत्वाभरणशून्यत्वचिन्तामौनाऽऽश्रितत्वाध्यवसायेन सा तान्दयुर्वशीचेत्यु-त्प्रेक्षमाणस्य पुरूरवस सैव लतोर्वशी सपन्नेति लताया उर्वशीत्वसम्पत्ते सम्भवात् समाहितम्। समनन्तरक्षणभावित्वेऽपि तत्सम्पत्तेस्तस्य तादात्वि-कत्वाभिमान सूचयितु भूतप्रत्यय ॥ २९ ॥

शुद्धालङ्कारनिरूपणोपसहारव्याजेन मिश्रालङ्कारनिरूपणाय प्रसङ्ग प्रस्तौ-ति—

एते चालङ्काराः शुद्धा मिश्राश्च प्रयोक्तव्या इति विशिष्टानाम् अलङ्काराणां मिश्रत्वं संसृष्टिरित्याह—

अलङ्कारस्यालङ्कारयोनित्वं संसृष्टिः ॥ ३० ॥

अलङ्कारस्यालङ्कारयोनित्वं यदसौ संसृष्टिरिति। संसृष्टिः संसर्गः सम्बन्ध इति ॥ ३० ॥

हिन्दी—ये अलङ्कार शुद्ध तथा मिश्र दो रूपों में प्रयोग योग्य हैं, अत विशिष्ट अलङ्कारों का मिश्रित रूप संसृष्टि अलङ्कार होता है, यह आगे कहा है—

अलङ्कार का अलंकारहेतुत्व होना संसृष्टि है।

एक अलंकार का दूसरे अलंकार के साथ जो हेतुत्व (कार्यकारणभाव) सम्बन्ध है वह संसृष्टि अलङ्कार हैं संसर्ग अर्थात् सम्बन्ध ही संसृष्टि है ॥ ३० ॥

एते चेति। शुद्धाः पूर्वं लक्षिता, मिश्रा संसृष्टिभेदा शुद्धा इव मिश्रा अप्यलङ्कारा प्रयोगयोग्या। शोभातिशयहेतुत्वादिति भाव। इतिशब्दो हेतौ। विशिष्टानामलङ्कारविशेषाणाम्। संसृष्टेर्लक्षणमाह—अलङ्कारस्येति। कार्यकारणभावापन्नयोरलङ्कारयो सम्बन्ध संसृष्टिरित्यर्थ ॥ ३० ॥

संसृष्टिविभागं दर्शयितुं सूत्रमवतारयति—

तद्भेदावुपमारूपकोत्प्रेक्षावयवौ ॥ ३१ ॥

तस्याः संसृष्टेर्भेदावुपमारूपकं चोत्प्रेक्षावयवश्चेति ॥ ३१ ॥

हिन्दी—उसके दो भेद हैं—उपमारूपक तथा उत्प्रेक्षावयव।

उस संसृष्टि के दो भेद हैं—उपमारूपक और उत्प्रेक्षावयव ॥ ३१ ॥

तद्भेदाविति। अलङ्कारयोनित्वमित्यत्र यथाक्रमं बहुव्रीहितत्पुरुषाश्रयणेन द्वौ भेदौ भवत। उपमारूपकमुत्प्रेक्षावयवश्चेति ॥ ३१ ॥

तत्राद्यमुपक्षेप्तुं सूत्रमुपक्षिपति—

उपमाजन्यं रूपकमुपमारूपकम् ॥ ३२ ॥

स्पष्टम्। यथा—

निरवधि च निराश्रयं च यस्य स्थितमनिवर्तितकौतुकप्रपञ्चम्।
प्रथम इह भवान् स कूर्ममूर्तिर्जयति चतुर्दशलोकवल्लिकन्दः ॥

एवं, रजनिपुरन्ध्रिलोध्रतिलक, इत्येवमादयस्तद्भेदा द्रष्टव्याः ॥३२॥

हिन्दी—उपमाजन्य रूपक उपमारूपक है।

अर्थ स्पष्ट है। उदाहरण, यथा—

जिनके ऊपर अनन्त, अनाश्रय तथा आश्चर्यमय ससार अवस्थित है, चतुर्दश लोकरूप लताओं का मूलरूप कूर्मावतार सदृश आप इस ससार में अद्वितीय हैं।

इसी तरह 'रजनिपुरन्ध्रितिलक शशी' इत्यादि उपमारूपक के भेद द्रष्टव्य हैं॥३२॥

उपमाजन्यमिति । सूत्रमिद निगदव्याख्यानमित्यभिसन्धाय उदाहरण दर्शयति—यथेति । नन्वत्र कूर्ममूर्ते कन्दत्वारोपाल्लोकाना वल्लित्वारोपण यत्तु युक्तम् । तथाच रूपकजन्य रूपकमिति वक्तव्यम् । यन्मतान्तरे परम्परितरूपकमित्युच्यते । तत् कथमिदमुपमाजन्य रूपकमिति चेत् सत्यम् । लोकोवल्लिरिव लोकवल्लि । व्याघ्रादेराकृतिगणत्वादुपमितसमास । लोकवल्ल्या कन्द इति कूर्ममूर्तौ कन्दत्वारोपणमिह ग्रन्थकृतो विवक्षितमिति न दोष'। इत्थमेव, रजनिपुरन्ध्रीत्यादावपि द्रष्टव्यम् ॥ ३२ ॥

उत्प्रेक्षावयव लक्षयितुमाह—

उत्प्रेक्षाहेतुरुत्प्रेक्षावयवः ॥ ३३ ॥

उत्प्रेक्षाया हेतुरुत्प्रेक्षावयवः । अवयवशब्दो ह्यारम्भक लक्षयति । यथा—

अङ्गुलीभिरिव केशसञ्चय सन्निगृह्य तिमिर मरीचिभिः ।
कुड्मलीकृतसरोजलोचन चुम्बतीव रजनीमुख शशी ॥

एभिर्निदर्शनैः स्वीयैः परकीयैश्च पुष्कलैः ।
शब्दवैचित्र्यगर्भेयमुपमैव प्रपञ्चिता ॥

अलङ्कारैकदेशा ये मताः सौभाग्यभागिनः ।
तेऽप्यलङ्कारदेशीया योजनीयाः कवीश्वरैः ॥ ३३ ॥

इति श्रीकाव्यालङ्कारसूत्रवृत्तावालङ्कारिके चतुर्थेऽधिकरणे तृतीयोऽध्यायः । समाप्त चेदमालङ्कारिक चतुर्थमधिकरणम् ।

हिन्दी—उत्प्रेक्षा का हेतु रूप अन्य अलंकार उत्प्रेक्षावयव कहलाता है।

उत्प्रेक्षा का हेतु (रूपक आदि कोई अन्य अलंकार) उत्प्रेक्षावयव कहलाता है। 'अवयव' शब्द आरम्भ अर्थ लक्षित करता है। यथा—

अंगुलियों के सदृश किरणों से नायिका के केशसमूह रूप अन्धकार को हटाकर चन्द्रमा मुँदे हुए कमल नयनों वाले रजनी अथवा नायिका के मुख का चुम्बन कर रहा है।

स्वकीय तथा परकीय इन प्रचुर उदाहरणों से शब्दवैचित्र्यपूर्ण यह उपमा ही प्रपञ्चित हुई है। अलंकारों के एकदेश जो सुन्दर मालूम पड़े वे भी अलंकारदेशीय (अलंकारसदृश भेदोपभेद) श्रेष्ठ कवियों द्वारा काव्यों में प्रयुक्त होने योग्य हैं ॥३३॥

काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति के आलङ्कारिकनामक चतुर्थ अधिकरण में
तृतीय अध्याय समाप्त।

उत्प्रेक्षाहेतुरिति। अवयवशब्द इति। अवयव आरम्भको हेतुरित्यर्थः। अङ्गुलीभिरिति। अत्रोपमारूपकानुप्राणितस्य श्लेषस्य उत्प्रेक्षोपपादकत्वादुत्प्रेक्षावयवत्वम्। अमीषामलङ्काराणामुपमाप्रपञ्चरूपत्वमुपपादितमुपसंहरति—एभिरिति। निदर्शनैरुदाहरणैः। अलङ्काराणामविकलक्षणलक्षितानां शोभातिशयजनकत्वं कैमुतिकन्यायेन सिद्धमिति सूचयितुं तदेकदेशानामपि शोभातिशयहेतुत्वमस्तीत्याह—अलङ्कारेति ॥ ३३ ॥

इति कृतरचनायामिन्दुवंशोद्वहेन
त्रिपुरहरधरित्रीमण्डलाखण्डलेन।
ललितवचसि काव्यालंक्रियाकामधेना-
वधिकरणमयासीत् पूर्तिमेतच्चतुर्थम् ॥ १ ॥

इति श्रीगोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपालविरचितायां काव्यालङ्कार-सूत्रवृत्ति-व्याख्यायां काव्यालङ्कारकामधेनावालङ्कारिके चतुर्थेऽधिकरणे तृतीयोऽध्यायः समाप्तः।

अथ पञ्चमेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः

किरन्ती कौतुककमेरै' कटाक्षै करुणाऽमृतम् ।
समये सन्निधत्ता मे सल्लपन्ती सरस्वती ॥ १ ॥

निर्हेतुके नियतिनिस्पृहमुग्जिहाने कान्तानिभे कविवरप्रतिभाविवर्ते ।
प्रत्यर्थिशून्यपरनिर्वृतिके प्रपञ्चे सारस्वतेऽस्तु समय सुधियाऽनुपाल्य ॥ २ ॥

प्रायोगिक पञ्चममधिकरणमारभ्यते । अधिकरणान्तरारम्भौचित्यमावत्रयति—

सम्प्रति काव्यसमय शब्दशुद्धिं च दर्शयितु प्रायोगिकाख्यमधिकरणमारभ्यते । तत्र काव्यसमयस्तावदुच्यते ।

नैकं पदं द्विः प्रयोज्यं प्रायेण ॥ १ ॥

एक पद न द्विः प्रयोज्य प्रायेण बाहुल्येन । यथा 'पयोदपयोद' इति । किञ्चिदिवादिपद द्विरपि प्रयोक्तव्यमिति । यथा—'सन्तः सन्तः खलाः खलाः' ॥ १ ॥

हिन्दी—अब काव्यसमय और शब्दशुद्धि के विचार के लिए प्रायोगिक नामक पञ्चम अधिकरण का प्रारम्भ करते हैं । इसमें काव्य प्रयोग से सम्बद्ध व्यावहारिक नियमों पर विचार किया गया है । इस अधिकरण के दो अध्याय हैं । प्रथम अध्याय में काव्य समय अर्थात् काव्य रचना में परम्परित आचार के निर्वाह का विवेचन हुआ है । यह निर्वाह मूलत रूढिगत होता है । द्वितीय अध्याय में काव्योपनिबद्ध शब्दों की शुद्धता का विश्लेषणात्मक अध्ययन हुआ है ।

समय की व्याख्या में कामधेनुकार ने इसका अर्थ 'संकेत' माना है । इसका सम्बन्ध काव्यप्रयोग के विधि निषेध से है ।

एक पद का प्रयोग काव्य म दो बार नहीं करना चाहिए । यथा—'पयोद पयोद' । इससे काव्य की चारुता क्षीण हो जाती है । 'च' आदि कुछ पदों का प्रयोग निर्दोष माना गया है । यथा 'ते च प्रापुरुदन्वन्तं बुबुधे चादिपूरुषः' में अर्थान्तरसंक्रमितवाच्य के कारण एक पद का दो बार प्रयोग उचित है ॥ १ ॥

सम्प्रतीति । सम्प्रतिशब्देन काव्यस्य प्रयोजनाधिकार्यात्माङ्गभेददोषगुणालङ्कारेषु दर्शितेषु प्रयोगनियमशब्दशुद्ध्यो प्राप्तावसरत्व प्रत्याय्यते । प्रयोग विषये नियामकत्वेन भवतीति प्रायोगिकम् । तयो' प्रथम प्रयोगमर्यादा पर्या-

हिन्दी—उत्प्रेक्षा का हेतु रूप अन्य अलङ्कार उत्प्रेक्षावयव कहलाता है।

उत्प्रेक्षा का हेतु (रूपक आदि कोई अन्य अलङ्कार) उत्प्रेक्षावयव कहलाता है। 'अवयव' शब्द आरम्भ अर्थ लक्षित करता है। यथा—

अंगुलियों के सदृश किरणों से नायिका के केशसमूह रूप अन्धकार को हटाकर चन्द्रमा मुँदे हुए कमल नयनों वाले रजनी अथवा नायिका के मुख का चुम्बन कर रहा है।

स्वकीय तथा परकीय इन प्रचुर उदाहरणों से शब्दवैचित्र्यपूर्ण यह उपमा ही प्रपञ्चित हुई है। अलङ्कारों के एकदेश जो सुन्दर मालूम पड़े वे भी अलङ्कारदेशीय (अलङ्कारसदृश भेदोपभेद) श्रेष्ठ कवियों द्वारा काव्यों में प्रयुक्त होने योग्य हैं ॥३३॥

काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति के आलङ्कारिकनामक चतुर्थ अधिकरण में
तृतीय अध्याय समाप्त।

उत्प्रेक्षाहेतुरिति। अवयवशब्द इति। अवयव आरम्भको हेतुरित्यर्थः। अङ्गुलीभिरिति। अत्रोपमारूपकानुप्राणितस्य श्लेषस्य उत्प्रेक्षोपपादकत्वादुत्प्रेक्षावयवत्वम्। अमीषामलङ्काराणामुपमाप्रपञ्चरूपत्वमुपपादितमुपसंहरति—एभिरिति। निदर्शनैरुदाहरणैः। अलङ्काराणामविकललक्षणलक्षितानां शोभातिशयजनकत्वं कैमुतिकन्यायेन सिद्धमिति सूचयितुं तदेकदेशानामपि शोभातिशयहेतुत्वमस्तीत्याह—अलङ्कारेति ॥ ३३ ॥

इति कृतरचनायामिन्दुवंशोद्वहेन
त्रिपुरहरधरित्रीमण्डलाखण्डलेन।
ललितवचसि काव्यालङ्क्रियाकामधेना-
वधिकरणमयासीद् पूर्तिमेतच्चतुर्थम् ॥ १ ॥

इति श्रीगोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपालविरचितायां काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तिव्याख्यायां काव्यालङ्कारकामधेनावालङ्कारिके चतुर्थेऽधिकरणे तृतीयोऽध्यायः समाप्तः।

अथ पञ्चमेऽधिकरणे प्रथमोऽध्यायः

चिरन्ती कौतुकामेरे कटाक्षे करुणाऽमृतम् ।
समये सनिधत्ता मे सल्लपन्ती सरस्वती ॥ १ ॥

निर्हेतुके नियतिनिग्रहमुज्जिहाने कान्तानिभे रविवरप्रतिभाविवर्ते ।
प्रत्यर्थिशून्यपरनिर्वृतिके प्रपञ्चे सारस्वतेऽस्तु समय सुधियाऽनुपाल्य ॥ २ ॥

प्रायोगिक पञ्चममधिकरणमारभ्यते । अधिकरणान्तरारम्भौचित्यमापत्रयति—

सम्प्रति काव्यसमय शब्दशुद्धि च दर्शयितु प्रायोगिकाख्यमधिकरणमारभ्यते । तत्र काव्यसमयस्तावदुच्यते ।

नैकं पदं द्विः प्रयोज्यं प्रायेण ॥ १ ॥

एक पद न द्विः प्रयोज्य प्रायेण बाहुल्येन । यथा 'पयोदपयोद' इति । किञ्चिदिवादिपदं द्विरपि प्रयोक्तव्यमिति । यथा—'सन्तः सन्तः खलाः खलाः' ॥ १ ॥

हिन्दी—अब काव्यसमय और शब्दशुद्धि के विचार के लिए प्रायोगिक नामक पञ्चम अधिकरण का प्रारम्भ करते हैं । इसमें काव्य प्रयोग से सम्बद्ध व्यावहारिक नियमा पर विचार किया गया है । इस अधिकरण के दो अध्याय हैं । प्रथम अध्याय में काव्य समय अर्थात् काव्य रचना में परम्परित आचार के निर्वाह का विवेचन हुआ है । यह निर्वाह मूलत रूढिगत होता है । द्वितीय अध्याय में काव्योपनिबद्ध शब्दों की शुद्धता का विश्लेषणात्मक अध्ययन हुआ है ।

समय की व्याख्या में कामधेनुकार ने इसका अर्थ 'सकेत' माना है । इसका सम्बन्ध काव्यप्रयोग के विधि निषेध से है ।

एक पद का प्रयोग काव्य म दो बार नहीं करना चाहिए । यथा—'पयोद पयोद' । इससे काव्य की चारुता क्षीण हो जाती है । च' आदि कुछ पदों का प्रयोग निर्दोष माना गया है । यथा 'ते च प्रापुरुदन्वन्त बुबुधे चादिपूरुषः' में अर्थान्तरसक्रमितवाच्य के कारण एक पद का दो बार प्रयोग उचित है ॥ १ ॥

सम्प्रतीति । सम्प्रतिशब्देन काव्यस्य प्रयोजनाधिकार्यात्माङ्गभेददोषगुणालङ्कारेषु दर्शितेषु प्रयोगनियमशब्दशुद्ध्यो प्राप्तावसरत्व प्रत्याय्यते । प्रयोग विषये नियामकत्वेन भवतीति प्रायोगिकम् । तयो प्रथम प्रयोगमर्यादा पर्या-

लोच्यते इत्याह—तत्रेति । समय = सङ्केत, प्रयोगवर्ज्यावर्ज्यनियम इति यावत्। न हि प्रयोज्यमिति। प्रतीतिवैरस्यादशक्तियुचकत्वाच्चेत्यभिप्राय। प्रायग्रहणस्य प्रयोजनमाह—किञ्चिदिति। यथा—'ते च प्रापुरुदन्वन्त बुबुधे चादिपूरुष' इति। आदिग्रहणात् पदानुप्रासपदयमकेषु हि प्रयोगो न दोषायेति द्रष्टव्यम् ॥ १ ॥

नित्यं संहितैकपदवत् पादेष्वर्धान्तवर्जम् ॥ २ ॥

नित्यं संहितापादेष्वेकपदवदेकस्मिन्निव पदे। तत्र हि नित्या संहितेत्याम्नायः। यथा—संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोरिति। अर्धान्तवर्जमर्धान्त वर्जयित्वा ॥ २ ॥

हिन्दी—छन्दों के चरणों में अर्धान्त को छोड़कर एक पद के समान सन्धि का विधान होना चाहिए। समान पद में सन्धि होती ही है। यथा—'रमेश'। इसका शास्त्रीय वचन भी उपलब्ध है—"संहितैकपदे नित्या"। ठीक इस प्रकार, छन्दों के चरणों में भी सन्धि अपरिहार्य है। अर्धान्तवर्जन का तात्पर्य पूर्वार्ध के अन्त और उत्तरार्ध के प्रारम्भ में विधीयमान सन्धि का परित्याग है। यह वर्जना प्रथम चरण के अन्त और द्वितीय चरण के प्रारम्भ तथा तृतीय चरण के अन्त और चतुर्थ चरण के प्रारम्भ की सन्धियों में नहीं होती। काव्य रचना में सन्धि के औचित्य की अवहेलना से विसन्धि दोष का जन्म होता है ॥ २ ॥

नित्यमिति। एकस्मिन् पदे संहिता प्रकृष्टसन्निकर्षो यथा नित्या तथा पादेष्वपि संहिता नित्या भवति। आम्नाय = प्रमाणम्। प्रमाणवचनं दर्शयति—संहितेति। अविशेषेण सर्वत्र प्राप्तौ संहिता क्वचित् पर्युदस्यति—अर्धान्तवर्जमिति ॥ २ ॥

यद्यपि वा पादान्त इति पादान्तवर्णस्य लघोर्गुरुत्व विकल्पेन विहित तदपि न सर्वत्र भवतीति प्रतिपादयितुमाह—

न पादान्तलघोर्गुरुत्वं च सर्वत्र ॥ ३ ॥

पादान्तलघोर्गुरुत्व प्रयोक्तव्यम्। न सर्वत्र, न सर्वस्मिन् वृत्त इति। यथा—

याता वलिर्भवति मद्गृहदेहलीना हंसैश्च सारसगणैश्च विलुप्तपूर्वः।
तास्वेव पूर्वबलिरूढयाङ्कुरासु वाजाञ्जलिः पतति कीटमुखावलीढः ॥

एवप्रायेष्वेव वृत्तेष्विति । न पुनः--'वरूथिनीना रजसि प्रसर्पति समस्तमासीद्विनिमीलितं जगद्' इत्यादिषु । चकारोऽर्थान्तवर्जमित्यस्यानुकर्षणार्थः ॥ ३ ॥

हिन्दी—पादान्त लघु का गुरु होना वैकल्पिक है। सभी वृत्तों में ऐसा नहीं होता। पादान्त लघु के गुरु होने का उदाहरण है—

पहले वैभव के दिनों में मेरे घर की जिन देहलियों की बलि (यज्ञशेषान्न) हंसों तथा सारसों द्वारा खा ली जाती थी पूर्वबलि के यवों के अङ्कुरों से युक्त उन्हीं देहलियों पर कीड़ों के खाए हुए बीजों का ढेर गिर रहा है।

यहाँ 'अङ्कुराम्' में अन्तिम वर्ण ह्रस्व होने के कारण लघु है, परन्तु वसन्ततिलका के लक्षण के अनुसार इस चरण के अन्त्य वर्ण को गुरु होना चाहिए। इस लिए यहाँ उक्त वर्ण में गुरुत्व का विधान हुआ है।

इसका दूसरा पक्ष गुरुत्व की सार्वत्रिक प्रवृत्ति के निषेध से सम्बद्ध है। सभी वृत्तों में पादान्त लघु को गुरु नहीं माना जाता। यथा—

'वरूथिनीना रजसि प्रसर्पति समस्तमासीद्विनिमीलित जगत् ।'

(सेनाओं के चलने से धूल उड़ने पर सम्पूर्ण जगत् उसमें छिप गया)।

यह वंशस्थवृत्त है और इसके लक्षण के अनुसार इसके पादान्त में 'रगण' रहने से गुरु का प्रयोग होना चाहिए। परन्तु आचार्य वामन के अनुसार यहाँ 'पादान्तस्थ विकल्पेन' की प्रवृत्ति नहीं हो सकती। इस 'प्रसर्पति' का 'ति' लघु हो गया है। इसे हतवृत्त दोष कहेंगे।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वृत्तविशेष के पादान्त लघु का गुरुवत् प्रयोग होता है और कहीं प्रवृत्ति रहने पर भी इसका निषेध हो जाता है। इसे वृत्तदोष माना जाना चाहिए क्योंकि 'अपि माष मष कुर्याच्छन्दोभङ्ग न कारयेत्' ॥ ३ ॥

न पादान्तेति। प्रथम तावल्लघोर्गुरुत्व दर्शयति—यथेति। एवम्प्रायेष्विति।

श्रीतिप्पभूपालक मध्यलोकदेवेन्द्र वज्राददचन्द्रिकाभि'।
त्वद्बाहुराभाति हसन्निवाय प्रौढौ प्रदाने मणिपारिजातौ ॥

इत्यादिषु इन्द्रवज्रादिषु उपजातिभेदेष्वपि द्रष्टव्यम्। प्रतिषेधविषय प्रदर्शयति—न पुनरिति। तेन, वा पादान्त इत्यस्य व्यवस्थितविभाषा वेदितव्या ॥ ३ ॥

न गद्ये समासप्रायं वृत्तमन्यत्रोद्गतादिभ्य. संवादात् ॥४॥

गद्ये समासप्राय वृत्त न विधेयम्। शोभाभ्रंशात्। अन्यत्रोद्गतादिभ्यो विषमवृत्तेभ्यः सवादाद् गद्येनेति ॥ ४ ॥

